RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 37
नई दिल्ली, शुक्रवार, 11 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर




दीपिका की स्माइल अब एथेंस एअरपोर्ट पर
विविध-12



www.dailypioneer.com


# प्रस्ताव पर विचार करें किसान सरकार बातचीत के लिए तैयार

**केंद्र की अपील**

● कृषि मंत्री ने कहा- संशोधनों को कृषि कानूनों में शामिल करने की योजना बना रही सरकार, किसान नेता चर्चा की तिथि तय करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में पत्रकारों को वार्ता करते केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

**किसानों** को सरकार के प्रस्ताव के बारे में फिर से जानकारी देने और उनकी आशंकाओं को दूर करने की ताजा कोशिशों के तहत सरकार ने गुरुवार को उन्हें खुले मन से बातचीत के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे संशोधनों के प्रस्ताव पर गौर करे जिन्हें सरकार कृषि कानूनों में शामिल करने की योजना बना रही है।

किसानों ने एक दिन पहले ही सरकार की पेशकश को ठुकरा दी थी। यह पूछने पर कि क्या सरकार एमएसपी पर नए बिल पर विचार करेगी, तोमर ने कहा कि इसका नए कानूनों से कोई लेना देना नही है। तोमर ने कहा कि जब बातचीत जारी है तो ऐसे समय में अगले चरण के आंदोलन का ऐलान उचित नहीं है। किसानों से मुलाकात के बाद हमने अपना प्रस्ताव उन्हें दिया था, लिहाजा हम उनसे इस पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। यदि वे इन प्रस्तावों पर चर्चा करना चाहते हैं तो हम इसके लिए भी राजी हैं। कोई भी कानून पूरी तरह से खराब नहीं होता। मैं संगठनों से आग्रह करता हूं कि वे चर्चा के लिए कोई तिथि तय करें।

सरकार ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बनाये रखने के बारे में लिखित आश्वासन देने और नये कृषि कानूनों के कुछ प्रावधानों में संशोधन की पेशकश की है। तोमर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नये कृषि कानूनों में किसानों को जहां कहीं भी कोई आपत्ति है, हम खुले दिमाग से उस पर विचार करने के लिये तैयार है। हम किसानों की सभी शंकाओं को दूर करना चाहते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में तोमर के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम किसान नेताओं से सुझाव मिलने की प्रतीक्षा करते रहे ताकि उनकी चिंताओं का समाधान किया जा सके लेकिन वह कृषि कानूनों को वापस लेने पर अड़े हैं। पिछले करीब दो सप्ताह से किसानों का नये कृषि कानूनों को लेकर विरोध जारी है।

किसान राष्ट्रीय राजधानी की विभिन्न सीमाओं पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वह तीन नये कृषि कानूनों को वापस लिये जाने की मांग कर रहे हैं। तोमर ने कहा कि सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिये हर समय तैयार है और आगे भी तैयार रहेगी। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में कोविड-19 महामारी के बीच किसान प्रदर्शन कर रहे हैं इसको लेकर हम चिंतित हैं। किसान संगठनों को सरकार के प्रस्तावों पर जल्द से जल्द विचार कर लेना चाहिये जिसके बाद यदि जरूरत पड़ती है ( शेष पेज 9 )

## किसान टस से मस नहीं मांगे नहीं मानी तो रेल पटरियों पर देंगे धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केन्द्र** के नये कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने गुरुवार को कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे रेल पटरियां अवरुद्ध कर देंगे और इसे लेकर जल्द ही तारीख का ऐलान करेंगे। सिंघू बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत में किसान संघों ने कहा कि वे विरोध-प्रदर्शन को तेज करेंगे और राष्ट्रीय राजधानी की ओर जाने वाले सभी राजमार्गों को जाम करना शुरू करेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली में प्रवेश से रोके जाने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से किसान सिंघू बॉर्डर पर धरना दिए हुए हैं। बॉर्डर पर संवाददाता सम्मेलन में किसान नेता बूटा सिंह ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो हम रेल पटरियां अवरुद्ध करेंगे। हम इसकी तारीख तय कर जल्दी घोषणा करेंगे। एक अन्य किसान ( शेष पेज 9 )

# पश्चिम बंगाल में भाजपा अध्यक्ष नड्डा के काफिले पर हमला

● कई भाजपा नेता भी हुए घायल, गृहमंत्री अमित शाह ने मांगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



दक्षिण 24 परगना जिले में घायल भाजपा नेता विजय वर्गीय मरहम-पट्टी करवाते हुए

**पश्चिम** बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हमला किया। भगवा दल के नेताओं और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि डायमंड हार्बर में हुए इस हमले में वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय सहित कई लोग घायल हो गए। गृहमंत्री अमित शाह ने इस हमले पर चिंता जताई है और पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है।

नड्डा के काफिले पर गुरुवार सुबह उस समय हमला हुआ जब वह पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने डायमंड हार्बर जा रहे थे। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी उनके साथ थे। बुलेट प्रूफकार में सवार नड्डा को हालांकि कोई नुकसान नहीं पहुंचा। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के कथित कार्यकर्ताओं ने दक्षिण 24 परगना जिले में सिराकुल के पास सड़क को जाम कर दिया। उनमें से कुछ के हाथों में लाठी-डंडे, लोहे की छड़ें और पत्थर थे। पुलिस ने जब उन्हें हटाने की कोशिश की तो वे भाजपा और मीडिया के खिलाफ नारे लगाते हुए पुलिस से झगड़ने लगे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वहां से काफिले ने ( शेष पेज 9 )

## खुद पर हमले कराकर नाटक कर रहे भाजपा नेताः ममता बनर्जी

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जेपी नड्डा के काफिले पर हमले को भाजपा का नाटक करार दिया है। भाजपा की रैलियों की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री बनर्जी ने कोलकाता में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर दिन हथियारों के साथ आते हैं। वे खुद को थप्पड़ मार रहे हैं और इसका आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा रहे हैं। जरा स्थिति के बारे में सोचिए। वे बीएसएफ, सीआरपीएफ, सेना और सीआईएसएफ के साथ घूम रहे हैं। इसके ( शेष पेज 9 )

# आत्मनिर्भर भारत का गवाह होगा नया संसद भवनः मोदी

● प्रधानमंत्री ने भूमि पूजन कर नए संसद भवन की आधारशिला रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में नए संसद भवन के लिए भूमि पूजन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नए संसद भवन का शिलान्यास किया और इस अवसर को ऐतिहासिक और भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि पुराने संसद भवन ने स्वतंत्रता के बाद के भारत को दिशा दी तो नया भवन आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का गवाह बनेगा और 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं पूरी करेगा। नए संसद भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि नए संसद भवन का निर्माण समय और जरूरतों के अनुरूप परिवर्तन लाने का प्रयास है और आने वाली पीढ़ियां इसे देखकर गर्व करेंगी कि यह स्वतंत्र भारत में ( शेष पेज 9 )

## प्रजातंत्र को रौंद कर बनाई जा रही इमारत कैसी होगीः कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने संसद के नए भवन की आधारशिला रखे जाने के बाद, बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि प्रजातंत्र, संवैधानिक मर्यादा और भाईचारे को रौंद कर बनाई जा रही इमारत आखिरकार कैसी होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ट्वीट में कहा, मोदी जी, संसद पत्थर से बनी इमारत नहीं है। संसद प्रजातंत्र है, संसद संविधान की मर्यादाओं को मानना है, संसद आर्थिक और सामाजिक समानता है, संसद देश का भाईचारा और सद्भाव है, संसद 130 करोड़ भारतीयों की आशा है। उन्होंने सवाल किया, ज़रा सोचिए, इन सब को रौंद कर बनाई जा रही संसद की नई इमारत कैसी होगी? वहीं माकपा नेता सीताराम एचुरी ने ट्वीट के माध्यम से ( शेष पेज 9 )

# डिप्टी सीएम सिसोदिया के घर पर भाजपाइयों ने किया हमला

**आप का आरोप**

● पुलिस पर हमलावरों को न रोकने का आरोप लगाया, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**आम** आदमी पार्टी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अनुपस्थिति में उनके आवास और परिवार पर हमला किया। उन्होंने आवास का गेट क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप लगाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के डिप्टी सीएम के सचिव सी अरविंद द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

पुलिस ने गेट तोड़ने की बात से इनकार किया है। दिल्ली भाजपा ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण था। दरअसल, गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता नगर निगमों के महापौरों और नेताओं को मारने की कथित साजिश का आरोप लगाते हुए सिसोदिया के आवास के पास धरना देने पहुंचे थे। भाजपा का कहना है कि केजरीवाल सरकार से बकाया भुगतान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे महापौरों और नेताओं की हत्या की साजिश रची गई, जिसमें उपमुख्यमंत्री सिसोदिया समेत आप के दो नेता शामिल हैं।

आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के परिवार के ( शेष पेज 9 )

# संयम रखने व हालात को पेचीदा बनाने से बचना होगाः राजनाथ

**चीन पर निशाना**

● आसियान देशों को संबोधित किया रक्षा मंत्री ने, वर्चुअल सम्मेलन में चीनी समकक्ष भी थे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



वर्चुअल सम्मेलन में आसियान देशों के अपने समकक्षों को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**चीन** के आक्रामक सैन्य व्यवहार की ओर परोक्ष रूप से संकेत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि गतिविधियों को अंजाम देने में संयम बरतने और स्थिति को और पेचीदा बनाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने से क्षेत्र में लंबे समय तक शांति बनाये रखने में मदद मिल सकती है। सिंह आसियान के रक्षा मंत्रियों की ऑनलाइन बैठक 'एडीएमएम-प्लस' को संबोधित कर रहे थे। 'एडीएमएम-प्लस' आसियान देश और भारत,चीन समेत आठ संवाद भागीदारों का एक मंच है। इस ऑनलाइन बैठक में चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगही भी शामिल हुए।

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि आतंकवाद क्षेत्र और दुनिया के लिए अभी भी बड़ा समस्या बना हुआ है। पाकिस्तान से चलाई जा रही आतंकवादी गतिविधियों की ओर परोक्ष रूप से इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पालने-पोसने और समर्थन देने वाला ढांचा अभी तक मौजूद है और यह भारत के पड़ोस में भी है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से और मिलकर लड़ने के लिए कड़ी प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया। महत्वपूर्ण भू-रणनीतिक मुद्दों पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में सम्मान और सम्प्रभुता पर आधारित ( शेष पेज 9 )

# एनसीपी प्रमुख शरद पवार बन सकते हैं यूपीए के नए अध्यक्ष

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



**एनसीपी** प्रमुख शरद पवार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की जगह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। यूपीए के कुछ घटक दलों के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि पवार को कमान सौंपने के बारे में बातचीत हो चुकी है और इस प्रक्रिया को सोनिया गांधी और राहुल गांधी दोनों का समर्थन हासिल हो सकता है।

यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब हाल ही में हुए बिहार विधानसभा चुनाव और हैदराबाद नगर निगम चुनावों में कांग्रेस के दयनीय प्रदर्शन के बाद सोनिया और राहुल दोनों देश की सबसे पुरानी पार्टी के भीतर उठ रहे सवालों से दो-चार हो रहे हैं। अस्वस्थ होने के कारण सोनिया गांधी भाजपा के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय रूप से विपक्ष का नेतृत्व नहीं कर पा रही हैं। साथ ही कई विपक्षी दलों के नेताओं को राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार्य नहीं है। ऐसे में पवार विपक्षी खेमे के नेता बनकर उभर सकते हैं।

पवार के पास विपक्षी खेमे को पुनर्जीवित करने का चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, जिसमें कांग्रेस विफल रही है। दरअसल, बिहार में कांग्रेस के फ्लॉप शो के बाद राहुल मजाक का पात्र बन गए और विपक्षी नेताओं समेत भाजपा ने भी उनकी ( शेष पेज 9 )

# जेवर एयरपोर्ट पर फ्लाइंग क्लब बनेगा एक और आकर्षण

● छात्रों को कमर्शियल पायलट बनने का मिलेगा मौका

**रिंकू यादव।** नोएडा



कुछ ऐसा होगा जेवर एयरपोर्ट के बाहर का हिस्सा।

**उत्तर** प्रदेश को एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहतरीन करने में जुटी योगी सरकार अब प्रदेश में उड्डयन प्रशिक्षण को भी बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है। एशिया के सबसे बड़े जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइंग क्लब भी स्थापित किया जाएगा। जेवर एयरपोर्ट का मास्टर प्लान केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को जांच के लिए भेजा गया है। उसमें ट्रेनिंग सेंटर को भी शामिल किया गया है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश सरकार उड्डयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए सरकारी हवाई पट्टियों के इस्तेमाल की नीति में जल्द बदलाव करने जा रही है। जिसके बाद विभिन्न निजी फ्लाइंग क्लब सरकारी हवाई पट्टियों का इस्तेमाल पहले से कहीं अधिक सुविधाजनक ढंग से कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने नवीन नीति का प्रस्तुतिकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े तीन साल में एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से प्रदेश में अभूतपूर्व काम हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 7 फंक्शनल एयरपोर्ट हैं। एक उड़ान के लिये तैयार है, जबकि 12 अन्य एयरपोर्ट का विकास राज्य सरकार करवा रही है। इसके अतिरिक्त 8 हवाई पट्टियाँ भी हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने संसाधनों से इतनी संख्या में एयरपोर्ट विकसित करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। प्रदेश सरकार विमानन गतिविधियों ( शेष पेज 9 )

## टर्मिनल के डिजाइन के लिए कंपनी का चयन

**नोएडा।** एयरपोर्ट के निर्माण के लिए ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी ने जोरशोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। एयरपोर्ट का टर्मिनल बनाने के लिए दुनिया की नामचीन कंपनियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल ने एक कंसोर्टियम का चयन किया है, जिसमें नोर्डिक, ग्रिम्सशॉ, हैप्टिक और एसटीयूपी आर्कीटेक्ट्स के रूप में शामिल हैं। जिन्हें जून से अगस्त 2020 के बीच तीन चरणों की डिजाइन प्रतियोगिता के माध्यम से जेवर में दिल्ली-नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पैसेंजर टर्मिनल को डिजाइन करने के लिए चुना गया है। विजेता का चयन शॉर्टलिस्ट की गई तीन टीमों में से किया गया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 45,959 | ↓ | 143 | |
| निफ्टी | 13,478 | ↓ | 50 | |
| सोना | 48,652 | ↓ | 534 | /10g |
| चांदी | 62,711 | ↓ | 628 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कोविड-19 के 31,521 नए मामले, 412 और मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 31,521 नए मामले आने से बृहस्पतिवार को संक्रमितों की संख्या 97,67,371 हो गई। संक्रमण से 412 और लोगों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या 1,41,772 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक संक्रमण से अब तक 92,53,306 लोग ठीक हो चुके है जिससे ठीक होने की दर 94.74 प्रतिशत हो गई है। कोविड-19 के मामले में मृत्यु दर 1.45 प्रतिशत है। देश में लगातार चौथे दिन उपचाराधीन मरीजों की संख्या चार लाख से कम रही। देश में 3,72,293 मरीजों का उपचार चल रहा है। यह संक्रमण के कुल मामलों का 3.81 प्रतिशत है। देश में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख से ज्यादा हो गई थी।

# प्रदर्शनकारी किसानों का कोरोना टेस्ट से इनकार

## पुलिस ने किसानों को बांटे मास्क और सेनिटाइजर, फूल देकर किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर 14ए स्थित चिल्ला बॉर्डर पर पिछले कई दिनों से किसान आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में चिल्ला बॉर्डर पर किसान काफी भारी मात्रा में रोजाना एकत्रित हो रहे हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस को इस बात की चिंता भी सता रही है कि किसी एक को भी कोरोना वायरस हो गया तो चिल्ला बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में लोग इसकी चपेट में आ सकते हैं। इस समस्या को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने चिल्ला बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से कोरोना वायरस टेस्ट कराने की अपील की। लेकिन, किसानों ने कोरोना वायरस टेस्ट कराने से साफ इंकार कर दिया।

किसानों के कोरोना वायरस टेस्ट के लिए दिल्ली पुलिस ने चिल्ला बॉर्डर पर कोरोना वायरस टेस्ट शिविर का आयोजन किया था। यहां पर दिल्ली पुलिस द्वारा किसानों के लिए रैंडम टेस्टिंग किट की व्यवस्था की गई थी। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे किसानों से अपील की कि वह सभी लोग अपना कोरोना वायरस का टेस्ट अवश्य कराएं। लेकिन, किसानों ने कोरोना वायरस का टेस्ट कराने से साफ इनकार कर दिया। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह कम से कम बुजुर्ग किसानों का कोरोना वायरस का टेस्ट अवश्य करा लें। लेकिनए किसानों ने दिल्ली पुलिस की इस मांग को भी ठुकरा दिया।

दिल्ली पुलिस ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए चिल्ला बॉर्डर पर बैठे किसानों को मास्क और सैनिटाइजर का वितरण किया। इस दौरान किसानों द्वारा अब तक दिल्ली पुलिस का भरपूर सहयोग करने के लिए किसानों को फूल देकर भी सम्मानित किया। नोएडा पुलिस ने भी किसानों को अब तक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन और पुलिस का भरपूर सहयोग देने के लिए चिल्ला बॉर्डर पर बैठे किसानों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन भानु के प्रदेश महामंत्री बीसी प्रधान ने दिल्ली पुलिस से कहा कि किसानों की इम्यूनिटी काफी अच्छी है। जिसके चलते चिल्ला बॉर्डर पर बैठा कोई भी किसान कोरोना वायरस का टेस्ट नहीं कराएगा। पुलिस ने 40,700 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस को रोकने के लिए गौतमबुद्ध नगर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि बिना मास्क पहनकर चलने वाले 405 लोगों का बुधवार को पुलिस ने चालान किया है। इनसे 40,700 रुपए का शमन शुल्क के रूप में वसूला गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने जनपद के सभी नागरिकों से आह्वान किया है, कि अभी कोरोना वायरस का खतरा टला नहीं है। सभी नागरिक घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें, तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

उन्होंने कहा कि 2 गज की दूरी बनाए रखना अति आवश्यक है। ऐसा ना करने वालों के खिलाफ पुलिस दंडात्मक कार्रवाई कर रही है।


कोरोना जांच कराने के लिए किसानों को समझाते पुलिस अधिकारी।

### जमीयत के कार्यकर्ताओं को रोका, फल बांटने पहुंचे थे धरना स्थल

**गाजियाबाद।** जमीयत उलेमा के कार्यकर्ता गुरुवार को किसानों को समर्थन देने के लिए यूपी गेट पहुंचे। वे वहां धरनारत किसानों को फल बांटने के लिए पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। इससे कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच तकरार हुई। मुस्लिम लीग के कार्यकर्ता भी गुरुवार को किसानों को फल बांटने पहुंचे। उन्हें भी पुलिस ने रोक लिया। करीब पांच लोगों को पुलिस कौशांबी थाने ले आई। जमीयत के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी गाड़ी को जब्त कर लिया है जबकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोई भी गाड़ी को जब्त नहीं किया गया है। एक कार्यकर्ता को गाड़ी चलानी नहीं आती है, फिर भी वह गाड़ी चलाता हुआ पाया गया, जिस कारण उसे गाड़ी सहित थाने ले जाया गया।

## किसानों ने डाबर रोड को किया बंद, पुलिस ने खुलवाया



**गाजियाबाद।** केंद्रीय कृषि कानूनों की खिलाफ बृहस्पतिवार सुबह प्रदर्शन की कड़ी में यूपी गेट पर जुटे किसानों ने डाबर से आने वाले रोड को किसानों ने बंद कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उसे खुलवा दिया। हालांकि डाबर से यूपी गेट जाने वाले रास्ते को पुलिस ने आवागमन के लिए कई दिन से बंद किया हुआ था। डाबर से यूपी गेट जाने वाले तमाम वाहनों को वाया महाराजपुर बॉडर रवाना किया जा रहा है। सिंघु बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों के बीच मौजूद भारतीय किसान यूनियन के नेता मनजीत सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा किसानों के आंदोलन को कमजोर करने की है, लेकिन कई और किसान आंदोलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आ रहे हैं। हम दिल्ली के लोगों से हमारा समर्थन करने की अपील करते हैं। किसानों के धरना-प्रदर्शन से दिल्ली से यूपी और हरियाणा के दर्जनभर रास्ते सील हैं, जिससे लोगों को दिक्कत पेश आ रही है। दिल्ली से सटे टीकरी बॉर्डर, सिंघु बॉर्डर के साथ दिल्ली-यूपी गेट पर भी किसान डटे हुए हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं, जिस तरह से किसानों और केंद्र सरकार के बीच गतिरोध कायम है।

### ग्रेनो वेस्ट में प्राधिकरण ने अवैध होर्डिंग हटवाए

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। शहर में 130 मीटर एक्सप्रेस.वे और 60 मीटर रोड पर लगे अनगिनत अवैध होर्डिंग को गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम ने हटा दिया।

पिछले दिनों प्राधिकरण के अधिकारियों से फ्लैट खरीदारों की संस्था नेफोवा के पदाधिकारियों ने अवैध होर्डिंग हटाने की शिकायत की थी। नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि ग्रेनो वेस्ट के 130 मीटर एक्सप्रेस-वे और 60 मीटर रोड पर अनगिनत अवैध होर्डिंग लगे हुए हैं। होर्डिंग के कारण प्राधिकरण की आमदनी में कमी हो रही है। शिकायत प्राधिकरण के सीईओ और एसीईओ से की गई थी। कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण की टीम ने 60 मीटर रोड से अवैध होर्डिंग हटाए हैं। हालांकि, अभी 130 मीटर रोड पर कार्रवाई बाकी है।

## नोएडा प्राधिकरण ने बर्गर किंग पर लगाया एक लाख का जुर्माना

- सड़क पर फैला रखी थी गंदगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा विकास प्राधिकरण ने फास्ट फ ूड कम्पनी बर्गर किंग के नोएडा आउटलेट पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। नियमों का पालन नहीं करने पर सेक्टर.63 में स्थित मैसर्स बर्गर किंग पर नोएडा प्राधिकरण ने एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इनके यहां गीला और सूखा कूड़ा मिक्स मिला। सड़क पर गंदगी भी फैलाई हुई थी।

नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी इंदु प्रकाश और सहायक प्रबंधक गौरव बंसल के नेतृत्व में टीम ने सेक्टर-63 स्थित इस प्रतिष्ठान में जाकर जांच की। वहां कई अनियमितताएं मिली हैं। ओएसडी ने बताया कि म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट एक्ट.2016 के नियमों के तहत बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने परिसर के अंदर गीले और सूखे कूड़े का पृथक्ककरण करना होता है। गीले कूड़े की प्रोसेसिंग करना अनिवार्य है।

इसको लेकर लगातार शहर में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। गीले कूड़े के निस्तारण के लिए कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई जा रही थी। यहां का कूड़ा अनाधिकृत कबाड़ी को दिया जा रहा था।

इसके अलावा बाकी कूड़े को सड़क पर फेंककर गंदगी फैलाई जा रही थी। ओएसडी ने बताया कि बर्गर किंग पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी गई है। प्राधिकरण गंदगी फैलाने के मामले में सख्ती बरत रहा है।

## कल आएंगे सीएम, वीके सिंह ने लिया तैयारियों का जायजा

- रविवार को कैलास मानसरोवर भवन का करेंगे लोकार्पण


भवन का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री वीके सिंह व डीएम अजय शंकर पांडे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार की शाम को गाजियाबाद पहुंचेंगे और रविवार को इंदिरापुरम के कौशांबी में कैलाश मानसरोवर भवन का लोकार्पण करेंगे। गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री व स्थानीय सांसद वीके सिंह ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। साथ ही रविवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग, साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, डीएम अजय शंकर पांडेय और एसएसपी कलानिधि नैथानी भी मौजूद थे। जनरल वीके सिंह ने अधिकारियों एवं विधायकों के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को इस भवन का लोकार्पण करेंगे। करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से कैलास मानसरोवर भवन का निर्माण किया गया है। इंदिरापुरम के शक्ति खंड चार में करीब नौ हजार वर्गमीटर जमीन पर निर्मित भवन में सौ कमरे बनाए गए हैं। इनमें करीब 300 यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होगी। पिछले दिनों अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण कर काम जल्द पूरा करने के लिए कहा था।

## संक्षिप्त समाचार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी, जब्त कार

### रिपोर्टर से मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** समाचार एजेंसी के रिपोर्टर से मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने बोलेरो कार सहित गिरफ्तार किया है। पीड़ित रवि चौधरी एक समाचार एजेंसी के लिए कार्य करते हैं वह 7 दिसंबर को मेरठ से गंगनहर के रास्ते बाइक द्वारा दिल्ली जा रहे थे कि गंगनहर पर बोलेरो कार में बाइक की टक्कर हो गई। उन्हें चोटें भी लगी थी। उसके बावजूद गाड़ी में सवार चार युवकों ने उनके साथ मारपीट भी की थी। जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपित अंकित पुत्र सोहनवीर निवासी फलावदा व निक्की पुत्र मवाना मेरठ को गिरफ्तार कर लिया है।

### गोल मार्केट की पैठ में लहराई पिस्टल, मची भगदड़

**गाजियाबाद।** आयुध निर्माणी फैक्ट्री परिसर में स्थित गोल मार्किट की पैठ में फैक्ट्री के दो सुरक्षा गार्डों जमकर लाठी डंडे चले। एक सुरक्षा गार्डो ने पिस्टल निकाल कर तान दी। आयुध निर्माणी फैक्ट्री के सुरक्षा कर्मियों व पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो सुरक्षा गार्डो को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि दोनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। आयुध निर्माणी फैक्ट्री स्थित गोल मार्किट की पैठ में सुरक्षा विभाग के दो सुरक्षा गार्ड विपिन व श्याम सुंदर मीणा में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों में गाली-गलौच शुरू हो गई है। देखते. देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में लाठी. डंडे चल गए।

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 44 स्थित एक पीजी में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। इस बीच, थाना रबूपुरा क्षेत्र के खेड़ी भाव गांव के पास बुधवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में मिला। सेक्टर 39 के थाना प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि सेक्टर 44 के बी- ब्लॉक स्थित एक पीजी में रहने वाले शुभम जैन की बुधवार रात संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि जैन और उसका दोस्त शशांक गुप्ता बुधवार रात पीजी में सोए थे। गुप्ता ने जैन को सुबह जगाया, तो वह नहीं उठा। इसके बाद जैन को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान गुप्ता ने बताया कि जैन ने पीजी में बुधवार रात करीब तीन बजे तक शराब पी थी।

### मोहित नागर को मिलेगा इंडियन ग्लोरी बुक ऑफ रिकॉर्ड

**गाजियाबाद।** शिक्षाविद व समाजसेवी मोहित नागर को लगातार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए इण्डियन ग्लौरी बुक ऑफ रिकार्ड से सम्मानित किया जायेगा। नागर लगातार पिछले सात वर्षो से गाजियाबाद के लोहामंडी की झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंद लोगों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर कार्य कर रहे हैं। उनके बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना व फ्री कोचिंग क्लास देनी, उनके लिए किताब, कॉपी व कपड़े सभी की व्यवस्था व स्वयं बिना किसी सरकारी व गैर सरकारी सहयोग के अपने खर्चे से करते हैं। उनका कोई एनजीओ भी नही हैं। श्री नागर ने बताया की उन्हें शिक्षा के लिए कार्य करना बहुत अच्छा लगता हैं, जो वो लगातार करते रहेगें। देश तभी तरक्की करेगा जब लोग शिक्षित होंगे।

## बिल्डरों से 1.80 करोड़ रुपए की वसूली

- डीएम ने कहा- कार्रवाई जारी रहेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में सदर तहसील के अफसरों ने फ्लैट खरीदारों का पैसा हड़प कर बैठे डिफाल्टर बिल्डरों से वसूली की है।

जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक राजस्व विभाग ने 1.80 करोड़ रुपए की वसूली की है। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के रिकवरी सर्टिफिकेट के आधार पर वह पैसा वसूला गया है। दूसरी ओर प्रॉपर्टी खरीददारों के मुकदमों में यूपी रेरा के आदेश पर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से भी वसूली की गई है।



गौतम बुध नगर के एसडीएम सदर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि डीएम सुहास एलवाई के नेतृत्व में बकाया वसूली को लेकर जिले एक बड़ा अभियान चल रहा है। यूपी रेरा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एक करोड़ 80 लाख, 33 हजार और 88 रुपए की वसूली की गई है।

उन्होंने बताया कि मैसर्स अधीम डवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 51 लाख रुपए, मैसर्स अंसल हाईटेक टाउनशिप से यूपी रेरा के आदेश पर 40 लाख, 8 हजार रुपए, मैसर्स ग्रीनवे इन्फ्रास्ट्रक्चर से 17 लाख, 84 हजार 236 रुपए आदि से वसूली की गई।

### शराब तस्करी के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

**नोएडा।** शराब तस्करी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हरियाणा मार्का अवैध शराब बरामद की गई।

सेक्टर-39 थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके पास से हरियाणा मार्का शराब तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की। इस बीच, सेक्टर 20 थाना पुलिस ने शराब तस्करी के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पांच पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की। पुलिस आयुक्त के प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 39 पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह सेक्टर-107 के पास से अमित बसराम को गिरफ्तार किया है।

## फिल्म सिटी: डीपीआर बनाने वाली कंपनी का आज हो सकता है चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-21 में प्रस्तावि फिल्म सिटी के लिए डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने वाली कंपनी का चुनाव शुक्रवार को हो सकता है।

परियोजना के लिए प्रस्ताव देने वाली चारों कंपनियों के साथ प्राधिकरण कार्यालय में शुक्रवार को बैठक होगी। बैठक के बाद फाइनेंशल बिड भी खोलने की योजना है। उधर फिल्म सिटी के लिए सलाहकार चुनने की भी तैयारी तेज हो गई है। उल्लेखनीय है कि यीडा सिटी के सेक्टर-21 में एक हजार एकड़ जमीन पर बसाई जाने वाली फिल्म सिटी की डीपीआर तैयार कराने के लिए चार कंपनियां आगे आई हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक आज को चारों कंपनियों एनडीएस आर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, सीपी कुकरेजा आर्टिटेक्ट, सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड और ईजीआईएस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड को बैठक में बुलाया गया है।

### काटे गए पेड़ों से जा टकराई कार व बाइक, कई घायल

**गाजियाबाद।** बिजली विभाग की लापरवाही से कार व बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई । जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

कार सवार कार को छोड़ फरार हो गए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विकास यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सुराना-रावली मार्ग के समीप गांव काकडा के बिजली घर के निकट बिजली लाइन के नीचे आ रहे पेड़ों की कटाई कर उन्हें सड़क पर छोड़ दिया। जिसमें बाइक पर जा रहा युवक घायल हो गए तथा एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

## गाजियाबाद मेयर ने किया लोहा मंडी के विकास कार्यों का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मेयर आशा शर्मा ने नालों के निर्माण कार्य के शुभारंभ का उद्घाटन किया। इस मौके पर मण्डल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने आशा शर्मा का शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट करके स्वागत किया।

महापौर आशा शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान मेयर ने नवनिर्वाचित अतुल कुमार जैन पैनल की कार्यकारिणी को बधाई देते हुए आश्वस्त किया कि लोहा मंडी को अच्छा बनाने के लिए सारे प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद राजकुमार नागर के अलावा पदाधिकारी सुबोध गुप्ता, अमरीश जैन, इंद्र मोहन कुमार, राजकुमार अग्रवाल, राजीव मंगल, अनुराग अग्रवाल, जय कुमार गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल, सुशील जैन, अविनाश चंद्र, प्रदीप बंसल, वीरेश मित्तल, विनीत अग्रवाल, गौरव मिगलानी, अचल गुप्ता, सुधीर कौशिक और मुकेश कुमार के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में लोहा व्यापारी स्टाफ और मजदूर उपस्थित रहे।


नारियल फोड़कर विकास कार्य का उद्घाटन करती मेयर आशा शर्मा।

### एफआईआर वापस कराने के लिए सपाइयों ने दिया ज्ञापन

**हापुड़।** किसानों के समर्थन में हापुड में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हापुड तेजपाल प्रमुख के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया था।

सपाइयों पर दर्ज की गई एफआईआर को वापिस कराने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि पार्टी कार्यकर्ता किसान बिल के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से धौलाना से हापुड़ तक ट्रैक्टरों पर किसान यात्रा निकाल रहे थे परन्तु राज्य सरकार के इशारे पर सपाइयों के खिलाफ महामारी फैलाने तथा धारा 144 में केस दर्ज किया गया।

## सभी के स्वाद चढ़ी मुरादनगर के गुड़ की मिठास

### प्राकृतिक ढंग से बनाने के कारण उपभाक्ताओं की पसंद बनी, लोगों को भी मिला रोजगार

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद

मुरादनगर इलाके का बना गुड गाजियाबाद ही नहीं बल्कि देश के लोगो में मिठास का जादू सिर चढ़कर बोल रहा हैं। यही कारण है कि एक जमाने में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुजफफरनगर जनपद का बना गुड़ देश के कोने में पसंद किया जाता था, लेकिन मुरादनगर की गुड मंडी ने मुजफफरनगर की मंडी का काफी बड़ा कारोबार समेट दिया है।

यहां के गुड़ की मांग इतनी ज्यादा है कि कई हफ्ते पहले आये आर्डर भी पूरे नहीं होते। गुड़ की मांग बढने का सबसे बड़ा कारण यहां के गुड़ के निर्माण में किसी भी प्रकार का कैमिकल या मसाला प्रयोग नही किया जाता है। निर्माता किसान राजेश का कहना है कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में क्रेशर कोल्हू लगे हुए हैं। जिन पर संचालक किसानों से सीधे गन्ना खरीद उससे गुड़ बना रहे हैं, और वह गुड़ भी हाथों हाथ नहीं बनने से पहले ही बिक जाता है। मुरादनगर के गुड़ की मिठास इतनी पसंद आई है कि अब सब की पहली पसंद मुरादनगर का गुड बन गया है। यहां डाकरा जमीन है, जो गन्ने की खेती के लिए बहुत उपयोगी होती है। इसी कारण जहां गन्ने में मिठास ज्यादा है वहीं गन्ने के रस से बनने वाले गुड में चीनी की तरह कण पैदा हो जाते है। इसलिए इसे कणदार गुड़ कहा जाता है। क्षेत्र में पैदा होने वाला गन्ना अच्छी किस्म का है। यहां का पानी भी उसके लिए मुफीद है।



कोल्हू क्रेशर संचालक भी शायद समझ गए हैं कि उत्पाद बेचने के लिए उसकी गुणवत्ता भी अच्छी होनी चाहिए। इसलिए वह भी लोगों की पसंद का ख्याल रखते हुए ऐसा गुड़ बनाते हैं। जैसा कि लोग ग्रामीण क्षेत्र से मंगाना पसंद करते हैं। यही कारण है कि मुरादनगर के का जादू बहुत दूर तक चल रहा है इससे किसान को यह लाभ है कि उसका कुछ गन्ना नगद बिक जाता है।

## महिला ने प्रेमी संग खुद के घर में की चोरी, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पुलिस ने मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित गांव सुराना में एक किसान के घर में लाखों की चोरी का खुलासा करने का दावा किया है। दरअसल पीड़ित परिवार को चोरो ने नशीला पदार्थ सूंघा कर इस सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने पीड़ित के पुत्र की पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे सोने चांदी के लाखों की कीमत के जेवर भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव सुराना निवासी ब्रहम सिंह के घर से 5 दिसंबर की रात्रि में घर की छत से जीने के दरवाजे खोलकर चोरों ने लाखों व सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया था। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़ित के पुत्र की पत्नी ने अपने प्रेमी रोहित के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था।



आरोपितों ने योजना बना कर परिवार को चाय में नींद की गोलियां मिलाकर पिला दी थी, तथा घर में रखे सारे जेवर अपने प्रेमी को दें दिए। पुलिस ने रोहित व महिला को गिरफ्तार कर माल बरामद कर ली है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# वैक्सीन के लिए दो लाख लोगों का पंजीकरण

## कोरोना योद्धा, बूढ़े और बच्चों को टीका लगाना सरकार की प्राथमिकता: सतेंद्र जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फोटो: रंजन डिमरी

कोरोना वायरस के संक्रमण से निजात दिलाने के लिए दिल्ली सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी है। कोविड वैक्सीन के लिए 2 लाख से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि वैक्सीन के पहले फेज में स्वास्थ्य कर्मी और फ्रंट लाइन योद्धाओं को वैक्सीन मुहैया कराना सरकार की प्राथमिकता है। उसके बाद बुजुर्ग और बच्चों को वैक्सीन दी जाएगी। फिर पूरे दिल्ली के लोगों को लगाई जाएगी। पूरी आबादी को टीका करने में दिल्ली सरकार पूरी तरह सक्षम है। वैक्सीन को रखने का इंतजाम कर लिया गया हैं। सभी को वैक्सीन के आने का इंतजार है।

सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 2463 नए मामले सामने आए और पॉजिटिविटी दर 3.42 रही। पिछले 7 दिनों से यह 5 फीसदी से कम है। आने वाले दिनों में इसमें और कमी आने की संभावना है। गत 7 नवंबर को पॉजिटिविटी रेट 15.26 प्रतिशत थी।

आरटी-पीसीआर टेस्ट की पॉजिटिविट दर में भी काफी कमी आई है। पहले आरटी-पीसीआर टेस्ट की पॉजिटिविटी दर 30 प्रतिशत तक हो गई थी जो अब घट कर 6 से 6.5 फीसदी तक आ गई है। जैन ने दावा किया कि 7 नवंबर के बाद कोरोना के मामले लगातार कम आ रहे है और यह कमी लगभग 80 प्रतिशत तक की है। कोरोना मरीजों के लिए 18,800 बेड हैं। इसमें से 13 हजार बेड अभी खली हैं, जो देश में किसी भी राज्य से सबसे ज्यादा है।

उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, मामले घट रहे हैं और एक दिन में मौत की संख्या भी पिछले 40 दिनों में सबसे कम है। स्थिति सुधरी है और हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि इस महामारी की तीसरी लहर उतार पर है। कोविड-19 टीकाकरण के बारे में उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य कर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे के कर्मियों को टीका दिया जाएगा, उसके बाद बुजुर्गों एवं फिर अन्य को। जैन ने कहा, यदि हमारे पास टीका की उपलब्धता हो।

### कोरोना गाइडलाइन का करें पालन, मास्क लगाएं : स्वास्थ्य मंत्री

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिल्ली में कोरोना की तीसरी लहर अब कमजोर हो चुकी है। यह जल्द ही खत्म होने वाली है। हालांकि अभी भी लोगों को सावधानी और संयम रखना होगा। ईमानदारी से कोविड-19 महामारी की गाइडलाइन का पालन करना होगा। उन्होंने लोगों से घर से बाहर निकलने पर मास्क जरूर लगाने का अनुरोध किया है। संक्रमण से मरने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी का जवाब देते हुए जैन ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर के कारण करने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। कोरना के साथ प्रदूषण के खतरनाक स्तर ने कोरोना मरीजों पर दोहरा हमला किया था। अभी भी बहुत से लोग अस्पतालों में भर्ती हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे हालात काबू में आ रहे हैं। अब नए मामलों में भी कमी आई है, तो मृत्यु दर में भी धीरे-धीरे गिरावट आ रही है।*



### गुरुवार को आए 1575 नए मामले

पिछले 24 घंटे में दिल्ली में कोरोना वायरस के 1575 नए केस सामने आए हैं इसके साथ ही मरीजों का कुल आंकड़ा 6 लाख 1 हजार 150 पहुंच गया है. दिल्ली में 24 घंटे में 61 मरीजों की मौत हुई है और राजधानी में मौत का कुल आंकड़ा 9874 पहुंच गया है. इसके साथ ही 24 घंटे में 3307 मरीज ठीक हुए, इसके साथ ही ठीक होने वाले मरीजों का कुल आंकड़ा 5,72,523 हो गया है. पिछले 24 घंटे 64,069 टेस्ट में हुए , टेस्ट का कुल आंकड़ा 70,05,476 (29,441 आरटीपीसीआ टेस्ट और 34,628 एंटीजन टेस्ट) सक्रिय मरीजों की संख्या 18,753 और कोरोना डेथ रेट- 1.64 फीसदी है। होम आइसोलेशन में मरीज- 11,541 (7 सितम्बर के बाद से सबसे कम। वहीं कंटेंमेंट जोन्स की संख्या अब 6430 है। कोरोना की बढ़ती रफ्तार पर ब्रेक लगने से राजधानी के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# किसान प्रदर्शन: दिल्ली पुलिस ने लोगों को बंद रास्तों से बचने की दी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केन्द्र के नए कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसान आंदोलन के बीच दिल्ली यातायात पुलिस ने बृहस्पतिवार को लोगों को बंद रास्तों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने लोगों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक रास्तों पर चलने की सलाह दी।

यातायात पुलिस ने ट्वीट करके कहा कि टिकरी और ढांसा बॉर्डर यातायात के लिए अब भी बंद हैं, वहीं झटीकरा बॉर्डर हल्के वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए खुला है। हरियाणा जाने के लिए झाडौदा, धौराला, कापसहेड़ा, बडूसराय, रजोकरी एनएच-8,बिजवासना बजघेड़ा, पालम विहार और डुंडाहेडा बॉर्डर का इस्तेमाल किया जा सकता है। डायवर्जन की वजह से वैकल्पिक मार्गो पर वाहनों का दबाव ज्याद है।


फोटो : रंजन डिमरी

# आंदोलनकारी सिख किसानों ने संभाली लंगर की व्यवस्था

**संजय राय।** नई दिल्ली

नए कृषि कानूनों को वापस लिए जाने की मांग पर अड़े किसानों का आंदोलन 15वें दिन भी जारी रहा। दिल्ली से सटी सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसान अभी भी डटे हुए हैं। विरोध में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से किसान दिल्ली की सीमाओं पर आए हुए हैं।

पहले किसानों के भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी। लेकिन अब लंगर व्यवस्था धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। आज आलम यह है कि कई हजार किसान लंगर का लाभ उठा रहे हैं। इसकी व्यवस्था का दायित्व सिख किसानों ने संभाला हुआ है। सीमाओं पर दरी पर बिठाकर भोजन परोसा जाता है। पानी भी दिया जाता है और पूरा वातावरण वाहेगुरु-वाहेगुरु की आवाज से गूंज उठता है।आसपास के युवक और बच्चे करते हैं किसानों की सेवाप्रदर्शन कर रहे किसानों तक मदद पहुंचाने के लिए कई इलाकों और हरियाणा-पंजाब से यहां पहुंचे युवक दिनभर यहां चलने वाले लंगर में सेवा के लिए मौजूद रहते हैं। वे धरना दे रहे किसानों तक खाने पीने का सामान पहुंचाते हैं।

बड़ी तादाद में छोटे-छोटे बच्चे भी इन कामों को करते रहते है। रोजाना बड़ी तादाद में बच्चे अपने माता-पिता के साथ वहां पहुंचते हैं और लोगों की सेवा करते हैं। कई युवक किसानों तक चाय, पीने के लिए पानी और फल पहुंचाने का काम करते हैं, जिससे कि लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े है। लोगों की तादाद को देखते हुए यहां पर भंडारा के लिए बड़े स्तर पर खाना बनाया जाता है। कई जगहों पर रोटी बनाने वाली मशीन भी लगाई गई हैं। खाना बनाने के लिए और खाना परोसने के लिए लोगों की कमी नहीं हो। सेवा भाव से युवक यहां पर लोगों की मदद कर रहे हैं। वे कई जगह सफाई करते हुए भी दिखाई देते हैं।

# एमसीडी में 11 तरीके के टैक्स बढ़ाकर दिया धोखा: भाजपा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप ने टैक्स वसूलने के मुद्दे पर भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम को घेरा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि वर्ष 2017 में एमसीडी चुनाव के घोषणा पत्र में कोई भी नया टैक्स नहीं लगाने का वादा करने वाली भगवा पार्टी ने तीनों एमसीडी में 11 प्रकार के टैक्स में बढ़ा करर कोविड-19 महामारी से जूझ रहे दिल्ली वालों के साथ धोखा किया है।

तीनों ही एमसीडी ने संपत्ति, व्यावासायिक, रिहायशी आवास, ट्रेड लाइसेंस, फैक्ट्री लाइसेंस, हेल्थ लाइसेंस समेत 11 प्रकार के कर बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है। वहीं केजरीवाल सरकार ने पिछले 6 सालों में बिना टैक्स बढ़ाए अपने बजट को दोगुना कर दिया जबकि एमसीडी ने मनमाना टैक्स बढ़ाकर दिल्ली वालों की कमर तोड़ रही है। आम आदमी पार्टी टैक्स वृद्धि का विरोध करती है। पार्टी लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक करेगी और एक जन आंदोलन करेगी।

दुर्गेश पाठक ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर किसी राज्य की कार्य संचालन की गुणवत्ता की जांच करनी है, तो उसका आधार होता है उस राज्य की टैक्स प्रणाली। उस राज्य में किस स्तर पर टैक्स वसूला जा रहा है, क्या टैक्स की राशि बढ़ाई जा रही है या घटाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 6 साल से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है इस दौरान एक भी टैक्स में बढ़ोतरी नहीं की है बल्कि कई प्रकार के टैक्स में कटौती की है और कटौती करने के बावजूद भी दिल्ली का बजट दोगुना करके दिखाया। पिछले 3 दिन में उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी और पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी किए गए बजट का हवाला देते हुए दुर्गेश ने कहा कि नगर निगम ने दिल्ली वालों पर पर नए-नए प्रकार के टैक्स की बरसात कर दी है।

थोपे गए नए टैक्स की सूची मीडिया के साथ साझा करते हुए पाठक ने कहा कि अब दिल्ली में रहने वाले हर पेशेवर व्यक्ति को प्रोफेशनल टैक्स देना होगा। अब सुधार टैक्स देना होगा, संपत्ति खरीदने या बेचने पर अतिरिक्त प्रॉपर्टी ट्रांसफर कर देना होगा।

# दिल्ली महिला आयोग की टीम पर हमला

- बिना तलाक दिए दूसरा विवाह कर रहा था व्यक्ति, वैन का कांच तोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




विजय विहार में दिल्ली महिला आयोग की टीम पर हमला किया गया है। तलाक के बिना दूसरी शादी कर रहे एक व्यक्ति की शादी रुकवाने के लिए आयोग की टीम दिल्ली पुलिस के साथ मौके पर पहुंची थी जहां लड़के और उसके परिवार वालों ने आयोग की टीम पर हमला करने की कोशिश की। इस वारदात में वैन का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। आयोग का आरोप है कि इस कार्रवाई के लिए पहुंचे सदस्यों का बैग और फोन छीन लिया गया।

दिल्ली महिला आयोग के अनुसार आयोग की 181 हेल्पलाइन चौबीसों घंटे चलती है जिसके जरिए महिलाएं मदद की गुहार लगाती हैं।

सोमवार देर रात आयोग की हेल्पलाइन पर एक महिला की शिकायत मिली जिसमें लड़की ने फोन करके बताया कि उसका पति पश्चिम विहार में उसे बिना तलाक दिए दूसरा विवाह कर रहा है। इस शिकायत पर आयोग की टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। आयोग और पुलिस ने मिलकर शादी रोकवाया। जिसके बाद लड़का और उसका परिवार नाराज हो गया और उन्होंने टीम पर हमला कर दिया। टीम के लोग वहां से जान बचाकर भागे लेकिन इस बीच लड़के के रिश्तेदारों ने आयोग की काउंसलर पर हमला करने की कोशिश की।

दिल्ली महिला आयोग की वैन का कांच तोड़ दिया और काउंसलर का बैग एवं फोन छीन लिया। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा उनकी टीम की लड़कियां दिल्ली की दबंग हैं। वे पीड़ित महिलाओं को मदद पहुंचाती हैं। एक शिकायत पर मदद के लिए पहुंची आयोग टीम पर जानलेवा हमला हुआ। काउंसलर का फोन और बैग छीन लिया गया। वह मामले में पुलिस को नोटिस भेज रही है।

# राजधानी में अगले दो दिन में हो सकती है बारिश: आईएमडी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हिमालय के क्षेत्र से ताजा पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने की वजह से राष्ट्रीय राजधानी और इसके पड़ोसी शहरों में अगले दो दिन में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ताजा बर्फबारी हुई।

पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बर्फ से ढके हिमालय से बर्फीली उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से मैदानी इलाकों में तापमान में गिरावट आएगी। आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान सोमवार तक गिरकर आठ डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

शहर में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। अगले दो दिन में हल्की बारिश और हवा की गति तेज रहने के पूर्वानुमान के बाद इसमें सुधार की संभावना है। वहीं राजधानी के लोगों का प्रदूषण से भी राहत मिल सकती है।

# 'मेट्रो समेत 8 एजेंसियां धूल नियंत्रित करने को नहीं उठा रही कदम'

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने कहा है कि दिल्ली मेट्रो और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग समेत आठ संस्थाओं ने दिल्ली-एनसीआर में अपने निर्माण स्थलों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए उचित उपाय नहीं किए।

बोर्ड ने इन एजेंसियों के प्रमुखों से धूल प्रदूषण नियंत्रण के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। सीपीसीबी के सदस्य सचिव प्रशांत गार्गव ने इन एजेंसियों को लिखे पत्र में कहा, धूल को नियंत्रित करने के लिए एनएचएआई, डीडीए, डीएसआईआईडीसी, एमटीएनएल, पीडब्ल्यूडी, डीजेबी, सीपीडब्ल्यूडी और डीएमआरसी ने अपने निर्माण स्थलों पर उचित कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थलों और अन्य स्रोतों से निकलने वाली धूल से दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है।

सीपीसीबी ने एजेंसियों के प्रमुखों से व्यक्तिगत स्तर पर इस मुद्दे पर ध्यान देने और धूल को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने को कहा है। बोर्ड ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण जुर्माना लगाने और निर्माण रोकने समेत अन्य कार्वाई की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली, नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वाणु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है और बृहस्पतिवार को एनसीआर में ग्रेटर नोएडा में वायु गुणवत्ता सबसे खराब पाई गई। इस मामले में गाजियाबाद दूसरे नंबर पर तथा फरीदाबाद तीसरे नंबर पर रहा। एनसीआर में बृहस्पतिवार को बुधवार की अपेक्षा प्रदूषण का स्तर मामूली रूप से कम हुआ है। प्रदूषण सूचकांक ऐप समीर के अनुसार, बृहस्पतिवार को गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 341, बुलंदशहर में 384, दिल्ली में 299, नोएडा में 332, हापुड़ में 130 और मेरठ में 266 दर्ज किया गया। सूचकांक के मुताबिक, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि वायु प्रदूषण फैलाने वाले तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ प्रदूषण विभाग कार्वाई कर रहा है।

### विटामिन-ए कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**गाजियाबाद।** विटामिन-ए कार्यक्रम के तहत चिकित्सकों ने कलक्ट्रेट सभा में बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में जिले के सरकारी डाक्टरों ने हिस्सा लिया। चिकित्सकों ने कहा कि स्वस्थ बचपन आजीवन स्वास्थ्य का आधार है। अच्छा स्वास्थ्य, समाज और व्यक्ति के जीवन को सुखी व समर्थ बनाते हुए राष्ट्र को विकसित व समृद्ध बनाता है। टीकाकरण से न्यूमोनिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों से होने वाली शिशु मृत्यु दर को रोकने में सफलता मिलेगी। टीकाकरण बच्चों के भविष्य व जीवन को सुरक्षित करने का सबसे कारगर तरीका है। कोविड-19 के संक्रमण काल में विटामिन-ए की खुराक लाभकारी है। तीनों शिशु, बाल व किशोर स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से प्रदेश के बच्चों तथा किशोर-किशोरियों को स्वस्थ, सुरक्षित और सफल जीवन उपलब्ध कराने का प्रयास है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों के माध्यम से देश के बचपन को बचाने व स्वस्थ बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। चिकित्सकों ने कहा कि प्रारम्भ किये जाने वाले शिशु, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य अभियानों में सभी अपनी-अपनी भागीदारी निभाएं। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो। यह पावन कार्य राष्ट्र, व्यक्ति और समाज के हित का कार्य है।

### कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाने की कवायद शुरू

**गाजियाबाद।** आवारा कुत्तों को कड़ाके की ठंड और गर्मी की तपीश से बचाने के लिए नगर निगम बहुत जल्द उनके लिए एक घरौंदा बनाने जा रहा है। इस संबंध में नगर निगम बोर्ड ने भी अपनी अनुमति दे दी है। नगर निगम ने आवार कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाने के लिए जमीन भी तलाश करनी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि हिन्डन नदी तट स्थित नन्दी पार्क में यह आश्रय स्थल बनाया जा सकता है। इसके अलावा शहर के कुछ अन्य स्थलो पर भी यह आश्रय स्थल बनाया जा सकता है इसके लिए नगर निगम के पशु कल्याण विभाग ने कवायद तेज कर दी है। बेजुबानों के प्रति नगर निगम प्रशासन का हमेशा सकारात्मक रोल रहा है। नन्दी पार्क में इस समय प्रदेश की सबसे बड़ी गौशाला संचालित है। पशु कल्याण अधिकारी डा. अनुजसिंह कहते है कि जैसे ही आवारा कुत्तो के लिए आश्रय स्थल हेतु टेन्डर छोडने की कार्रवाई हो जायेगी वैसे ही कुत्तो के आश्रय स्थल निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। अभी तक कुछ एनजीओ कुत्तों की देखभाल के लिए काम कर रही थी लेकिन इन संस्थाओं की भूमिका को लेकर नगर निगम के पार्षद संतुष्ट नही है।

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ए-11, सैक्टर-24, नोएडा-201301
फोन.: 0120-2412294, 2412445, फैक्स: 0120-2412397
एन एफ एल NFL

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एनएफएल/सीओ/परि./सी/भोपाल/ईएक्सईसी-2018-आर एंड सी दिनांक: 11.12.2020

"क्षेत्रीय विपणन कार्यालय भोपाल के नवीनीकरण" के लिए इच्छुक पात्र पार्टियों जिसका इस क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव हो से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 11.01.2021 अपराह्न 3.30 बजे तक है।

अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट www.nationalfertilizers.com या www.eprocure.gov.in देखें। कोई भी शुद्धि-पत्र/परिशिष्ट होगा तो केवल हमारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

महाप्रबंधक (परियोजना)

एन.एफ.एल.: किसानों का मित्र, राष्ट्र का गौरव

# कल को सुरक्षित, आज को गरिमामय बनाएगा 'कला कुंज'

- डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सांस्कृतिक केंद्र भवन का किया शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कल को सुरक्षित आज को गरिमामय बनाएगा कला कुंज। इसमें ऑडियो विजुअल सुविधाओं समेत 5 सौ क्षमता वाला अत्याधुनिक सभागार बनाया जाएगा। इसके अलावा अभिलेखागार, कला प्रदर्शनी, पुस्तकालय, कैफे जैसी सुविधाएं होंगी। यह दिल्ली के नागरिकों के लिए सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र होगा।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में कला कुंज का गुरवार को शिलान्यास किया। मनीष सिसोदिया ने कहा कि कला कुंज अभिलेखों के रूप में हमारी विरासत का संरक्षण करना जरूरी है। यह भावी पीढ़ियों के लिए धरोहर है और सांस्कृतिक गतिविधियां उन्हें अपने देश की संस्कृति से जोड़े रखती हैं। देश की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने की दिशा में अभिलेखागार का उपभवन काफी उपयोगी होगा। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने अभिलेखों के संरक्षण पर आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का भी उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कुछ सरकारी कार्यालयों में पुराने दस्तावेजों के बंडल बेहद खराब स्थिति में रखे मिलते हैं जबकि कुछ कार्यालयों में काफी अच्छी तरह सहेजकर रखा जाता है। कुछ रचनात्मक अफसरों की पेशेवर कला के कारण यह संभव होता है। उस कला को व्यवसायिक तरीके से भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए दिल्ली अभिलेखागार में हर तीन महीने पर 60 युवाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।सिसोदिया ने कहा कि इतिहास या तो विजेता की कलम से लिखा जाता है, या फिर कागज की कोख से। विजेता की कलम से लिखा गया इतिहास मनमाना होता है जबकि कागज की कोख से निकला इतिहास सच होता है। इसलिए यह निर्माणाधीन इमारत कल, आज और कल के लिए महत्वपूर्ण होगी। इसमें उन तमाम दस्तावेजों को सहेजकर रखा जाएगा, जिनके जरिए हजारों साल बाद भी आज का सच्चा इतिहास लिखना संभव हो। लगभग 50 करोड़ की इस परियोजना का के निर्माण कार्य दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम करेगा। इसे दो साल में पूरे करने का लक्ष्य है।

दिल्ली अभिलेखागार विभाग की स्थापना सन् 1972 में हुई थी। वर्तमान कार्यालय में यह विभाग सन् 1986 से कार्यरत है। अभिलेखों के लगातार विस्तार के कारण एक अतिरिक्त उपभवन का प्रस्ताव वर्ष 2013 से विचाराधीन था।


कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में कला कुंज का शिलान्यास करते उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

केएमपी-केजीपी चौक पर नौ दिन से बैठे हुए हैं धरने पर किसान

# नेशनल हाईवे-19 जाम कर, किसानों का आंदोलन रहा जारी

### मेघा पाटेकर, गुरुनाम चढ़ूनी और हरपाल सिंह बोले, अंबानी-अडानी अनाज गोदामों में भरकर बेचेंगे महंगी कीमतों पर

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**कृषि** संबंधी बनाए गए तीन कानूनों को वापस लेने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर केएमपी-केजीपी चौक पर नेशनल हाईवे-19 को जाम कर पिछले आठ दिन से किसान धरने पर बैठे हुए है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार ने हवाई जहाज बेचे, बैंक बेचे, शिक्षा बेची, रेल बेची, हवाई अड्डे बेचे हम नहीं बोले, लेकिन अब कृषि को बेचने के लिए सरकार ने गलत नंबर भी डायल कर दिया।

अब हम रुकने वाले नहीं चाहे हमें जान क्यों ना देनी पड़े। ये बातें किसानों के बीच समाजसेवी मेघा पाटेकर, संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य गुरनाम सिंह चढ़ूनी व हरपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहीं।



हाईवे पर केएमपी के निकट धरने पर बैठे किसान।

किसान नेताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार संवेदनशील नहीं है। इसलिए आंदोलन चलाना किसान की मजबूरी है। इन शब्दों के साथ गुरूवार पलवल धरने पर बैठे किसानों के बीच पहुंचे किसान नेता व समाजसेवी मेघा पाटेकर ने सरकार पर कॉरपरेट क्षेत्र की खेती में घुसपैठ का साथ देने की बात कही।

उन्होंने कहा ऐसे कानून क्यों लागू किये गये जिनमें इतने संशोधन की जरूरत है। कृषि अब भी घाटे का सौदा है। जिसके चलते देश में हर सत्रह मिनट में एक किसान की आत्महत्या हो रही है। इसलिये किसान की मजबूरी है कि वो जीवटता के साथ आंदोलन चलाए। उन्होंने कहा अगर सरकार संवेदनशील है तो किसानों के जिस प्रस्ताव का जवाब वह 21 दिन या 51 दिन में देगी उसे एक दिन में भी दे सकती है। उन्होंने कहा सरकार की मंशा यह है कि खाद्य आपूर्ति में भी पूंजी निवेश लाया जाये किसानों के जीने मरने का सवाल है।

गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि सरकार को कृषि संबंधी तीनों कानूनों वापस लेने के साथ एमएसपी पर कानून लागू करना होगा। नहीं तो सरकार को हम सत्ता में नहीं रहने देंगे। चढ़ूनी ने अंबानी व अदानी पर निशाना साधते हुए कहा कि अनाज को अपने गोदामों में जमा करने के बाद इसे महंगी कीमतों पर बेचेंगे। जिसका असर आम आदमी पर पड़ेगा। हरपाल सिंह ने कहा कि बाबा रामदेव कहते है कि कृषि के लिए बनाए गए तीनों कानून ठीक है, क्योंकि बाबा रामदेव किसानों से 16 रुपए किलो गेहूं खरीदकर उसका आटा बनाकर उसे हमें ही 40 रुपये किलो बेच रहे है, तो उनका तो इसमें फायदा है।

### एमपी की महिला किसान पहुंची धरना स्थल पर

**मध्य** प्रदेश से दर्जनों महिला किसान भी धरना स्थल पर पहुंच गई। धरना स्थल पर रोजाना मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड व यूपी के किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। महिला किसानों ने कहा कि अब वो वापस घर तभी जाएंगी जब अपने बच्चों के भविष्य पर लगे इन काले कानूनों को वापस करा देंगी। महिला किसानों ने कहा कि यदि खेती नहीं रहेगी तो वे घर कैसे चला पाएंगी, इसी बात को लेकर मध्य प्रदेश से दर्जनों महिला किसान आंदोलन में कूद पड़ी हैं।

### बुंदेलखंड के किसानों ने मांगों को लेकर सर मुंडवाया

**बुंदेलखंड** के किसान दिनेश कुमार निरंजन ने अपने दर्जनों साथियों के साथ सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए मुंडन कराया। किसानों ने कहा कि धरने को आज पांच दिन बीत चुके है, लेकिन गुंगी-बहरी सराकर पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। किसानों का कहना था कि सरकार को सोचना चाहिए जब देश का अन्नदाता सड़कों पर है तो देश का राजा कैसे गद्दी पर बैठ सकता है, उसे भी गद्दी छोड़कर किसानों के बीच आना चाहिए।

## पूर्व डीजीपी का किसानों को समर्थन, कानून रद्द करें

### पूर्व डीजीपी शील मधुर ने केंद्र सरकार से किया आग्रह


पूर्व डीजीपी शील मधुर।

**गुरुग्राम।** हरियाणा पुलिस में महानिदेशक (डीजी) रहे एवं सादर इंडिया संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शील मधुर ने तीन अध्यादेश के विरोध में चल रहे किसानों के आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने सिर्फ समर्थन नहीं किया, बल्कि केंद्र सरकार से यह आग्रह भी किया है कि इन तीनों अध्यादेशों को रद्द किया जाए। उनका कहना है कि जिनके लिए कानून बनाया जा रहा है, जब वे ही इससे संतुष्ट नहीं हैं तो फिर कानून थोंपा जाना जायज है। विशेष बातचीत में पूर्व डीजीपी शील मधुर ने कहा कि आजादी के समय जो किसानों की स्थिति थी, उस समय से अब तक कुछ खास सुधार नहीं हुआ है।

आईटी के इस दौर में आज भी किसान बुरी हालत में हैं। सर्दियों में खेतों में ठंड से ठिठुरते हैं, गर्मियों में पसीने से तर-बतर रहते हैं। फिर भी किसानों को अपनी उपज का लागत मूल्य सही नहीं मिलता। जबकि उसे लागत मूल्य से 50 प्रतिशत अधिक कीमत मिलनी चाहिए। किसानों के लिए देश की सरकार को यह करना चाहिए। भारत एक कृषि प्रधान देश है। न्यूनतम समर्थन मूल्य इसलिए निर्धारित किया जाता है, ताकि किसानों को अपनी उपज की अच्छी कीमत निश्चित रूप से मिलती रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए तीनों कानूनों, जिनका किसान विरोध कर रहे हैं। इसलिए सरकार उन्हें अविलंब वापिस ले।

जब अन्नदाता ही सड़कों पर उतर आएगा तो देश का क्या भविष्य होगा। यह देश का दुर्भाग्य है कि अन्नदाता को न्याय पाने के लिए इस ठंड में सड़कों पर बैठकर धरना देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से वार्ता भी कई दौर की कर चुकी है, लेकिन कोई सम्मानजनक समझौता नहीं हो पा रहा है। भारत की आर्थिक स्थिति कृषि पर ही आधारित है। अन्य क्षेत्रों में काफी तरक्की हुई है, लेकिन कृषि क्षेत्र में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थी, वे नहीं मिल पाई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में पाएं स्वस्थ मन

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन द्वारा आईआईएलएम विश्वविद्यालय के सहयोग से स्वस्थ मन स्वस्थ समाज के नाम से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 14 दिसंबर सोमवार को लांच होगा और यह 18 दिसंबर तक चलेगा। उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि आधुनिक युग की व्यस्त जीवन शैली में लोगों में बढ़ रही मानसिक परेशानियों को देखते हुए गुरुग्राम जिला प्रशासन यह पांच दिवसीय मुहिम शुरू कर रहा है। इस मुहिम को विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्ष 2020 के थीम-सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य के साथ जोड़ा गया है। एक अध्ययन के अनुसार भारत में 5 करोड़ 60 लाख भारतीय डिप्रेशन तथा 3 करोड़ 80 लाख भारतीय चिंता विकार से पीड़ित हैं। विश्व की 36.6 प्रतिशत आत्महत्याएं भारत में होती हैं। इन आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता महसूस की गई है। जिनमें मनोवैज्ञानिक, मनोरोग विशेषज्ञ, व्यवहार वैज्ञानिक तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को शामिल करके मानसिक बीमारियों से बचाव और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुदाय आधारित इस पहल में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। वे समाज में डिप्रेशन और आत्महत्या की दरों को कम करने जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों में योगदान दे सकते हैं।

### कोरोना टेस्ट के रेट अधिक लिए तो होगी कार्रवाई

**गुरुग्राम।** राज्य सरकार की हिदायत के अनुसार गुरुग्राम जिला में कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट के रेट कम किए गए हैं। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने जिला के सभी निजी अस्पतालों तथा प्राइवेट लैब्स को लिखित रूप में आदेश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि इन आदेशों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अब निर्धारित किए गए नए रेटों के अनुसार कोरोना के आरटीपीसीआर टेस्ट लैब, अस्पताल या कलेक्शन सेंटर पर जाकर करवाने पर व्यक्ति से 700 रुपये प्रति टेस्ट का शुल्क लिया जाएगा। यदि सेंपल मरीज के घर पर जाकर लिया जाता है तो उस परिस्थिति में 900 रुपये प्रति टेस्ट के हिसाब से चार्ज किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि कोरोना संक्रमण होने का संदेह होने पर टेस्ट जरूर करवाएं। सभी टेस्टों में सबसे भरोसेमंद टेस्ट आरटीपीसीआर टेस्ट माना जाता है। अब सरकार ने इसके अधिकतम रेट संशोधित कर दिए हैं, उससे अधिक कोई भी अस्पताल या लैब संचालक चार्ज नहीं कर सकता। कोरोना के अन्य प्रकार के टेस्टों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि इस महामारी से संबंधित 4 अन्य टेस्ट भी होते हैं जिनके रेट भी सरकार ने निर्धारित कर रखे हैं। उन्होंने बताया कि सीबीएनएएटी टेस्ट के रेट 2400 रुपये प्रति टेस्ट, नेट टेस्ट के 1250 रूपये, रेपिड एंटीजन टेस्ट 500 रूपये तथा आईजीजी आधारित एलिसा टेस्ट 250 रुपये में करवाए जा सकते हैं।

### बाइक की टक्कर से साईकिल चला रहे दो किशोर घायल

**सोहना।** बाईखेड़ा में सड़क पर साईकिल चला रहे दो किशोर लड़कों को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक किशोर को गंभीर चोटें आई। जिसे फरीदाबाद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने हादसे से पांच दिन बाद मिली शिकायत के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बाईखेड़ा निवासी सुभाष पुत्र मूलचंद ने पुलिस को बताया कि पांच दिसम्बर की सुबह उसका 11 वर्षीय बेटा अनुज और उसके भतीजे का लड़का 12 वर्षीय लक्की सड़क पर साईकिल चला रहे थे। उसी समय लाला खेड़ली की तरफ से तेज रफ्तार से बाइक आई। अज्ञात चालक ने बच्चों की साईकिल को सीधी टक्कर मार दी। जिससे दोनों बच्चों को चोटें आई तथा साईकिल क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में उसके बेटा अनुज को गंभीर चोटें आई। जिसे फरीदाबाद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। सुभाष ने पुलिस को दी गई शिकायत आरोपी बाइक चालक की पहचान करते हुए पडोसी गांव कुलियाका निवासी होना बताया है। सोहना सदर थाना पुलिस ने सुभाष की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


### चालक को हथियार के बल पर लूटा

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर हथियार के बल पर नकाबपोश लुटेरे गाड़ी चालक को बंधक बनाकर गाड़ी, नकदी व गले से सोने की चेन को लूटकर बस स्टेंड पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात छह लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय कुमार के अनुसार चिराग दिल्ली निवासी दीपक शर्मा ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह नौ दिसंबर को अपने दोस्त राहुल की शादी-सगाई समारोह महाराणा प्रताप भवन पलवल से रात के करीब 12 बजे वापिस अपने घर जा रहा था। नेशनल हाईवे पर जब उसकी गाड़ी गदपुरी थाना के निकट टोल टैक्स बैरियर पर पहुंची तो एक गाड़ी ने उसकी गाड़ी में टक्कर मारी और आगे लगाकर उसे रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि गाड़ी से दो युवक नींचे उतरकर आए और पिस्टल दिखाकर उसकी गाड़ी का दरवाजा खुलवाकर, उसे धक्के देकर दूसरी सीट पर बिठा दिया और गाड़ी को लेकर चल दिए। आगे जाकर युवकों ने उसे अपनी गाड़ी में डाल लिया। पिस्टल के बट व लात-घूसों से मारना शुरू कर दिया। गाड़ी में चार लड़के थे और उसकी गाड़ी में दो लड़के, सभी ने मुंह पर नकाब पहना हुआ था। लुटेरों ने उससे दो तोले की सोने की चेन, 1500 रुपए नकद व जरूरी कागजात लूट लिए और गाड़ी में इधर-उधर घुमाते रहे। रात को पलवल बस स्टैंड पर ले जाकर छोड़ दिया और गाड़ी को भी लूटकर ले गए। पीड़ित ने पहले बल्लभगढ़ अस्पताल में अपना उपचार कराया। पुलिस ने शिकायत पर लुटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सोहना में कोरोना संक्रमित कम होने का दावा

**सोहना।** सोहना में कोरोना से संक्रमितों की संख्या पांच फीसदी रह गई है। बीते नौ दिनों में कोरोना के हुए एक हजार 110 टेस्टों में मात्र 48 लोग ही संक्रमित मिले हैं। जबकि 962 टेस्ट कराने वालों की रिपोर्ट सही पाई गई है। दिसम्बर माह में कोरोना से संक्रमितों की संख्या कम होने लगी है। बीते 9 दिनों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक हजार 110 लोगों की कोरोना संक्रमित होने की जांच की गई। जिसमें आरटीपीसीआर के 929 टेस्ट किए गए। जिनमें से 6 दिसम्बर तक आई रिपोर्ट में 35 लोग ही संक्रमित मिले। एक से 9 दिसम्बर के बीच में एंटीजन के किए गए 181 टेस्टों में मात्र 13 लोग ही संक्रमित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड़ जांच के लिए रोजाना एक शिविर नागरिक अस्पताल में चलाया हुआ है। इसके अलावा विभाग द्वारा समय-समय पर शहर के सार्वजनिक स्थानों पर भी शिविर लगाए जा रहे हैं। नगरिक अस्पताल के एसएमओ डा. नवल किशोर ने बताया कि अक्टूबर व नवंबर माह की अपेक्षा दिसम्बर माह के पहले सप्ताह में कोरोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट आई है। शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या 5 फीसदी ही रह गई है। जो कोरोना संक्रमित लोग आ रहे हैं। उनमें से 90 फीसदी शहर के बाहर का निवासी है।

### पचगांवा में गोकशी रोकने गई तावडू पुलिस पर हमला



**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत गांव पचगांवा में गोकशी रोकने गई पुलिस टीम के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में एक एएसआई व एक कांस्टेबल के घायल होने की खबर है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई में जुट गई है। तावडू डीएसपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिस को गांव पचगांव में गोकशी होने की सूचना मिली थी। सूचना के मुताबिक एएसआई करनैल सिंह के नेतृत्व में टीम भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो गोतस्करों ने पुलिस की टीम पर अवैध हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल मोहित व एएसआई करनैल घायल हो गए। हमले के आरोपियों ने एक जवान की वर्दी को भी फाड़ दिया। हमला कर आरोपी मौके से भाग गए जिसके बाद घायल जवानों को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीएसपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। किसी भी हालत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी पुलिस टीम पर क्षेत्र में दर्जनों बार पुलिस हमले हो चुके हैं। क्षेत्र गांव मोहम्मदपुर अहीर की डावला पाटी ढाणी, भंगोह पहाड़, कांगरका, बावला, शिकारपुर, धुलावट के अलावा कई गांव में कई बार पुलिस टीम के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं।

## नूरपुर झाड़सा में बेशकीमती जमीन को कराया कब्जा मुक्त

### इंफोर्समेंट टीम ने बादशाहपुर में 13 अनाधिकृत निर्माणों को भी किया सील

### विरोध से निपटने को पुलिस बल किया गया तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम ने अपनी जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त करवाने और अनाधिकृत निर्माणों पर कार्रवाई करने के प्रति पूरी तरह से गंभीर है। इसके तहत नगर निगम की इंफोर्समेंट टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को सहायक अभियंता राजीव यादव के नेतृत्व में जोन-4 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम ने एक ओर जहां गांव नूरपुर झाड़सा में नगर निगम की बेशकीमती जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया, वहीं दूसरी ओर गांव बादशाहपुर में अनाधिकृत रूप से बन रहे 13 भवनों को भी सील करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान जूनियर इंजीनियर रोहित हुड्डा सहित 50 की संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सहायक अभियंता राजीव यादव के नेतृत्व में जोन-4 क्षेत्र की इनफोसमेंट टीम गांव नूरपुर झाड़सा पहुंची। वहां पर नगर निगम की लगभग 1100 एकड़ बेशकीमती भूमि पर 10 व्यक्तियों द्वारा मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था।


गुरुग्राम के नूरपुर ढाड़सा में नगर निगम की जमीन से कब्जे हटाती जेसीबी।

टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से सभी अवैध मकानों को धराशायी करके जमीन को कब्जा मुक्त करवाने में सफलता हासिल की। इसके बाद टीम ने गांव बादशाहपुर में पहुंचकर अनाधिकृत रूप से बन रहे 13 निर्माणों को सील किया। ये निर्माण नगर निगम से स्वीकृति प्राप्त किए बगैर किए गए थे। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध करते हुए कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी से वे इसमें सफल नहीं हो पाए।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं 17 से

### कोरोना को देखते हुए कार्यक्रम कर दिया गया है सीमित

**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरु हो गई हैं। कोरोना महामारी को देखते हुए यह महोत्सव इस बार स्कूलों में ऑनलाइन प्रतियोगिताएं कर मनाया जाएगा। प्रदेश के शिक्षा निदेशालय ने भी स्कूलों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। ये प्रतियोगिताएं आगामी 17 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक स्कूल स्तर पर कराई जाएंगी।

सरकारी स्कूलों के साथ-साथ निजी स्कूलों के छात्रों की सहभागिता भी कराने के आदेश दिए गए हैं। छात्रों को केवल ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से ही जोड़ा जाएगा। प्रदेश के 22 जिलों के 55 हजार से अधिक छात्र गीता के श्लोकों का उच्चारण करेंगे, जिसके लिए स्कूलों ने छात्रों का चयन भी करना शुरु कर दिया है। गीता के श्लोकों का उच्चारण गीता जयंती कार्यक्रम का महत्वपूर्ण आकर्षण होता है।

छात्रों द्वारा स्लोकों का सामूहिक पाठ किया जाता है। गत वर्षों में यह आयोजन कुरुक्षेत्र में व्यापक स्तर पर किया जाता रहा है, लेकिन कोरोना के कारण इस बार इस आयोजन को सीमित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग का कहना है कि प्रत्येक जिले से 50 स्कूल चुने जाएंगे, जिनमें प्रत्येक स्कूल से 50 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। शिक्षा विभाग का कहना है कि जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

### हत्या कर शव नाले में डाला, मामला दर्ज

**पलवल।** रंजिश के चलते एक व्यक्ति को घर से उठाकर ले जाने व हत्या कर शव नाले में डालने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतक के पुत्र की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बडौली निवासी सत्य प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह मजदूरी का कार्य करता है। आरोप है कि 17 नवंबर को ताऊ ओम प्रकाश से घर में घुसकर मारपीट की थी। जिसकी शिकायत लेकर उसके पिता सतबीर व ताऊ ओमप्रकाश थाने गए थे। इस पर आरोपी पक्ष के लोगों ने उसके पिता सतवीर को जान से मारने की धमकी दी थी कि तुम ओमप्रकाश के साथ थाने क्यों गए। जिसके संबंध में उसके मृतक पिता ने कई बार बताया था कि आरोपी उसे मारने की धमकी दे रहे हैं।

## गुरुग्राम जिले में दम तोड़ रहा कोरोना

### संक्रमित कम ठीक अधिक हो रहे लोग, रिकवरी रेट बढ़कर 94.34 प्रतिशत हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**जिला** में धीरे-धीरे कोरोना संक्रमण के केस कम हो रहे हैं। प्रतिदिन संक्रमित पाए जाने वाले व्यक्तियों से ठीक होने वाले व्यक्तियों की संख्या अधिक हो रही है। इससे लगता है कि गुरुग्राम जिले में अब कोरोना खत्म होता जा रहा है।

जिला में कोरोना संक्रमित मरीजों का रिकवरी रेट बढ़कर 94.34 प्रतिशत हो गया है। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि गुरुग्राम जिला में कोरोना से मृत्यु दर घटकर 0.60 प्रतिशत हो गई है। साथ ही डबलिंग रेट 271.17 तक पहुंच गया है। कोरोना मरीजों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने 12 कोविड केयर सेंटर बना रखे हैं, जहां पर मरीजों को आइसोलेशन में रहने की सुविधा मुफ्त मुहैया करवाई जा रही है। यही नहीं, जिला में 15 लैब तथा टेस्टिंग सेंटर चल रहे हैं जो सरकार के निर्धारित रेटों पर कोरोना टेस्ट की सुविधा लोगों को दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला के 42 अस्पतालों में कोविड मरीजों के इलाज के लिए बैड आरक्षित हैं। वर्तमान में जिला में कोरोना संक्रमित 2677 मरीज होम आइसोलेशन में हैं, जबकि 372 मरीज अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

## परिषद ने नाले के खुले स्थानों को ढका

### नागरिक अस्पताल के पीछे कई स्थानों पर नाले पर खुले हुए थे मैन हाल

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



सोहना के नागरिक अस्पताल के पीछे स्थित नाले को चार दिन पहले का खुला स्थान।



पायनियर अखबार में छपी खबर के बाद नाले का वहीं स्थान ढक्कन लगाकर बंद किया गया।

**हिंदी** दैनिक पायनियर समाचार पत्र में छपी खबर का असर हुआ है। नगर परिषद ने नागरिक अस्पताल के पीछे सड़क के साथ बना गंदे पानी के नाले के खुले स्थानों पर ढक्कनों से ढका। ढके जाने से जानलेवा हादसों की संभावनाएं समाप्त हो गया है।

नागरिक अस्पताल के पीछे से जा रहा गंदे पानी के नाले पर करीब 5 से 8 स्थानों पर 10 से 12 फुट के अंतराल में ऑपन हाल बने हुए थे। नाले के साथ बनी सड़क पर दौड़ रहे दो पहिया वाहनों से लेकर कार, जीप, थ्रीव्हीलर व पैदल चलने वाले लोगों की जान जाने का हादसे का सबब बने हुए थे। इस समस्या को पायनियर समाचार पत्र ने प्राथमिकता से उठाते हुए प्रकाशित किया था। जिसका असर 48 घंटा में ही देखने का मिला। नगरपरिषद प्रशासन ने नाले के खुले सभी हाल को ढक्कनों से ढकवा दिया है।

### ठेकेदार की लापरवाही से खुले थे हाल

**यह** नाला करीब तीन साल पहले नगर परिषद द्वारा तैयार किया गया था। लेकिन ठेकेदार ने नाले का निर्माण कराने के दौरान ऑपन स्थान को ढकने का भी जिम्मा लिया था। जिसके लिए नाले को ढकने के लिए कई स्थानों पर ढक्कनों का निर्माण भी कराया था। जो निर्माण के बावजूद नाले के ऊपर ही रखे हुए थे, लेकिन नाले के ऑपन स्थान को ढका नहीं।

### भविष्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि भविष्य में यदि किसी नाले का निर्माण होता है। उसको ढकना जरूरी हुआ तो साफ सफाई के लिए खुला छोड़ा जाने वाले स्थानों को तुरन्त ढकनों से बंद किया जाएगा। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

## पार्षदों के कार्य प्राथमिकता से करें, लापरवाही होगी कार्रवाई

### गुरुग्राम की मेयर ने अधिकारियों को बैठक में दी नसीहत

### मेयर ने ली जोन-2 एवं 4 के पार्षदों और अधिकारियों की बैठक में कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**पार्षदों** के बताए कार्यों को अगर अधिकारी प्राथमिकता नहीं देते हैं तो उनकी अब खैर नहीं। गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद ने अधिकारियों को रडार पर लेते हुए कहा कि निगम पार्षदों द्वारा बताए गए कार्यों को अधिकारी प्राथमिकता दें। भविष्य में इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अवगत कराया जाएगा। ये बातें मेयर ने गुरुवार को यहां नगर निगम में जोन-2 व 4 के पार्षदों एवं अधिकारियों की बैठक लेते हुए कही।

मेयर मधु आजाद ने कहा कि निगम पार्षदों द्वारा उनके वार्डों में जनता से संबंधित कार्यों की मांग की जाती है। इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाएं। उन्होंने कहा कि निगम पार्षद उनके वार्ड की जनता के प्रति जवाबदेह है तथा निगम पार्षदों काम की जवाबदेही मेयर की है। मेयर ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि वार्डों में कार्य निर्धारित समयावधि में शुरू तथा पूर्ण होने चाहिएं। अगर कोई एजेंसी कार्य अलॉट होने के बावजूद भी अगर कार्य शुरू नहीं करती है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। यहां बैठक में दो एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। मेयर ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारी विकास कार्यों से संबंधित फाईलों को बिना किसी पर्याप्त कारण के लंबित ना रखें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही हर 15 दिन में संयुक्त आयुक्त स्तर पर तथा प्रत्येक सप्ताह कायज्कारी अभियंता के स्तर पर निगम पार्षदों की बैठकें होंगी। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य यही है कि निगम पार्षदों को उनके वार्ड से संबंधित छोटे-छोटे कार्यों के लिए सदन में ना बोलना पड़े। सदन की बैठक में केवल बड़े मुद्दों पर ही चर्चा होनी चाहिए।


जोन-2 एवं 4 के निगम पार्षदों और अधिकारियों की बैठक लेती मेयर मधु आजाद।

गुरुवार को आयोजित बैठक में निगम पार्षदों द्वारा निगम आपके द्वार कार्यक्रम पुन: शुरू करने, वार्ड वाईज विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, वार्ड वाईज सीएससी की स्थापना करने, पेड़ों की छंटाई का कार्य दुरूस्त करने, वार्ड वाईज पर्याप्त सीवरमैन उपलब्ध करवाने, निगम जमीनों एवं भवनों से अवैध कब्जे हटवाने, स्ट्रीट लाईट, अतिक्रमण, सड़क नामकरण, सामुदायिक केन्द्रों की सफाई के लिए अलग टीमें नियुक्त करने आदि मामले रखे गए। बैठक में मेयर ने निर्देश दिए कि जब भी अधिकारी किसी भी वार्ड में आरडब्ल्यूए या एनजीओ के बुलावे पर जाएं, तो संबंधित निगम पार्षद को जरूर साथ लें। इसके साथ ही जूनियर इंजीनियर अपने-अपने वार्ड में घूमकर सीवर के ढक्कनों संबंधी शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करवाएं। इसके अलावा प्राईवेट कंपनियां अगर खुदाई के बाद क्षेत्र को सही नहीं करती है, तो उनकी सिक्योरिटी राशि जब्त करके उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। बैठक में जीएमडीए, एचएसवीपी तथा नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक बुलाने पर भी निर्णय लिया गया।

### फेसबुक पर अश्लील वीडियो डालने पर मुकदमा दर्ज

**पलवल।** फेसबुक पर अश्लील वीडियो फोन पर पढ़ाई कर रहे बच्चों ने देखी और परिजनों को बताई तो परिजनों ने वीडियो डालने वाले के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पति अहमदाबाद में ट्रांसपोर्ट पर नौकरी करते हैं।

इन दिनों बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई चल रही है। जिसके लिए बच्चों को स्मार्ट फोन दिलाया हुआ है। बच्चे जब पढ़ाई कर रहे थे तो फेसबुक पर एक अश्लील वीडियो आई, जिसे बच्चों ने चला कर देखा और उसके बारे में मुझे व परिजनों को बताया। आरोप है कि परिजनों ने जब वीडियो देखी तो वीडियो बनाने वाले को पहचान लिया। वीडियो बनाने व फेसबुक पर डालने वाले का नाम गांव पीरगढ़ी निवासी शाहिद है।

# मंदिर, आश्रम, डिस्पेंसरी, पाठशाला सब जगह कूड़े के ढेर



**कविता।** फरीदाबाद

**डबुआ** कालोनी में ईकोग्रीन कंपनी कार्यालय के आसपास कचरे के ढेर लगे है। यहां मंदिर, आश्रम, स्वास्थ्य केन्द्र (डिस्पेंसरी), प्राथमिक पाठशाला के बाहर कचरे के ढेर लगा हुआ है। लेकिन न तो ईकोग्रीन और न ही नगर निगम इस ओर ध्यान दे रहा है। जिससे आसपास मौजूद लोग तो परेशान है, साथ ही वहां से गुजरने वाले लोगों को भी कचरे के कारण दुर्गंध का सामना करने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार करने पर भी नगर निगम के कान पर जूं नहीं रेंग रही है। इससे बीमारियों वाले मच्छर, मक्खियां पैदा हो रहे है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम के अधिकारी जिले को कागजों में ही स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलवा रहे है, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यहां स्मार्ट सिटी में फैली गंदगी शहर की वास्तविकता उजागर कर रही है। शहर की डबुआ कालोनी में ईकोग्रीन की तरफ से कचरा एकत्रित करने के लिए शैड बनाया हुआ, जहां आसपास के इलाकों से लाए कचरे का छांटने का काम किया जाता है, लेकिन यहां आने इस प्लांट के आसपास लगे कचरे के ढेर की तरफ किसी ने आज तक ध्यान नहीं दिया है।

### डिस्पेंसरी और पाठशाला

**डबुआ** कालोनी के लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एक स्वास्थ्य केन्द्र बना हुआ है और उससे थोड़ा आगे ही प्राथमिक पाठशाला बनी है। इन दोनों के बीच में भी कचरे का डंम्पिंग पोइंट बना हुआ है, जिसमें जावनरों को मुंह मारते हुए देखा जा सकता है। उसके बाद डबुआ सब्जी मंडी की तरफ जाने वाली सड़क की हालत बुरी है, यह सड़क पर ईकोग्रीन के कचरा एकत्रित करने वाले शैड के पीछे है, लेकिन इस सड़क के किनारे मैन रोड़ तक जगह-जगह कचरा फैल रहा है, यहां कचरा उठाना तो दूर, कई महीनों से सफाई भी नहीं की जा रही है, जिससे गंदगी का अंबार लगा हुआ देखने को मिला।

### मंदिर और आश्रम

**ईकोग्रीन** के कचरा प्लांट से थोड़ा आगे एक पार्क है, पार्क के सामने अवधी समाज, मंदिर और बुजुर्गों का आश्रम व दिव्यांग बच्चों का स्कूल है। जिसके बीचो-बीच खाली प्लाट के निकट कचरे का ढेर लगा हुआ है। जबकि दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए यह कचरे का ढेर इस कोरोना काल में कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

# कोरोना का गजब आंकड़ा : 502 पॉजिटिव, दर्शा रहे हैं मात्र 182

### जारी पपत्र में 182 पॉजिटिव के साथ स्थान और पॉजिटिव मरीजों की कुल संख्या 502 दर्शाई गई है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में बृहस्पतिवार को 182 पॉजिटिव मामले दर्शाए गए। जिससे कोविड-19 का आंकड़ा 43341 दर्शाया गया। लेकिन 182 पॉजिटिव के साथ स्थान व पॉजिटिव मरीजों की कुल संख्या 502 दर्शाई गई है। इस विषय में जब अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कोई जबाब नहीं दिया।

### कोई नहीं पूछने वाला

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का अपडेट रोजाना जारी किया जा रहा है, जिसमें अधिकारियों के हस्ताक्षर किए जाते है, लेकिन आंकड़ों में क्या जा रहा है, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। अपडेट में आंकड़ों की संख्या तो बदल दी जाती है, लेकिन स्थान और वहां पाए जाने वाले मरीजों की संख्या को कॉपी-पेस्ट करके खानापुर्ति कर दी जाती है। बृहस्पतिवार को जारी किए गए अपडेट में 182 मामले दर्शाए गए। लेकिन स्थान व पॉजिटिव की संख्या टोटल करने पर 502 पॉजिटिव सामने आए। नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत से बात करने का प्रयास किया, तो उनका फोन बंद मिला। सीएमओं ने फोन नहीं उठाया। अपडेट वाले ग्रुप में संदेश भेजकर बात करने का प्रयास किया गया तो जबाब नहीं मिला।

### यहां से इतने पॉजिटिव

**जिले** में 182 पॉजिटिव में बसंत कालोनी (2) मरीज, सेहतपुर (3), इंदिरा काम्प्लेक्स (1), चावला कालोनी (2), सेक्टर-10 (3), एनएच-दो (2), सेक्टर- 9 (3), तिरखा कालोनी (2), सेक्टर-3 (2), आदर्श नगर (2), सेक्टर- 87 (2), शिव कालोनी (3), सेक्टर-31 (2), अमर नगर (2), सेक्टर-55 (3), हाउसिंग बोर्ड कालोनी (3), सेक्टर-11 (3), चंदावली (3), सेक्टर-7 (5), नवादा (3), सेक्टर-3 (7), तिगांव (2), सेक्टर- 75 (5), मेवला महाराजपुर (2), सेक्टर-88 (5), मुजेसर (1), सेक्टर-18 (2), अशोका इंक्लेव (2), सेक्टर-75 (5), सुभाष कालोनी (2), सेक्टर-49 (6), राजीव कालोनी (3), सेक्टर- 25 (6), विष्णु कालोनी (2), सेक्टर-16 (8), पाली (1), सेक्टर- 10 (5), मौजपुर (2), ग्रीनफिल्ड कालोनी (8), सुरजकुंड (3), चंदावली (3), शिव दुर्गा बिहार (4), चंदावली (2), कृष्णा कालोनी (4), एसजीएम नगर (7), संजय कालोनी (6), भूपानी (4), डबुआ(11), नेहरू कालोनी (2), पर्वतीया कालोनी (6), जवाहर कालोनी (5), प्रेम नगर (6), भगत सिंह कालोनी (6), भूड कालोनी (6), तिगांव (7), टिकावली (4), जीवन नगर (4), गाजीपुर कालोनी (2), यादव कालोनी (4), पल्ला (5), आदर्श कालोनी (4), बसेलवा कालोनी (4), नरहावली (2) और अन्य एरियों से 254 मरीज शामिल है।

### यह दर्शाया आंकड़ा

**आंकड़े** मे 182 पॉजिटिव से कोविड-19 के कुल 43341 मरीज दर्शाए गए। वहीं जिले में 4 मौत और होने से कोविड-19 के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 380 पर पहुंच गया है। जिले में 243 मरीजों को 24 घंटे में ठीक होना दर्शा कर रिकवरी रेट 96.0 प्रतिशत बताया गया। वहीं 1405 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष बताई गई।



# विद्यार्थी की पढ़ाई सुचारू रखना शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी : यशपाल



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** यशपाल ने कहा कि कोरोना आपदा के दौरान बच्चों को बेहतर शिक्षा देना शिक्षा विभाग की बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में शिक्षा विभाग वह सभी जरूरी कदम उठाए जो बच्चों को ऑनलाईन शिक्षा देने के लिए लाभदायक साबित हों। उपायुक्त यशपाल गुरुवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा मीटिंग के दौरान निर्देश दे रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि कोरोना की इस आपदा में हम बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। प्रत्येक अभिभावक व प्रशासन व बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है। ऐसे दौर में हमें बच्चों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना है और उन्हें पढ़ाई भी करवानी है। शिक्षा विभाग ने पूरे कोरोना काल में यह कार्य बेहतरीन ढंग से पूरा भी किया है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों को ऑनलाईन शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है और सीलेबस को बेहतर ढंग से पूरा करवाना है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त यशपाल ने कहा कि बच्चों को अधिक से अधिक उम्मीद एप अपलोड करने के लिए कहें ताकि वहां से वह अपनी कक्षा के अनुसार लाभ ले सकें। इसके साथ ही 11 दिसंबर को होने वाले हरियाणा के स्कूलों के अध्यापकों के बीच ऑनलाईन वार्तालाप में भी भाग लेने के लिए आवाहन किया। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ ब्लॉक को क्विक रेटिंग डाटा बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षा विभाग के सभी एबीआरसी से कहा कि वह अपनी-अपनी सीआरसी से स्टार टीचर का नाम लेकर हर सप्ताह दें ताकि उनको प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जो शिक्षा मित्र अपने बच्चों के साथ अच्छा काम कर रहे हैं।

# सीपी के आदेश पर खुले में शराब पीने वालों की कसी नकेल



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 56** क्षेत्र में खुले में शराब पीने वालों की अब शामत आने को है। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने इस बारे में सीधे चौकी इंचार्ज सेक्टर 55 को अतिरिक्त गश्त लगाने और कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पुलिस आयुक्त ने यह कार्रवाई आरडब्ल्यूए सेक्टर 56-56 ए के प्रधान डॉ सतीश फौगाट की शिकायत पर की।

पुलिस आयुक्त ने आज जिले के विभिन्न क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों को मशविरा करने के लिए बुलाया था। इनमें शामिल डॉ सतीश फौगाट ने उन्हें बताया कि सेक्टर 56 से होकर औद्योगिक सेक्टरों 24, 25, 58, 59 की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर खुले स्थान पर बड़ी मात्रा में सीवर के ढक्कन आदि सामान पड़े हुए हैं। जहां पर शाम के समय नशाखोर व्यक्ति खुले में बैठकर शराब का सेवन करते हैं। जिससे यहां से गुजरने वालों को असमंजस, डर और शर्मसार होने का सामना करना पड़ रहा है। इस पर लगाम लगाई जाए। डॉ फौगाट ने बताया इस क्षेत्र में पिछले साल एक व्यक्ति को शराबियों ने मारकर सीवर में डाल दिया था। जिसकी बाद में सड़ी गली लाश पुलिस ने बरामद की थी। इस प्रकार की घटनाओं की कहीं पुनरावृत्ति न हो जाए, इसलिए यहां पर सख्ती की आवश्यकता है। इस पर जिला पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने मौके पर सेक्टर 55 पुलिस चौकी इंचार्ज को फोन कर संबंधित क्षेत्र में अतिरिक्त गश्त लगाने और सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस पर तुरंत लगाम लगाई जाए और शाम के समय पांच से सात बजे तक अधिक ध्यान दिया जाए।

# जूनियर रेडक्रॉस ने मानव अधिकारों के प्रति सजग किया

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के मार्गनिर्देशन में मानव अधिकार दिवस पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते मानवाधिकार दिवस की थीम 'फिर से बेहतर-मानव अधिकारों के लिए खड़े हो जाओ' है।

इस मौके पर यूएन महासचिव की तरफ से संदेश जारी किया गया है। इसमें उन्होंने कहा है कि कोरोना महामारी का मुकाबला करने के लिए प्रयासों, लैंगिक समानता, जन भागीदारी, जलवायु न्याय और टिकाऊ विकास में मानवाधिकारों को केंद्रीय महत्व देने की आवश्यकता है। प्राचार्य और ब्रिगेड एवम् जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को आधिकारिक मान्यता दी गई, जिसमें भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक मनुष्य को कुछ विशेष अधिकार दिए गए हैं। इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

# बैंक में लगाया गया कोरोना जांच शिविर

### एसडीएम, डॉ. मान सिंह और डॉ. एके यादव मुख्य रूप से रहे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़



**कोरोना** मुक्त बनाने के उद्देश्य से बल्लभगढ़ में जगह-जगह कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिला उपायुक्त यशपाल यादव के दिशा-निर्देशों पर एसडीएम अपराजिता की सहमति पर यहां स्थित एसबीआई की शाखा में कोरोना जांच शिविर लगाया गया। यह बात बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल के एसएमओं डॉ. मान सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि कैम्प की शुरूआत एसडीएम अपराजिता ने की। जिसमें डॉ. मानसिंह और डॉ. एके यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से स्वस्थ विभाग की टीम सीएमओ और एसएमओ डॉ. मान सिंह की टीम ने आम जनता के लिए कोरोना टैस्ट के एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया। बल्लभगढ़ मे सभी व्यापारिक संगठनों के सहयोग से कोविड-19 के संक्रमण की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपमडंल में कोविड-19 के संक्रमण के बढ़ने के मद्देनजर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीमें आमजन के कोविड संक्रमण जांच की जा रही है। इसके साथ साथ आम जनता को जागरूक करके कोविड के संक्रमण से बचाव करने के लिए प्रशासन द्वारा पब्लिक पार्टनरशीप के तहत बल्लभगढ़ को कोरोना मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इस जांच शिविर में व्यापारियों और उनके प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों के अलावा आमजन का निशुल्क कोविड टेस्ट किया जा रहा है। एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि लोगों के कोविड-19 के संक्रमण की आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। अगले जांच शिविर में रेहड़ी और ठेले लगाने वाले लोगों की कोविड जांच की जाएगी। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता व अर्चना गोयल व एडवोकेट ममता सिंह भी एसबीआई बैंक बल्लभगढ़ शाखा में नि:शुल्क कोरोना जांच शिविर मे मौजूद रहे।

# वायु गुणवत्ता आयोग की उप-समिति में जे.सी. बोस विवि की डॉ. रेणुका गुप्ता

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार ने जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद में पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्ष तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेणुका गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और निकटवर्ती क्षेत्रों के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप-समिति का सदस्य नामित किया है। आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप-समिति में डॉ. रेणुका गुप्ता हरियाणा से एकमात्र सदस्य होंगी जोकि तकनीकी संस्थानों के साथ मिलकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित जांच तथा अनुसंधान का संचालन करेंगी।

हरियाणा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग जारी पत्र के अनुसार, आयोग की अनुसंधान और विकास पर उप-समिति उन तीन उप-समितियों में से एक है जिनमें हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। अन्य दो समितियां निगरानी और पहचान पर उप-समिति और सुरक्षा और प्रवर्तन पर उप-समिति हैं। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने राज्य सरकार द्वारा डॉ रेणुका गुप्ता दी बड़ी जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में पर्यावरण का क्षरण, विशेष रूप से वायु की गुणवत्ता एक प्रमुख चिंता है।

# 14 दिसंबर से फिर नियमों के साथ खुलेंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### 10वीं व 12वीं के छात्र ही आएंगे, मानने होंगे ये निर्देश

**प्रदेश** में 14 दिसंबर से सरकारी व निजी स्कूल फिर से खुल जाएंगे। सरकार ने केवल 10वीं व 12वीं के छात्रों को ही स्कूलों में बुलाने का निर्णय लिया है। आठवीं कक्षा तक के स्कूल आगामी आदेश तक बंद ही रहेंगे। अब 9वीं व 11वीं की कक्षाएं भी नहीं लगेंगी।

स्कूलों को दोबारा से खोलने का निर्णय बुधवार देर शाम शिक्षा मंत्री कंवर पाल की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। इसमें शिक्षा विभाग के सभी उच्च अधिकारी शामिल रहे।

स्कूल खुलने पर मुखिया को आठ दिसंबर 2020 को जारी स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित करना होगा। 14 दिसंबर से स्कूलों में पहले की तरह कक्षाएं तो लगेंगी लेकिन कोरोना के मद्देनजर सिर्फ बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी ही स्कूल आएंगे। इसके लिए भी अभिभावकों की अनुमति जरूरी होगी। मुखिया को स्कूल खुलने से पहले परिसर को पूरी तरह सैनिटाइजेशन करवाना होगा। हरियाणा के कई जिलों में बड़ी संख्या में छात्र कोरोना पॉजिटिव मिले थे। जिसके बाद सरकार ने 20 से 30 नवंबर तक सभी स्कूल बंद कर दिए थे। इसके बार फिर समीक्षा हुई और




स्कूलों को 10 दिसंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया गया। बुधवार को हुई बैठक में 14 दिसंबर से खोलने पर सहमति बनी है। 11 दिसंबर को स्कूल खुलते भी तो एक ही दिन की पढ़ाई होती, चूंकि 12-13 दिसंबर को शनिवार-रविवार की छुट्टी है।

### इन नियमों का पालन

**कक्षाओं** में सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करनी होगी। स्कूल आने वाले सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। कोरोना के बिना लक्षण वालों को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा। बिना लक्षण वाले शिक्षकों व विद्यार्थियों के कोरोना टेस्ट की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय अफसरों के साथ मिलकर करनी होगी, निगेटिव रिपोर्ट वाले छात्रों को ही स्कूल आने की अनुमति दें।

हरियाणा अभिभावक एकता मंच के महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि मंच को 10वीं व 12वीं के बोर्ड विद्यार्थियों के लिए स्कूल खोलने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जो गाइडलाइन जारी की गई है उन का सख्ती से पालन होना चाहिए और अगर किसी छात्र व अध्यापक को पढ़ाई करते व कराते हुए कोरोना हो जाता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधक की तरह होनी चाहिए।

# किसानों की मांगों को जल्द माने केन्द्र सरकार: विवेक बंसल

**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी विवेक बंसल ने केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए तीनों कृषि विधेयकों को पूरी तरह से किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि पिछले 15 दिनों से देश का अन्नदाता किसान अपना घर-परिवार छोडक़र कडक़ड़ाती सर्दी में खुले आसमान के नीचे अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठा है, लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार किसान की जायज मांगे मनाने को तैयार नही है। इससे यह सिद्ध होता है कि प्रधानमंत्री मोदी को किसानों की परेशानी से कोई सरोकार नही है।



बंसल गुरूवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला के चाचा स्व. रुप किशोर सिंगला की सैक्टर-28 में आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विवेक बसंल ने कहा कि चुनावों से पूर्व भाजपा के बड़े नेता 2022 तक किसान की आय को दोगुना करने की बात कहते थे लेकिन आज सच्चाई में किसान के समक्ष केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण भूखों मरने की नौबत आ चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी भुवनेश ढींगड़ा जयंती प्रेरणा दिवस के रुप में मनाई



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था भाई मित्र मंडल के तत्वावधान में हरियाणाा प्रदेश कांग्रेस के सचिव रहे युवा समाजसेवी भुवनेश कुमार ढींगड़ा जयंती प्रेरणा दिवस के रुप में मनाई गई। इस मौके पर हर साल की तरह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण समारोह तो इस साल कोविड-19 के चलते नहीं आयोजित किया गया, लेकिन यज्ञ के माध्यम से उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। हालांकि आयोजकों ने कोरोना के चलते लोगों से घर पर रहते हुए ही भाई भुवनेश कुमार ढींगड़ा को श्रद्धासुमन अर्पित करने का आग्रह किया था, लेकिन उसके बाद भी सैकडों की संख्या में उनके दिखाए रास्ते पर चलने वाले युवा एनआईटी नम्बर तीन स्थित भाई भुवनेश कुमार ढींगड़ा मैमोरियल पार्क पहुंच गए तथा यज्ञ के माध्यम से अपने नेता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा नगर निगम के पहले सदन के सदस्य रहे भाई भुवनेश कुमार ढींगड़ा का 10 साल पूर्व 14 फरवरी को एक सडक़ दुर्घटना में निधन हो गया था,तभी से उनके समर्थक युवा उनके जन्मदिन 10 दिसम्बर को प्रेरणा दिवस तथा 14 फरवरी को संकल्प दिवस के रुप में मनाते हैं। उनके छोटे भाई व हरियाण प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता योगेश कुमार ढींगड़ा ने बताया कि हर साल 10 दिसम्बर को विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर तथा चश्मे व दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है लेकिन क्योंकि इन दिनों कोविड-19 का प्रकोप चल रहा है इस कारण यह आयोजन इस साल नहीं किया गया तथा लोगों से घर से ही उनको श्रद्धासुमन अर्पित करने का आग्रह किया गया, लेकिन फिर भी जिस प्रकार से लोग यज्ञ में आहुर्ति डालने के लिए पहुंचे उसके बाद यहां पर आए। यही कारण माना जा रहा है कि यहां पर आए गणमान्य लोगों ने कहा कि भाई भुवनेश कुमार ढींगडा आज भी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस मौके पर विधायक नीरज शर्मा और आम आदमी से धर्मवीर भड़ाना, पूर्व चैयरमेन अब्दुल गफ्फार कुरैशी, पूर्व प्रदेश कांग्रेस महासचिव मोहम्म्द बिलाल और पूर्व सचिव सत्यवीर डागर समेत अनके गणमान्य लोग मौजूद थे।

### उर्जा संरक्षण पर 12 को सेमिनार का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन 12 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर जूम प्लेटफार्म पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन कर रहा है। एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य आम जनता में ऊर्जा के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि व्यर्थ में ऊर्जा की खपत को रोकने के लिए तथा इसे भविष्य में इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखने हेतु राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का आयोजन किया जाता है। मल्होत्रा ने जानकारी दी कि ऊर्जा संरक्षण हेतु इसी जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन द्वारा उक्त एनर्जी कन्वर्सेशन डे सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासचिव विजय आर राघवन ने बताया कि सेमिनार में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड और ए टू जेड एनर्जी सर्विसेज के विशेषज्ञों द्वारा ऊर्जा संरक्षण हेतु विशेष प्रेजेंटेशन दी जाएगी। मल्होत्रा ने बताया कि रिबाउंड मोटर और पुरानी मोटर भी ऊर्जा का नुकसान करती हैं। आपने जानकारी दी कि ईईएसएल के साथ मिलकर इस संबंध में जागरूकता लाने की मुहिम एसोसिएशन द्वारा जारी है।

### राजस्व रिकार्ड को दुरुस्त रखें सभी अधिकारी: यशपाल




**फरीदाबाद।** उपायुक्त यशपाल ने कहा कि सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों के राजस्व रिकार्ड को दुरुस्त रखें। समय पर इंतकाल दर्ज कर जमाबंदी तैयार करें और उन्हें निर्धारित समय के अंदर ही जमा करवाएं। उपायुक्त यशपाल गुरुवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में जिला के सभी राजस्व अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि सभी तहसीलों में रजिस्ट्री व इंतकाल के कार्य ऑनलाइन किए गए हैं। ऐसे में समय पर इंतकाल दर्ज हों। लोगों को प्रेरित करें कि व इंतकाल आधारित रजिस्ट्री ही करवाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए समय से टोकन दें और रजिस्ट्री करें। उन्होंने मीटिंग में सभी तहसीलों के जमाबंदी कार्यों की क्रमवार ढंग से समीक्षा भी की। मीटिंग में एसडीएम बल्लभगढ़ अपराजिता, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, डीआईओ मुनीष गुप्ता सहित सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मौजूद थे।

### आज आईएमए द्वारा किया जाएगा भारत बंद

**फरीदाबाद।** नेशनल आईएमए और स्टेट आईएमए के आह्वान पर फरीदाबाद के सभी अस्पतालों की ओपीडी सर्विसेज 11 दिसंबर को बंद रखी जाएंगी। जैसा कि पहले भी बताया जा चुका है कि 19 नवंबर को सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिसमें कि आयुर्वेद के डॉक्टरों को मॉडर्न मेडिसिन की सर्जरी करने की अनुमति प्रदान की गई है। आईएमए इसका घोर विरोध करती है। आईएमए का मानना है, कि इससे मरीजों को नुकसान होने का डर है और इसके दुष्परिणाम होंगे। हमारा यह मानना है कि एक छोटे से समय में इस तरह की सभी शल्य क्रियाओं का प्रशिक्षण देकर आयुर्वेद के डॉक्टरों को शल्यक्रिया की अनुमति देना अपरिपक्व शल्य चिकित्सक बनाने की ओर अग्रसर होने वाली बात है। हमारी आयुर्वेद से और आयुर्वेदिक डॉक्टरों से कोई खिलाफत नहीं है। हम यह चाहते हैं सरकार आयुर्वेद को बढ़ावा दें। उसमें रिसर्च की जाए और उसी को ही आगे ले जाया जाए, ताकि आयुर्वेद की शुद्धता बरकरार रहे, लेकिन आयुर्वेद को और एलोपैथी को मिक्स कर के मिक्सोपैथी को बढ़ावा ना दें। आईएमए फरीदाबाद की प्रधान डॉ पुनीता हसीजा व मीडिया प्रभारी डॉ सुरेश अरोड़ा ने बताया 8 दिसंबर को 2 घंटे की प्रदर्शन के बाद अपने विरोध को जारी रखते हुए अब 11 दिसंबर का बंद सुबह 6 बजे से शाम के 6 बजे तक चलेगा। इसमें सभी अस्पतालों की ओपीडी सर्विस बंद रखी जाएगी। केवल इमरजेंसी और कोरोना कार्य को ही चालू रखा जाएगा।

### झपटमारी करने वाला गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 ने आरोपी वीर विक्रमाजीत उर्फ राकेश निवासी कमरावली पलवल को सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 58 के स्नैचिंग के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी वीर विक्रमाजीत उर्फ राकेश ने बताया कि आरोपी ने एक और स्नैचिंग की घटना थाना सिटी बल्लभगढ़ के एरिया में कि है। जिसमें आरोपी ने एक मोबाईल फोन छीना था। क्राइम ब्रांच ने बताया कि आरोपी वीर विक्रमाजीत उर्फ राकेश नशे का आदि है जो आरोपी ने गलत संगत मे आकर छीना झपटी कर ली थी। आरोपी ने बताया की आरोपी पर एक मुकदमा पलवल के थाना चांदहट में भी चल रहा है। आरोपी जेल भी जा चुका है। आरोपी वीर विक्रमाजीत उर्फ राकेश से एक मोबाईल फोन और 500 रुपये नगद बरामद किए है। आरोपी को अदालत में पेश कर बन्द जुडिशियल करा दिया गया है।

### कल लगेगी लोक अदालत

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक गुप्ता के दिशा-निर्देशानुसार 12 दिसंबर 2020 को जिला न्यायालय परिसर में लोक अदालत आयोजित की जाएगी। सिविल जज (जूनियर डिविजन) जेएमआईसी प्रदीप कुमार इसकी अध्यक्षता करेंगे और सिविल जज (जूनियर डिविजन) जेएमआईसी सीमा इसमें बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहेगी। दीपक गुप्ता ने बताया कि इस लोक अदालत में जेएमआईसी प्रदीप कुमार अपनी कोर्ट में लंबित ट्रैफिक समरी केसों का निपटारा करेंगे।

## राजस्थान निकाय चुनाव

### कांग्रेस पर भारी भाजपा

**राजस्थान** के स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा कांग्रेस पर भारी पड़ी है जिससे स्पष्ट है कि गहलौत-पायलट युद्ध ने पार्टी को वास्तव में प्रभावित किया है। भाजपा के लिए स्थानीय निकाय चुनाव भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा की मजबूती प्रदर्शित करने के साथ विकल्प के रूप में विपक्ष शासित राज्य के प्रति अविश्वास प्रस्ताव की तरह हैं। हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा ने विजय से यह भ्रम दूर कर दिया है कि यह शहर केवल इस्लामी संस्कृति के वर्चस्व वाला है। इसी प्रकार भाजपा ने निकाय चुनाव में विजय से राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस को उखाड़ कर अपनी वापसी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने राज्य के 21 जिलों में हुए जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में अपना झंडा लहराया है। किसानों के विरोध प्रदर्शन का सामना कर रही भाजपा के लिए यह विजय बहुत महत्वपूर्ण है और उसने दावा किया है कि यह मोदी सरकार के जमीनी सुशासन की स्वीकार्यता है जिसमें कृषि कानून भी शामिल हैं। उसने आरोप लगाया है कि नेतृत्व संकट में उलझी कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की है। भाजपा ने राज्य में पराजय के बाद से ही अपना समर्थन मजबूत करने का लगातार प्रयास किया है। उसने इसके लिए जमीनी स्तर पर काम किया है। हालांकि, वह मुख्यमंत्री अशोक गहलौत व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच टकराव का लाभ सरकार उलटने के रूप में नहीं पा सकी, पर उसने राज्य में पार्टी की स्थिति में आमूल सुधार किया है। निवर्तमान मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को ज्यादा महत्व दिए बिना राज्य भाजपा अध्यक्ष सतीश पुनिया तथा विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया ने पार्टी की विजय सुनिश्चित की है। भले ही कांग्रेस संगठन पायलट को अपने साथ रखने में सफल रहा हो, पर अंततः उनके व गहलौत के बीच लड़ाई ने राजस्थान कांग्रेस पर असर डाला है।




इन चुनाव परिणामों ने उस टकराव को फिर सामने ला दिया है जो वास्तव में कभी समाप्त नहीं हुआ था। कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने पायलट की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के बजाय गहलौत को ज्यादा महत्व दिया था। वर्तमान चुनाव परिणामों ने टकराव की गंभीरता प्रकट की है। संभवतः भाजपा के पक्ष में लहर का अनुमान लगा कर ही गहलौत ने आरोप लगाया था कि वह उनकी सरकार फिर गिराने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार वे अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। संभवतः अहमद पटेल के निधन के बाद अब कांग्रेस में गहलौत की स्थिति पहले जैसी नहीं रही जिन्होंने आलाकमान को पायलट को सत्ता से बाहर रखने की सलाह दी थी। गहलौत को आशंका है कि स्थानीय चुनाव परिणामों के बाद उनके समर्थक उनसे छिटक सकते हैं। दूसरी ओर, पायलट खेमे का कहना है कि गहलौत की जिद और परिवर्तन रोकने का असर कांग्रेस की संभावनाओं पर पड़ा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार पायलट को कब तक सत्ता से दूर रखा जाएगा? आलाकमान ने एक समन्वय समिति गठित कर मतभेद दूर करने का वादा किया था, लेकिन अब तक पायलट को संतुष्ट करने के लिए कुछ नहीं किया गया है। समिति ने दोनों नेताओं के बीच सत्ता में बेहतर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं किया। पहले चर्चा थी कि पायलट समर्थकों को जगह देने के लिए कैबिनेट पुनर्गठन होगा, लेकिन गहलौत ने आगे कदम नहीं बढ़ाए। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस समिति में परिवर्तन भी नहीं हुआ ताकि दोनों गुटों को समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। हालांकि, गहलौत अधिकांश विधायकों को अपने साथ बनाए रख कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहे, पर अब चुनाव में पराजय के बाद उनके समर्थकों की संख्या घटने की आशंका है। पायलट ने 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, पर राजनीतिक दांवपेंच के कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी गहलौत को मिली। कांग्रेस को राजस्थान में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए गुटबाजी पर लगाम लगानी होगी। भाजपा के उभार से स्पष्ट है कि कांग्रेस की सुस्ती अब उस पर भारी पड़ सकती है।

# राजनीति में रजनीकांत

**रजनीकांत का राजनीति में प्रवेश महत्वपूर्ण है। वे भाजपा की तरह जनता को आध्यात्मिकता व धार्मिकता समझा कर तमिलनाडु की राजनीति दिलचस्प बना सकते हैं।**

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दि पायनियर में वरिष्ठ संपादक हैं)





तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में गुरुवार 3 दिसंबर, 2020 का दिन दशकों तक याद रखा जाएगा। इसी दिन तमिल फिल्मों के सुपरस्टार रजनीकांत ने अंततः लंबे समय से प्रतीक्षित घोषणा कर दी कि वे तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तथा इसके लिए 2021 के प्रारम्भ में अपनी 'आध्यात्मिक' राजनीतिक पार्टी घोषित करेंगे। रजनीकांत को यह घोषणा करने में तीन साल का समय लगा क्योंकि उन्होंने 31 दिसंबर, 2017 को ही राजनीति में प्रवेश का इरादा जता दिया था। इस घोषणा के समय उनके साथ तमिलनाडु कांग्रेस समिति के पूर्व प्रमुख तमिलरुई मनियन थे जो लोकप्रिय गांधीवादी हैं। उनके साथ अर्जुनमूर्ति थे जो अभी तमिलनाडु की राजनीति में अपरिचित चेहरा हैं। इस घोषणा से अन्नाद्रमुक व द्रमुक के बीच सीधी लड़ाई का परिदृश्य बदल गया है। थलाइवा के नाम से लोकप्रिय रजनीकांत ने कहा, 'अभी या कभी नहीं। हम तमिलनाडु से जुड़ी सभी चीजें बदलने जा रहे हैं और यह बदलाव अच्छाई के लिए होगा। यदि मैं जीतता हूं तो यह विजय जनता की होगी और अगर हारता हूं तो यह उनकी हार होगी।' अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि रजनीकांत की घोषणा का अक्टूबर, 1972 में तत्कालीन सुपरहीरो एम.जी. रामचंद्रन की घोषणा जैसा होगा जिन्होंने द्रमुक के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को निकाल कर अन्नाद्रमुक बनाने की घोषणा की थी। एमजीआर की पार्टी ने द्रमुक व कांग्रेस के बीच सिमटी तमिलनाडु की राजनीति बदल दी थी।

रजनीकांत का कोई राजनीतिक अनुभव नहीं है, पर एक मानवीय व्यक्तित्व के रूप में उनकी छवि अच्छी है। हालांकि, राज्य में एमजीआर के बाद अनेक फिल्मी सितारों ने राजनीतिक पार्टियां शुरू कीं, लेकिन उनमें से कोई मतदाताओं पर ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सकी। इनमें सरत कुमार, शिवाजी गणेशन, विजयकांत, कमल हासन, आदि शामिल हैं। लेकिन यदि स्वास्थ्य अनुमति दे तो रजनीकांत के राजनीति में बने रहने की उम्मीद है। तमिलनाडु की जनता आध्यात्मिक है और वह रजनीकांत के मानववाद से प्रभावित हो सकती है। द्रविड़ राजनीतिक पार्टियों, खासकर द्रमुक ने जातिविहीन, तार्किक व नास्तिक तमिल समाज का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तमिल समाज जातीय भावनाओं से भरा समाज है जहां सभी चीजों पर जातियों, समुदाय व उपजातियों का ठप्पा लगा है। द्रमुक व उससे निकली पार्टियों का जमीनी यथार्थ भी बहुत अच्छा नहीं है। पांच दशक तक द्रमुक के सर्वोच्च नेता रहे एम. करुणानिधि को जस्टिस रंजीत सिंह सरकारिया आयोग ने 'वैज्ञानिक भ्रष्टाचार का पितामह' कहा था। उन्होंने द्रमुक को परिवारी संस्था में बदल दिया था। तार्किक द्रमुक देश की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसमें हिंदुओं के खिलाफजहर उगलने वाले बिशप सरगुनम थे। वे पार्टी के आधिकारिक आध्यात्मिक निर्देशक थे।

द्रमुक का जातिविहीन समाज संभव नहीं हुआ और करुणानिधि ने सभी जाति-आधारित हिंदू समूहों को पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य पिछड़े समुदायों में परिभाषित करने का आसान रास्ता अपनाया। इससे हरित क्रान्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले व भारत रत्न से सम्मानित सी. सुब्रमण्यम जेसे लोग बहुत दुखी थे। लेकिन द्रमुक ने इस दृष्टिकोण से सभी जातियों में वर्चस्व स्थापित किया। विडंबना है कि इससे थेवर, वन्नियार, मुक्कुलथ्थार, मुदलियार, नायकर व मरावार, जैसी वर्चस्व वाली जातियों को शैक्षिक संस्थाओं व सरकारी सेवाओं में आरक्षण जैसे लाभ मिले। आईआईएम बंगलौर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर आर. वैद्यनाथन के अनुसार, यह द्रविण संगठनों द्वारा तमिलनाडु की जनता से भयानक धोखा था।

रजनीकांत आध्यात्मिक राजनीति के उस अज्ञात और अनगढ़ क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं जहां द्रमुक व उनके सहयोगी विफल हो चुके हैं। आध्यात्मिक राजनीति का अर्थ समझने के लिए तमिलरुई मनियन की बात सुननी होगी। उन्होंने तमिलनाडु की राजनीति में लोकप्रिय कामराज द्वारा निभाई भूमिका की चर्चा की है जो तमिलनाडु को पारदर्शी, मानवीय व विनम्र राज्य बनाना चाहते थे। 'तमिनाडु को मुख्यमंत्री के रूप में कामराज के शासनकाल में 10 चीनी मिलें आबंटित हुई थीं जिनके लिए जापान सरकार को तकनीकी व वित्तीय सहायता देनी थीं। समझौते के अंतिम रूप लेने के बाद तत्कालीन उद्योग मंत्री आर. वैंकटरामन ने कामराज को बताया कि जापानियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री को एक करोड़ का कमीशन दिया है जो कुल लागत का 10 प्रतिशत है। इस पर मुख्यमंत्री ने वैंकटरामन से कहा कि वे जापानियों से एक और चीनी मिल लगाने का अनुरोध करें। इस प्रकार तमिलनाडु में 11 चीनी मिलें लगीं।' राजनीतिक टिप्पणीकार कोलाहला श्रीनिवासन इसे रजनीकांत की आध्यात्मिक राजनीति का एक अंतर्निहित प्रतीक बताते हैं।

रजनीकांत की घोषणा के पहले ही छोटी पार्टियों ने दावा किया था कि उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वीसीके नेता थोल थिरुमावलन के अनुसार, 'वे स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर सकेंगे। भाजपा उनके माध्यम से राज्य में प्रवेश करना चाहेगी। वे भाजपा का एक और चेहरा होंगे और उसी रूप में काम करेंगे। उनके संभावित सहयोगियों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं। तुगलक पत्रिका के संपादक तथा काफी समय से अभिनेता के मित्र एस. गुरुमूर्ति के अनुसार, 'इन चीजों पर बाद में निर्णय हो सकता है और स्वयं रजनीकांत को इन पर बात करनी चाहिए। उनके निर्णय से तमिलनाडु की राजनीति में भारी बदलाव आया है।' सच्चाई यह है कि द्रमुक और कांग्रेस इस घटनाक्रम से परेशान हैं और यह राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के.एस. अलागिरी के बयान से स्पष्ट है, 'उनके निर्णय पर टिप्पणी करने का कोई अर्थ नहीं क्योंकि इससे जनता को कोई लाभ नहीं होगा।' इसी प्रकार माकपा नेता के. बालकृष्णन का कहना है कि 'वे जैसी राजनीति की बात कर रहे हैं उसका जनता पर कोई असर नहीं पड़ेगा।'

3 दिसंबर, 2020 तक समझा जा रहा था कि द्रमुक अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान विजय पा सकेगी। लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार रजनीकांत ने जनता को संदेश दिया है कि वे 2021 में विधानसभा चुनाव विजेता पर ध्यान देने के बजाय इसे महत्व दें कि किसे नहीं जीतना चाहिए। इससे यथास्थिति बदलेगी तथा नैतिक पसंद को स्थान मिलेगा। भाजपा की वेट्रीवल यात्रा विगत सोमवार को भगवान मुरुगा थिरुचेंडूर मंदिर पर समाप्त हुई। हालांकि, मीडिया ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन स्पष्ट है कि हिंदुत्व के काफी समर्थक हैं। द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन ने यह बयान देकर मामला और खराब कर दिया है कि भारत के लिए सनातन धर्म चीन और पाकिस्तान की धमकियों से अधिक खतरनाक है। इस प्रकार भाजपा रजनीकांत की 'आध्यात्मिक' राजनीति का पक्ष ले सकती है।

मजेदार बात है कि तमिनाडु की किस्मत तमिलों के बजाय केरल में जन्मे एमजीआर, मैसूर में जन्मी जयललिता तथा तेलुगू मात्रभाषा वाले करुणानिधि ने निर्धारित की है। तमिल संस्कृति के स्वघोषित संरक्षक व्यापुरी गोपालस्वामी यानी वाइको तेलुगू हैं। ऐसे में महाराष्ट्र में जन्मे रजनीकांत को वैधता मिलने में कोई कठिनाई नहीं होगी। करुणानिधि व जयललिता के देहान्त के बाद तमिलनाडु की राजनीति में करिश्माई नेता के लिए काफी स्थान है। 2014 के लोकसभा चुनाव में राजग को राज्य में 19 प्रतिशत वोट मिले थे जिस पर द्रमुकव अन्नाद्रमुक का वर्चस्व था। हालांकि, वह 2019 में अपनी स्थिति मजबूत नहीं कर सका और द्रमुक का वर्चस्व स्थापित हो गया। रजनीकांत का राजनीति में प्रवेश महत्वपूर्ण है और यदि वे भाजपा के संगठनात्मक ढांचे का प्रयोग कर जनता को आध्यात्मिकता व धार्मिकता के बारे में समझाने में सफल रहते हैं तो तमिलनाडु में चुनावी संघर्ष दिलचस्प हो जाएगा।

# उपेक्षा का शिकार बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान

**"एनटीसीए को बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन पर दृष्टि डालनी होगी और राज्य में पर्यटन राजस्व के वितरण पर नियंत्रण लगाना होगा।"**

**वीके बहुगुणा**
(लेखक सेवानिवृत्त सिविल सेवक हैं)



बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान और बाघ संरक्षित क्षेत्र, जो देश में प्रति वर्ग किलोमीटर बड़ी बिल्लियों की सर्वाधिक सघनता के लिए जातना जाता है, एक ऐसा इलाका है जहां बाघ के दिखने की संभावना सर्वाधिक होती है। मध्य प्रदेश के उमैरिया जिले में स्थित लगभग 124 बाघों वाला यह संरक्षित क्षेत्र 1,536 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। इसका कोर क्षेत्र 716 वर्ग किमी है। यहां 32 बलुआ पत्थर के टीले, दलदली भूमि, जल स्रोत, चट्टानी इलाके एवं घास के मैदान हैं, जो इसे यहां पाए जाने वाले विविध पादपों एवं जानवरों के लिए एक बेहतरीन पर्यावास बना देते हैं। बांधवगढ़ को 1968 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था और 1994 में बाघ परियोजना के अंतर्गत शामिल किया गया था। ताला, मघाटी और खितौली नामक इसके तीन पर्यटन क्षेत्र हैं जहां अधिकतर बाघ और अन्य वन्य प्राणी दिखाई देते हैं। बाघों के अलावा, उद्यान में स्तनधारियों की 36, पक्षियों की 250 और तितलियों की 70 प्रजातियां पाई जाती हैं। बघेल शासकों द्वारा, कई गांवों के साथ अपनी राजधानी 1617 में यहां से रीवा स्थानांतरित करने के बाद यहां बाघों की संख्या बढ़नी प्रारम्भ हो गई थी। बांधवगढ़ वन, हालांकि, बघेल शासकों के पसंदीदा शिकारी इलाके रहे हैं, जो, अंधविश्वास एवं गर्व की भ्रामक अनुभूति के चलते एक वर्ष में 109 बाघों का शिकार करने का लक्ष्य निर्धारित करते थे। परिणामस्वरूप, महाराजा गुलाब सिंह ने 1923 में 83 बाघों को मारा था जबकि महाराजा मार्तंड सिंह ने 100 का शिकार किया था। शुक्र है कि, अंधाधुंध शिकार के बावजूद इस इलाके में बाघों की संख्या अधिक रही है। इससे उन वनों की बाघों से परिपूर्ण होने की क्षमता का पता चलता है जो शिकार तथा शिकारियों दोनों के मामले में समृद्ध हैं।

यह प्राणि उद्यान पुरातत्वशास्त्रीय, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परिप्रेक्ष्य में भी महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि भगवान राम ने श्रीलंका से अयोध्या लौटते समय यह किला लक्ष्मण के लिए बनाया था। शिव पुराण व नारद पंच जैसे प्राचीन धर्मग्रंथों में इस बात के उल्लेख मिलते हैं। पहाड़ी के ऊपर एक मंदिर है, जिसमें लोग राम नवमी व जन्माष्टमी के दौरान जमा होते हैं। यहां कुछ गुफाएं हैं जहां कहा जाता है कि प्राचीन संतों ने तपस्याएं की थीं और अन्य पुरातात्विक स्मारक भी हैं। किले के निकट शेष शैय्या है जिसमें सात फनों वाले शेषनाग पर भगवान विष्णु को दर्शाया गया है।

दुःख की बात है कि उद्यान का वन्यजीवन मानचित्र बदल रहा है। पूर्व में यह गौरों का घर हुआ करता था लेकिन मवेशियों से संक्रामक बीमारी फैलने के कारण वे सभी खत्म हो गए। 2012 में, लगभग 50 गौर कान्हा राष्ट्रीय उद्यान से यहां लाकर छोड़े गए थे। एक समय, भोजन की कमी के कारण, छत्तीसगढ़ से आए 38 हाथियों का झुंड उद्यान में दाखिल हुआ था और वे यहां पर प्रजनन कर रहे हैं। वे उद्यान तथा बफर क्षेत्र में पड़ास के गांवों के लिए प्रबंधन संबंधी बड़ा सिरर्द बन गए हैं। वे सौर पैनलों को नष्ट कर रहे हैं और इमारतों, कर्मचारियों के निवासों को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा राशन भी खा जाते हैं।

बांधवगढ़ को अवसंरचना, मानव शक्ति तथा दक्षता के परिप्रेक्ष्य में के उच्चतम स्तर पर प्रबंधन के हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता है। धन की स्थिति भी खराब है और कर्मचारियों को आवास, जलापूर्ति एवं बिजली संबंधी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उने छह वाहन खराब हो गए हैं लेकिन उद्यान के अधिकारी उनको बदलने में सक्षम नहीं हैं। स्मारिकाओं की दुकानों का प्रबंधन निजी बिजनेसों द्वारा किया जाता है जो खराब हालत में हैं और वन के विश्राम गृह को कर्मचारी वाणिज्यिक उद्यम के तौर पर चला रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा घास के मैदानों के प्रबंधन हेतु दिया जाने वाला पैसा कम रहता है, यद्यपि घास के मैदान शाकाहारी प्राणियों के लिए अनिवार्य हैं। शुक्र है कि कुछ पंचायतों द्वारा उन क्षेत्रों के लिए धन जारी किया गया है जो उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं। यद्यपि बाघ परियोजना से जुड़े प्राधिकारियों ने पैसा दिया है, राज्य सरकार ने अपने हिस्से का धन जारी नहीं किया है। घास के मैदानों का रख रखाव न किया जाना एवं पैसा जारी करने में मामले में लापरवाही एक गंभीर मामला है और मुख्य वन्य जीव वार्डन को तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है। अन्यथा इस उद्यान की स्थिति बिगड़ती ही जाएगी। कहा जाता है कि उद्यान से मिलने वाला वार्षिक राजस्व लगभग 8 करोड़ रुपये है लेकिन इसमें से अधिकतर उद्यान के लिए वापस नहीं दिया जाता है और राज्य में वितरित कर दिया जाता है।

सरकार को आवंटन में राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करना होगा और उद्यान से एकत्रित राजस्व का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा संरचित ढंग से खर्च करना होगा। राज्य वन्य जीव शाखा को उन हाथियों के लिए एक पृथक प्रबंधन योजना निर्धारित करनी होगी जो अब इस वन्य जीव उद्यान का हिस्सा हैं और हाथी परियोजना का लाभ लेना होगा। संग्रहालय एवं निर्वन केंद्र दयनीय दशा से गुजर रहे हैं, और उनके पूर्णरूपेण पुनरोद्धार की आवश्यकता है। निदेशक के पास दोहरा प्रभार है और ताला में रेंजर व परगना अधिकारी प्रशिक्षण अवधि में हैं। यह किसी भी श्रेष्ठ प्रबंधित वन क्षेत्र के लिए स्वीकार्य सिथति नहीं है। उद्यान के प्रबंधन में खामियां स्पष्ट नजर आती हैं क्योंकि दो बाघों को शिकारियों व ग्रामीणों ने मार डाला था। भारत सरकार के वन्य जीव अपराध ब्यूरो (एनटीसीए) ने हाल ही में उन हत्यारों को पकड़ा था। यह राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए। उसे कदम उठाते हुए चीजों को पटरी पर वापस लाना होगा। इसे यहां पर मानव शक्ति की निगरानी करने व उनके मुद्दों को संबोधित की आवश्यकता है। एनटीसीए को बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के प्रबंधन पर दृष्टि डालनी होगी और राज्य में पर्यटन राजस्व के वितरण पर नियंत्रण लगाना होगा तथा संरक्षित वन क्षेत्र से बाहर उसके इस्तेमाल की सीमा निर्धारित करनी होगी। इससे पहले कि यहां पर वन्य जीवन नष्ट होने लगे एनटीसीए को कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### गरीबों को राशन कार्ड

**भारत** देश मे लोगों को एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड उपलब्ध कराकर लोगो को किसी भी राज्य के शहर में राशन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान किया है। देश के नौ राज्यो में एक देश एक राशन कार्ड योजना लागू कर दिया है। इन राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली सुधारो को सफलता पूर्वक लागू किया है।इस योजना को लागू करने वाले राज्य उप्र को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग को राज्यो में लागू सुधारो की जांच के लिये नोडल विभाग बनाया है। केंद्र सरकार को सबसे पहले प्रत्येक राज्य के पात्र गरीबो को देखना चाहिये कि उनके पास राशन कार्ड है कि नही।सरकार की हर योजना गरीबों के कल्याण के लिये है। जिसका लाभ उन्हें मिलना चाहिये। लेकिन लोकसेवकों और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण आज भी ग्रामीण क्षेत्रो में अनेको गरीब लोगों को राशन का लाभ नही मिलता।वे चिल्लाते घूमते है।उनका राशन कार्ड नही बनता। गरीबों के बने राशन कार्ड काटने और यूनिट काटने का खेल उप्र में देखा जा सकता है। कोरोना काल मे सरकार द्वारा मुफ्त राशन का लाभ गांव के तमाम गरीबों को नही मिला। इसलिये केंद्र और राज्य सरकारें, गरीब लोगों को राशन कार्ड बनवाने का अभियान चलाएं।

– **कुलदीप मोहन,** जरगांव, उन्नाव

### आंदोलन से देश को नुकसान

**वैश्विक** महामारी कोरोना के चलते विगत कई दिनों से बाजार की स्थिति बंद जैसी हो गई है इस दौरान कितना नुकसान हुआ है , इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। लेकिन जब जब भारत बंद होता है तो विभिन्न समाचार पत्र पत्रिकाओं के माध्यम से यह ज्ञात होता है कि करोड़ों का नुकसान हुआ है जब हमारा इतना आर्थिक नुकसान होता है तो फिर देश , प्रदेश, शहर बंद करने का क्या औचित्य है ? क्या नुकसान करके देश प्रदेश राज्य, शहर बंद करना ही उचित है? जब-जब बंद हुआ हैं तब तब आम नागरिक के साथ-साथ यातायात, कारखाने आदि आदि बाधित होती है जिसके कारण विकास का पहिया थम जाता है । हम अपनी मांगों को लेकर सकारात्मक रूप से अगर सही समय पर सही बात करें तो उससे देश की दशा और दिशा बदल सकती है , हम बंद करें लेकिन किसी प्रकार से देश शहर,, नगर का कोई आर्थिक नुकसान ना करें, । देश में हो रहे आर्थिक नुकसान का भार आंदोलनकारियों पर भी पड़ता है आम नागरिकों के साथ यह बात क्यों भूल जाते हैं आंदोलन करने वाले जब जब इस देश में आंदोलन हुआ उन सभी आंदोलनों को राजनीति जामा पहनाया जाता है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

– **प्रकाश हेमावत**, टाटानगर

### देर आयद, दुरुस्त आयद

**नेपाल** ने भारत को रेल प्रोजेक्ट की हरी झंडी दी। और काठमांडू से बिहार के रकसौल तक रेल लाइन बिछाने की योजना है। भारत के साथ सम्बन्धो के इस निर्णय से निश्चित ही चीन को करारा झटका लगना स्वाभाविक है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर नेपाल ने राजधानी काठमांडू को भारत तक रेल लाइन से जोड़ने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। नेपाली वेबसाइट रातोपाती डॉट कॉम के अनुसार लम्बे समय बाद नेपाल ने काठमांडू को भारतीय राज्य बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रकसौल को रेललाइन से जोड़ने के भारत की कोकण रेलवे कारपोरेशन लि. को डी आर पी तैयार करने की अनुमति दे दी है। भारत के प्रोजेक्ट को हरी झंडी मिलना। रणनीतिक रूप से चीन को करारा तमाचा है। कुछ भी हो सार्थक पहल निश्चित ही नेपाल भारत के सम्बन्धो को मजबूती प्रदान करेगी। चीन के भटकाव में आये नेपाल की इस सकारात्मक पहल से घर वापसी मालूम होती है। कहते हैं दिन भर का भुला घर लौट आये तो भूला नही कहलाता। इसी तरह नेपाल ने भारत के साथ भागीदारी करनी चाहिए।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**सार्वजनिक** स्वास्थ्य तथा अन्य विभागीय स्टाफ को इलूरू मुद्दे की गहराई से जांचकर बीमारी के कारणों का पता लगाना चाहिए।

– **जगनमोहन रेड्डी**
मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश



**भारतीय** संदर्भ में कड़े सुधार लाना बहुत कठिन है। हमारे यहां लोकतंत्र का प्रभाव बहुत ज्यादा है।

– **अमिताभ कांत**
नीति आयोग के सीईओ



**मैं** आपको आश्वस्त कर दूं कि आपको जो भी जानकारी मिली है उसके बावजूद हमें अपने लोकतंत्र पर गर्व है।

– **रविशंकर प्रसाद**
केंद्रीय मंत्री

# निर्माण कंपनियों को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं

## मुख्यमंत्री ने की गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपीडा और निर्माण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सिकरीगंज स्थित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और कम्हरिया घाट पर निर्माणाधीन घाघरा पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चिति कराई जाए। एक्सप्रेस वे निर्माण कंपनियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि मार्च 2022 तक लिंक एक्सप्रेसवे बन कर तैयार हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे की निर्माण कंपनियों को मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वहां पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने पीजीसीआईएलए पावर ट्रांसमिशन और पावर कारपोरेशन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विद्युत लाइनों के विस्थापन के कार्य को शीर्ष प्राथमिकता पर करें। उन्होंने मिट्टी के तटबंधों के निर्माण कार्य को आगामी बरसात से पूर्व ही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं यूपीडा के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घाघरा नदी पर बनने वाले पुल के बारे में जानकारी दी। यूपीडा के चेयरमैन अवनीश अवस्थी ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि घाघरा नदी पुल पर 50 वेल में से 18 पर काम शुरू हो गया है, शेष वेल बनाने का काम बरसात आने से पहले शुरू हो जाएगा। मौके पर निर्माण कंपनी एपको और डिलीट बिल्ड कार्न के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि मार्च 2022 तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे काम पूरा हो जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे बनने के बाद लखनऊ से गोरखपुर आवागमन का एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार हो जाएगा।

गौरतलब है कि पूर्वांचल में विकास को रफ्तार देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ से आजमगढ़ होते हुए गाजीपुर तक सिक्स लेन के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है। एक्सप्रेस वे को गोरखपुर से जोड़ने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के साथ ही अब गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को भी समय से पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विशेष प्रयास कर रहे हैं। पूर्वांचल एक्स्प्रेसवे से गोरखपुर को जोड़ने वाला लिंक गोरखपुर से निकल कर सदर, सहजनवा और खजनी तहसील होते हुए घनघटा तहसील के चार गांव से होकर जाएगा अम्बेडकरनगर होते हुए आजमगढ़ जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे में जाकर मिल जाएगा। लिंक एक्सप्रेस वे कुल लंबाई 91.352 किमी है, जिसमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए छह लेन का स्ट्रक्चर बनेगा पर शुरुआत में चार लेन की सड़क बनेगी।

छह लेन की पूर्वांचल एक्सप्रेस गाजीपुर जिले को राज्य की राजधानी लखनऊ समेत आज़मगढ़ और अयोध्या से जोड़ेगी। 340.824 किलोमीटर एक्सप्रेसवे का निर्माण 22,494 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर सहित नौ जिलों से होकर गुजरेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अनुसारए एक्सप्रेसवे को मार्च 2021 तक जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 जुलाई 2018 को आज़मगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी थी। इस योजना पर अब तक करीब 68 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। यह 302 किमी लंबे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे और आगरा से दिल्ली तक 165 किमी लंबे यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ा होगा।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को नए संसद भवन की आधारशिला रखी। इस आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से वर्चुअल तरीके से शामिल हुए**


## पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के निधन पर सीएम ने शोक जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलाल राही एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। उन्होंने सांसद एवं विधायक के रूप में लम्बे समय तक अपनी सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हुए स्व. रामलाल राही के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

## कोविड को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता: केशव मौर्य

● उपमुख्यमंत्री ने कोरोना जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई, प्रदेश के 12 जिलों में प्रचार अभियान का शुभारम्भ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आवास पर कोरोना जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने देश के साथ-साथ उप्र में कोराना संक्रमण रोकने के लिए जन जागरुकता प्रचार अभियान प्रभावी तरीके से चलाने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री ने लखनऊ सहित प्रदेश के 12 जिलों में आज से शुरु किए गए प्रचार अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लोगों के आधार व्यवहार में परिवर्तन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को कोरोना संक्रमण से मुक्त करने का संकल्प दोहराया है और उसे पाने के लिए प्रचार अभियानों की विशेष भूमिका है। उन्होंने प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो द्वारा शुरू किए गए प्रचार अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर तरह की सहायता उपलब्ध कराएगी। सचल प्रदर्शनी चेतना रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व श्री मौर्य ने अभियान के दौरान लगाए जाने वाले पोस्टर, स्टीकर, बैनर और वितरित किए जाने वाले पम्पलेट्स का भी लोकार्पण किया।

इस अवसर पर प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो के संयुक्त निदेशक सुनील शुक्ल ने अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि प्रचार अभियान का प्रथम चरण नवम्बर माह में पूरा हो चुका है। उस दौरान भी 12 जिलों में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। दिसम्बर माह में अन्य 12 संवेदनशील जिलों को प्रचार अभियान के लिए चुना गया है। प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो के अपर महानिदेशक आरपी सरोज और संयुक्त निदेशक सुनील शुक्ल ने विभाग की ओर से उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी प्रदान किया।

## बंगाल में आज कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई : स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर गए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के काफिले पर हमले की भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अपने साथियों की हत्यारी ममता सरकार से पूरा हिसाब लेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज कानून नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न और सरकार समर्थित भ्रष्टाचार से बंगाल की जनता ऊब चुकी है। पूरा बंगाल बदलाव चाहता है। टीएमसी को भी इस बात का अंदेशा है कि चुनाव में उसकी हार तय है इसलिए उनके नेता हिंसा और हत्या का कुत्सित खेल खेल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह और बंगाल के विकास को लेकर उनके संकल्प को ममता सरकार समर्थित हिंसा नहीं तोड़ पाएगी। भाजपा का इतिहास संघर्ष और बलिदान का है। तानाशाही और गुंडागर्दी से भाजपा का कार्यकर्ता न कभी डरा है और न ही पीछे हटा है। अपनी करारी हार देख रही दीदी यह भूल गई हैं कि दादागीरी और खून खराबे की राजनीति से बंगाल अब निजात चाहता है। बंगाल अब भाजपा की सरकार चाहता है।

## अगले साल मार्च तक पूरा करे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का काम

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट मानिटरिंग ग्रुप की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा प्रोजेक्ट मानिटरिंग की बैठक में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गयी।

उन्होंने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम-चांदसराय लखनऊ से प्रारंभ होकर यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा। एक्सप्रेस वे की लम्बाई 340.824 किमी है। इस परियोजना से लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ तथा गाजीपुर लाभान्वित होंगी। इस एक्सप्रेसवे के अन्तर्गत कुल 22 फ्लाईओवर, 7 रेलवे ओवरब्रिज, 7 दीर्घ सेतु, 114 लघु सेतु, 265 अण्डरपास तथा 507 पुलियों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। एक्सप्रेसवे पर आपातकालीन स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लैण्डिंग-टेकआफके लिए सुल्तानपुर में 3.2 किमी लम्बी हवाईपट्टी का निर्माण भी प्रस्तावित है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत रुपये 22494.94 करोड़ है। निर्माण हेतु पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे कुल 08 पैकेजों में विभक्त किया गया है, जिन पर तेजी से कार्य चल रहा है। परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 68 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। परियोजना के मेन कैरिज वे को मार्चए 2021 अन्त तक खोलने का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी बताया कि एक्सप्रेसवे निर्माण से प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र प्रदेश की राजधानी एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे व यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से देश की राजधानी से त्वरित व सुगम यातायात के कॉरिडोर से जुड़ जायेगा।

## चुनावी चाशनी में लिपटा होगा योगी सरकार का बजट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सरकार की कोशिश अपने खर्चों में कटौती करके जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की होगी

**सरकारी** महकमों के बजट प्रस्ताव आने के बाद योगी सरकार अपने पांचवे और अंतिम बजट को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुट गयी है। कोरोना संकट के तैयार हो रहा योगी सरकार का यह बजट चुनावी चाशनी में लिपटा होगा। जिसमे न तो कोई नया कर लगाये जाने की संभावना है और न ही किसी कर की दरों को बढ़ाया जाएगा। अलबत्ता सरकार की कोशिश अपने खर्चों में कटौती करके जनता को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की होगी। पिछले चार बजट हर वर्ष किसी न किसी खास सेक्टर पर फोकस रहे, लेकिन पांचवें बजट को हर किसी की उम्मीदों का गुलदस्ता साबित करने की तैयारी है।

बजट में इस बार अनुपयोगी योजनाओं को खत्म करने का विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टाफ और बढ़ते खर्च को देखते हुए प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा और पुनर्गठन करने को कहा गया है। बजट को लेकर चल रही सरकारी कवायद में इस बात के संकेत मिले हैं कि संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति की जगह काम को ही संविदा पर कराने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। विदित हो कि अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल ने पिछले दिनों शासन के समस्त अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों व सचिवों को वित्त वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्ताव तैयार करने संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए थे। विभागों से सरकार की प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखकर बजट प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया था। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि लगभग सभी विभागों ने अपना-अपना बजट प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया है और अब उसे सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। दरअसल वित्तीय वर्ष 2021-22 में योगी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आखिरी बजट होगा। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले के इस बजट को सबसे खास बनाने की कोशिश शुरू हो गई है। जानकार बताते हैं कि यह बजट एक नए रूप में सामने आ सकता है। इसमें हर गांव, घर, परिवार की बात होगी तो उद्यमी, किसान, महिला, नौजवान की भी चिंता नजर आएगी। व्यापारी और बेरोजगार के लिए कुछ खास होगा तो बेसहारा की सहारा बनने वाली कोई न कोई सौगात भी संभव है। बजट में हर गांव को डिजिटल बनाने का ऐलान हो सकता है तो हर गांव को सड़क से जोड़ने का ऐलान भी संभव है। हर गांव में बैंक खोलने की बात हो सकती है तो हर घर को भरपूर बिजली की सौगात भी संभव है। हर परिवार के एक युवक को रोजगार की गारंटी देने की तैयारी है तो हर पात्र को पेंशन सुनिश्चित करने का एलान भी संभव है।

हर उद्यमी के लिए उद्योग लगाना आसान बनाने के उपाय का एलान नजर आ सकता है तो हर व्यापारी को बेहतर कारोबारी माहौल की सौगात संभव है। हर किसान के लिए सरकारी दर पर उपज बेचना और भी आसान बनाने तथा हर खेत को पानी के लिए भी कोई सौगात नजर आ सकती है। नए बजट में हर महिला को सुरक्षा, हर जुल्मी को जेल और हर बच्चे को पौष्टिक भोजन जैसे एलान भी संभव है।

**पिछले चार बजट में इन बिंदुओं पर रहा है फोकस**

2017-18 में किसानों की कर्जमाफी हुई और किसान केंद्र में थे।

2018-19 में इन्फ्रास्ट्रक्चर व छोटे-मझोले उद्योगों पर फोकस रहा। बुंदेलखंड व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का एलान हुआ।

2019-20 में महिलाओं और बेटियां केंद्र में रहीं। कन्या सुमंगला योजना सबसे महत्वपूर्ण रही।

2020-21 में सरकार का फोकस युवाओं पर रहा। आधा दर्जन राज्य विश्वविद्यालयों व युवाओं को नौकरी व स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने से संबंधित कई ऐलान हुए।

## बलात्कार के मुकदमे में दो साल से वांछित 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** झांसी जिले में बलात्कार के दर्ज मुकदमे में पिछले 2 साल से वांछित 25000 हजार के इनामी अपराधी मनोज कुमार को एसटीएफ ने लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। छानबीन के दौरान एसडीएम को सूचना मिली थी कि अपराधी मनोज कुमार लखनऊ के देवा रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के पास खड़ा हुआ है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ पर मनोज कुमार ने बताया कि वर्ष 2018 में थाना एरच जनपद झांसी के मुअसं 137-2018 धारा 366, 376, 323, 504, 506 भादवि व एससी-एसटी एक्ट में वांछित चल रहा था। उस पर जनपद झांसी पुलिस द्वारा 25,000 का ईनाम घोषित किया गया था। जिस वजह से छुप छुपाकर, अलग अलग कम्पनियों में अपनी असली पहचान छिपा कर कार्य कर रहा था। उसने बताया कि वह मॉर्डन ट्रान्सफारमन कम्पनी के द्वारा विद्युत केबिल डलवाने व सब स्टेशन बनवाने का काम करता था, जिसके लिए उसका जनपद झांसी और जनपद कानपुर आना जाना लगा रहता था। वर्तमान में वह सत्य साई बिल्डर कम्पनी के यहां पर विद्युत केबिल डलवाने व स्टेशन बनवाने का कार्य जनपद फैजाबाद (अयोध्या) और जनपद अम्बेडकरनगर में कर रहा था। कम्पनी के कार्य के लिए ही लखनऊ के देवा रोड पर आईसीआईसीआई बैंक के पास खड़ा था।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री रामलाल राही के निधन पर प्रियंका व लल्लू ने जताया गहरा शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामलाल राही के निधन की दुखद खबर मिली। उन्होंने केन्द्र सरकार के मंत्री, यूपी में जन प्रतिनिधि रहते हुए एवं कांग्रेस संगठन एक मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दीं। अवध क्षेत्र के लोगों में एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में प्रसिद्ध रामलाल राही के सरल व्यक्तित्व का हर कोई मुरीद था। रामलाल राही का राजनैतिक जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का श्रोत है।

## आईएमए से जुड़े निजी चिकित्सक आज हड़ताल पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आयुर्वेद चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने का विरोध

**आयुर्वेद** चिकित्सकों को सर्जरी का अधिकार दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर राजधानी सहित प्रदेश भर के आईएमए से जुड़े निजी चिकित्सक हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान इमरजेंसी, कोविड जैसी आवश्यक सेवाओं को छोड़कर जनरल ओपीडी बंद रहेंगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ जयंत शर्मा ने आईएमए के सभी सदस्य चिकित्सकों से आह्वान किया है कि इस गंभीर मसले पर गंभीरता से विरोध जताएं। उन्होंने कहा चिकित्सक शांतिपूर्ण ढंग से कोविड प्रोटोकॉल का पूरा पालन करते हुए बाहर निकल कर अपना विरोध जताएं और प्रभावी ढंग से अपनी बात सम्बन्धित अधिकारियों तक इस तरह पहुंचाए कि वे हमारी बातें समझ सकें। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि यह आदेश आने वाले समय में सभी तरह के डॉक्टरों के लिए अहितकारी सिद्ध होगा। आईएमए लखनऊ की अध्यक्ष डॉ रमा श्रीवास्तव ने भी कहा है कि कल 11 दिसंबर को सुबह 6 बजे से अगले दिन 12 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक आईएमए से जुड़े चिकित्सक अपने कार्य ठप रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं, प्रसव सेवाएं व कोविड से जुड़ी चिकित्सा सेवाओं के साथ ही आईसीयूए क्रिटिकल केयर सेवाओं को हड़ताल से अलग रखा गया है। उन्होंने बताया कि हड़ताल को लेकर विरोध जताने के लिए कल अपराहन 1 बजे से 2 बजे तक सभी चिकित्सक रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन पर उपस्थित होंगे।

## डीजीपी ने मानवाधिकार दिवस पर पुलिस जनों को दिलाई शपथ

**लखनऊ।** डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार लखनऊ में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पुलिस जनों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग आदि का अनुपालन करते हुए अपने-अपने कार्यालय में शपथ ली गयी कि मैं एतद्वारा दृढ़तापूर्वक प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं भारतीय संविधान एवं विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय अनुबन्धों द्वारा भारत में अंगीकृत एवं लागू समस्त मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति सत्यनिष्ठ एवं वफादार रहूंगा। मैं मानवाधिकारों की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से पालन करूंगा। मैं बिना किसी पक्षपात के मानवाधिकारों का सम्मान एवं सभी के आत्मसम्मान का आदर करूंगा। मैं अपने शब्दों, दस्तावेजों या विचारों द्वारा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से किसी के मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं करूंगा। मैं मानवाधिकारों के विकास एवं सुरक्षा हेतु सदैव कर्तव्यबद्ध रहूंगा।

## एक दर्जन जिलों में दो महत्वपूर्ण हाईवे पर खुलेंगे 21 थाने

**लखनऊ।** यातायात निदेशालय ने एक बार फिर हाईवे पुलिसिंग की कवायद शुरू कर दी है । इसके तहत प्रथम चरण में प्रदेश के दो महत्वपूर्ण हाईवे पर 21 थाने स्थापित किए जाने की योजना है। यातायात निदेशालय ने इन दोनों हाईवे पर आने वाले 12 जिलों से जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। पहले चरण में मथुरा से चंदौली तक जाने वाले 780 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईव (एनएच-दो) और लखनऊ से कानपुर जाने वाले 90 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-दो) पर 21 थाने बनेंगे। लखनऊ-कानपुर के बीच दो थाने बनेंगे और दोनों उन्नाव जिले में आएंगे। मथुरा-चंदौली जीटी रोड पर 19 थाने बनाए जाएंगे। विश्व बैंक इसके लिए राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये का ऋण देगा। यह पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा तो अन्य हाईवे पर भी थाने बनाए जाएंगे। दोनों हाईवे पर कुल पांच सर्किल बनाए जाएंगे। वहां दो अपर पुलिस अधीक्षक तैनात किए जाएंगे।

## हाईकोर्ट ने ट्रायल पूरा नहीं होने पर बहराइच के जिला जज से जवाब तलब किया

**लखनऊ (विसं)।** हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक मुकदमे का ट्रायल पूरा कराने के मसले पर दिए गए आदेश के अनुपालन में बहराइच के जिला जज से उठाए गए कदमों की जानकारी तलब की है। पीठ ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बहराइच के जिला जज से जवाब तलब किया है। जनपद न्यायाधीश, बहराइच को तीन सप्ताह में हलफनामा दाखिल कर बताने को कहा है कि उसके आदेश के अनुपालन में पूर्ण कराने के लिए क्या कदम उठाए गए। जस्टिस इरशाद अली की एकल पीठ ने यह आदेश रंगी लाल यादव की दूसरी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

## आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारी प्रेरणा के स्रोत

### अखिलेश ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों की स्मृति को संजोए रखने पर दिया बल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को लखनऊ के गोसाईगंज में स्थापित झण्डा स्मारक पर पहुंचकर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीदों की स्मृति को संजोए रखने पर बल देते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में जिन्होंने अपने प्राणों की आहूति दी वे हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं। समाज अपने पूर्वजों के त्याग, समर्पण की भावना के प्रति नतमस्तक है। उनकी तपस्या से ही आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं।

यादव ने कहा स्वतंत्रता आंदोलन के जो मूल्य और आदर्श थे वर्तमान भाजपा सरकार ने उनको भुलाने का काम किया है। भाजपा-आरएसएस की भारत के स्वातंत्रता आंदोलन में कोई सहभागिता या भूमिका नहीं थी। इसलिए वे शहीदों की विरासत के प्रति न्याय नहीं कर सकते है। सन् 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में गांधी जी सहित जब कांग्रेस के बड़े नेता गिरफ्तार हो गए थे तब समाजवादी नेताओं डॉ. राममनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश नारायण



तथा अरूणा आसफ अली आदि ने ही आंदोलन की कमान सम्भाली थी।

गोसाईगंज नगर पंचायत का गठन 1915 ई. में हुआ था इस कस्बे से 1921 से 1942 के बीच 42 लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया इनमें 3 महिलाएं भी थीं। इस क्षेत्र में झण्डा स्मारक निर्माण स्वतंत्रता सेनानी मंगल प्रसाद यादव ने किया था। उनके नाती बृजेश यादव ने बताया कि 1930 में यहां स्वतंत्रता आंदोलन का झण्डा लगा था जिसे पुलिस जबरन उतारकर ले गई थी। 1936 में जवाहर लाल नेहरू ने ध्वज फहराया और 20 नवम्बर 1938 में नेता जी सुभाष चंद्र बोस पधारे थे, उन्होंने भी झण्डा स्मारक पर ध्वजारोहण किया था।

### आजाद भारत में किसानों के साथ भाजपा राज जैसा अन्याय कभी नहीं हुआः सपा प्रमुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में जैसा अन्याय देश के अन्नदाता किसान के साथ आजाद भारत में कभी नहीं हुआ। लगातार एक पखवाड़े से खुले आसमान के नीचे ठंड में कांपते किसान सरकार से अपनी व्यथाकथा बताने को सड़क पर हैं लेकिन सरकार है कि उसके कान में जूं ही नहीं रेंग रही है। अपने मन की बात देश को जबरन सुनाने वाले किसान की कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा किसान आंदोलन भारत के इस लोकतांत्रिक मूल्य की पुन: स्थापना का भी आंदोलन है कि सरकार के सभी फैसलों में आम जनता की भागीदारी होनी चाहिए, सरकार की मनमानी नहीं। किसानों को सरकार के जिन फैसलों से दुश्वारी है उनको समाप्त करने की मांग में अनुचित क्या है, सरकार जनता के लिए जनता द्वारा चुनी जाती है। देश की सबसे बड़ी पंचायत में जनमत की अवहेलना लोकतंत्र और संविधान की मूलभावना से ही खिलवाड़ है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की हठधर्मी के कारण ही भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए देश का हर नागरिक भी आज किसान आंदोलन के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता जा रहा है। भाजपा हताश है क्योंकि किसानों के साथ जनता भी जुड़ती जा रही है। किसान संग अवाम है हर नर-नारी और नौजवान, दम्भी सत्ता के खिलाफएकजुट है पूरा हिन्दुस्तान। उन्होंने कहा कि वैसे यह तथ्य तो अब जगजाहिर है कि भाजपा का एजेण्डा ही लोगों को झांसा देना है। सत्ता में आने के लिए उसने किसानों को कर्ज माफी, फसल की लागत का ड्योढ़ा दाम देने और सन् 2022 तक आय दुगनी करने का राग अलापा पर किया क्या, भाजपा सरकार ग्रामोफोन की अटकी सुई की तरह है, जनहित के कामों में उसकी रूचि नहीं।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने किया अटल मेडिकल यूनीवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवें फ्लोर पर वैकल्पिक तौर पर स्थापित अटल मेडिकल यूनीवर्सिटी के एकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन गुरुवार को प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। इस मौके पर पर प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे और विवि के कुलपति प्रो एके सिंह उपस्थित थे।

उद्घाटन के मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एके सिंह को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय को साकार करने में किसी प्रकार कठिनाई नहीं आने दी जायेगी, विश्वविद्यालय को गति प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस दौरान कुलपति ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री को विश्वविद्यालय की प्रगति से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लोगो एवं सूक्ति के निर्धारण हेतु प्राप्त प्रविष्टियों के आधार चयनित विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं निर्धारित पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। समारोह में कुलसचिव अनिल कुमार सिंह एवं वित्त अधिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

# नड्डा के काफिले पर हमला चिंताजनक : राज्यपाल

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर बृहस्पतिवार को हुए हमले पर चिंता व्यक्त की और कहा कि राज्य प्रशासन उनकी चेतावनियों के बावजूद कार्वाई करने में विफल रहा। राज्यपाल ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को इस बारे में आज सुबह 8.19 बजे तथा 9.05 बजे ही सतर्क किया था कि डायमंड हार्बर में भाजपा की बैठक के दौरान कानून व्यवस्था संबंधी दिक्कत पैदा हो सकती है।

धनखड़ ने ट्वीट में लिखा कि मुख्य सचिव ने उन्हें सूचित किया था कि पुलिस महानिदेशक को आगाह कर दिया गया है और तदनुसार अवगत करा दिया गया है। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, घटना से कानूनी प्राधिकार के पूरी तरह विफल होने का संकेत मिलता है।

पुलिस पर हमला न रोक पाने का आरोप लगाते हुए धनखड़ ने कहा, डायमंड हार्बर के पुलिस अधीक्षक के लिए यह समय लोकसेवक के रूप में काम करने का है। राज्यपाल ने लिखा, अराजकता तथा कानून व्यवस्था की स्थिति चरमराने से चिंतित हूं...सत्तारूढ़ पार्टी के गुंडों ने भाजपा अध्यक्ष के काफिले में तोड़फोड़ की और राजनीतिक पश्चिम बंगाल पुलिस समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि उन्हें (हमलावरों) राजनीतिक पुलिस का संरक्षण प्राप्त है...।

भाजपा सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि नड्डा के काफिले पर तब हमला हुआ जब वह भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करने डायमंड हार्बर जा रहे थे। इसमें पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित कई नेता घायल हो गए। भगवा दल ने हमले का आरोप तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लगाया है। भाजपा अध्यक्ष बुधवार से दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे पर हैं।

## हैदराबाद की महिला ने पति पर अमेरिका से फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद की 24 वर्षीय महिला ने सोमालिया के नागरिक तथा अमेरिकी नागरिकता प्राप्त अपने पति पर बिना कारण बताए फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। महिला ने इस मामले में केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप करने की अपील की है। यहां अपने पिता के साथ रह रही महिला ने बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को संबोधित करते हुए पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई। महिला ने कहा कि हैदराबाद में पढ़ाई के दौरान उसने 25 जनवरी 2015 को सोमालियाई नागरिक से शादी की थी। महिला के अनुसार तब से वह हर छह महीने बाद हैदराबाद आता था। वह आखिरी बार इस साल फरवरी में आया था। महिला ने कहा कि इसके बाद वह अमेरिका के बोस्टन चला गया और उसके संपर्क में रहा। साथ ही जरूरत के पैसे भी भेजता था।



प्रयागराज में माघ मेला उत्सव के लिए गंगा पूजन करते हुए साधु।

## एनसीबी ने बॉलीवुड के मेकअप आर्टिस्ट समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक नियंत्रण ब्यूरो** (एनसीबी) ने बृहस्पतिवार को बॉलीवुड के मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट सूरज गोदांबे समेत दो लोगों को मुंबई में गिरफ्तार किया और उनके पास से कोकीन बरामद की। एक अधिकारी ने बताया कि बॉलीवुड में मादक पदार्थ के इस्तेमाल से जुड़े मामलों की जांच कर रही एनसीबी की मुंबई जोनल इकाई ने बुधवार को अंधेरी के ओशिवारा इलाके में स्थित मीरा टॉवर में छापेमारी की।

एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि गोदांबे और एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर लालचंद्र यादव को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी दल ने उनके पास से 17.6 ग्राम वजन के, मादक पदार्थ के 16 पैकेट बरामद किए जिनमें 11 ग्राम कोकीन थी।

अधिकारी ने बताया कि गोदांबे मेकअप आर्टिस्ट और हेयर स्टाइलिस्ट है और वह कुछ प्रोडक्शन हाउस के साथ काम कर चुका है। उन्होंने बताया कि गोदांबे मादक पदार्थ मंगवाता था जबकि यादव इसकी आपूर्ति करता था। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के बाद दोनों को बृहस्पतिवार को, सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों को मुंबई की एक अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 16 दिसंबर तक एनसीबी की हिरासत में भेज दिया गया।

एनसीबी ने मंगलवार से मुंबई में कई स्थानों पर छापेमारी के बाद मादक पदार्थ के कारोबारी रीगल महाकाल समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया था। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले से जुड़े मादक पदार्थ मामले की जांच के तहत यह कार्यवाही की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि एनसीबी ने छापे के दौरान 2.5 करोड़ रुपए मूल्य की चरस और 13.51 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं।

## किसानों के प्रदर्शन को लेकर दानवे का दावा हास्यास्पद : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना सांसद संजय राउत ने किसानों के प्रदर्शन के पीछे चीन और पाकिस्तान का हाथ बताने के केन्द्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के दावे को हास्यास्पद बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर यह सच है तो केन्द्र सरकार को पड़ोसी देशों को सबक सिखाना चाहिए। राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि केन्द्र सरकार को यह तय करना चाहिए कि वह नए कृषि कानूनों को लेकर किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध का जल्द समाधान निकालना चाहती है या नहीं। नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग पर अड़े हजारों किसान 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे न्यूनतम समर्थन मूल्य और मंडी व्यवस्था खत्म हो जाएगी। सरकार ने इन कानूनों का बचाव करते हुए कहा है कि इससे आने वाले वक्त में किसानों को फायदा होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। केन्द्रीय मंत्री दानवे ने बुधवार को दावा किया कि किसानों के प्रदर्शन के पीछे चीन और पाकिस्तान का हाथ है।

## गो-वध विरोधी विधेयक के विरोध में कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा का बहिष्कार किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में गो-वध निषेध विधेयक पारित होने के विरोध में विपक्षी दल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को शीतर सत्र के अंतिम दिन सदन का बहिष्कार किया। विधानसभा अध्यक्ष के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विपक्षी दल ने आज की कार्यवाही में भाग नहीं लिया। विपक्ष के विरोध के बावजूद बुधवार को विवादित कर्नाटक मवेशी वध निषेध और संरक्षण विधेयक, 2020 विधानसभा में पारित हो गया।

विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने इसे लोकतंत्र विरोधी कार्य बताते हुए बुधवार को कहा कि इसके विरोध में कांग्रेस बृहस्पतिवार को सदन का बहिष्कार करेगी। कांग्रेस के विधायकों ने आज विधानसभा सत्र की बैठक में भाग लेने के स्थान पर पार्टी की बैठक में हिस्सा लिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर आज कांग्रेस का कोई सदस्य उपस्थित नहीं था, ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने उनसे कार्यवाही में भाग लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता सिद्धरमैया और कांग्रेस विधायकों ने कल कहा था कि वे आज की कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे और आज कोई भी उपस्थित नहीं है। मैं उनसे कार्यवाही में भाग लेने की अपील करता हूं।

आसन से विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि गो-वध संबंधी विधेयक पारित होने पर नेता विपक्ष ने उनके बारे में कुछ बातें कही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन की कार्यवाही नियमों और परंपराओं के तहत चला रहे हैं। सिद्धरमैया एवं कांग्रेस ने बुधवार को स्पीकर पर इस विधेयक को पेश और पारित करवाने की अनुमति देकर पक्षपातपूर्ण ढंग से काम करने का आरोप लगाया था। वहीं इस बारे में मंगलुरु में कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष और सांसद नलीन कुमार कतील ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधानसभा में पारित गो-वध निषेध विधेयक का विरोध करके तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। यहां जिला भाजपा कार्यालय में गऊ-पूजा के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस हमेशा गो-वध के पक्ष में रही है और विधेयक का विरोध कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है।

कतील ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है और मवेशियों के साथ लोगों का जुड़ाव भावनात्मक है। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति को जीवित रखने की आवश्यकता है क्योंकि मवेशियों की संख्या लगातार घट रही है। राज्य भाजपा प्रमुख ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह विधेयक लाने के लिए मुख्यमंत्री बी. एस. एदियुरप्पा और पशुपालन मंत्री प्रभु चौहान को धन्यवाद दिया। कतील ने कहा कि सरकार विधानसभा के अगले सत्र में लव जिहाद के खिलाफ विधेयक पेश करेगी।

## क्विक न्यूज

### जेल में चश्मा दिए जाने से मना करने पर जांच का आदेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने ऐल्गार परिषद-माओवादियों से संबंध होने के आरोप मे गिरफ्तार गौतम नवलखा को तालोजा जेल में कथित रूप से चश्मा नही दिए जाने के मामले की जांच का आदेश दिया है। देशमुख ने ट्विटर पर इस आशय की जानकारी दी। उन्होने ट्वीट किया, भीमा-कोरेगांव मामले में आरोपी गौतम नवलखा को जेल प्रशासन ने चश्मा नही दिया क्योंकि उन्होने उनके परिवार से आया पार्सल भी लौटा दिया। उन्होंने लिखा है, मैने इस मामले की जांच का आदेश दिया है। मुझे लगता है कि इसमें संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी, भविष्य में ऐसी घटनाओं के दोहराव से बचना होगा। नवलखा के परिवार के सदस्यों ने सोमवार को दावा किया कि 27 नवंबर को तालोजा जेल में उनका चश्मा चोरी हो गया है। उन्होने दावा किया है कि चश्मा के बिना नवलखा लगभग दृष्टिहीन है इसके बावजूद जब उन्होने (परिवार ने) इस महीने की शुरुआत मे डाक से नया चश्मा भेजा तो जेल प्रशासन ने उसे अस्वीकार कर दिया और वापस भेज दिया।

### तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी सरकार के दस वर्ष के शासन पर रिपोर्ट कार्ड जारी किया


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मे अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने अपनी सरकार की कल्याणकारी नीतियो और पिछले 10 वर्ष की विकासात्मक परियोजनाओं का बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट कार्ड जारी किया। राज्य के शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी टीएमसी रिपोर्ट कार्ड-विकास के दस वर्ष जारी होने के मौके पर मौजूद थे। उन्होने कहा कि ममता बनर्जी सरकार द्वारा पिछले दशक मे शुरू की गई योजनाओ से बड़ी संख्या मे लोगो का फायदा हुआ है। चटर्जी ने कहा कि पार्टी नेता राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों मे इस रिपोर्ट कार्ड को ले कर लोगो के बीच जाएंगे। टीएमसी भवन मे आयोजित इस कार्यक्रम मे राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम, सांसद डेरेक ओ ब्रायन और सुदीप बंदोपाध्याय मौजूद थे। चटर्जी ने कहा कि तृणमूल ने 2011 मे सत्ता मे आने के बाद शिक्षा के क्षेत्र के लिए आवंटित धनराशि को 13,872 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 37,069 करोड़ रुपए किया। इस दौरान अन्य नेताओ ने भी सरकार की योजनाओ और उससे हुए फायदों के बारे मे जानकारी दी।

### भारतीय वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के नए संभावित उपचार की पहचान की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय वैज्ञानिको ने ऐसी दवाओ और संभावित मिश्रणो की पहचान की है जो नोवेल कोरोना वायरस के प्रोटीन को लक्ष्य कर सकते है और संक्रमण के उपचार मे प्रभावी तरीके से मदद कर सकते हैं। ड्रगबैंक आंकड़ों के अध्ययन पर जर्नल साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित लेख मे कहा गया कि सार्स-सीओवी-2 पर हमला करने के नए तरीको की पहचान की गई जिनके बारे मे अभी तक ध्यान नही दिया गया था। तमिलनाडु के अलगप्पा विश्वविद्यालय और स्वीडन के केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अनुसंधानकर्ताओ ने ऐसी दवाओ और मिश्रण की सूची पेश की है जिन पर संक्रमण के उपचार की दृष्टि से जांच किए जाने की जरूरत है। अध्ययन मे शामिल वैभव श्रीवास्तव और अरूल मुरुगन के अनुसार इससे वायरस के उत्परिवर्तन के इर्द गिर्द काम करने मे मदद मिलेगी। श्रीवास्तव ने कहा, वायरस तेजी से उत्परिवर्तित हो रहा है अर्थात वह अपने प्रोटीन मे बदलाव कर रहा है। अगर हमारे पास कोई ऐसी दवा हो जो अनेक प्रोटीन को लक्ष्य बना सकती हो, और कोई अगर उत्परिवर्तित हो जाती है तो दवा अन्य पर भी प्रभावी होगी। इस अवधारणा ने दल को ऐसे मिश्रण तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया जिनमें कई गुण हो।

### छत्तीसगढ़ के कोरबा हाथियों के हमले में तीन ग्रामीणों की मौत

**कोरबा(भाषा)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले मे पिछले चार दिनो मे हाथियो के हमले मे दो महिलाओ समेत तीन ग्रामीणो की मौत हो गई। कोरबा जिले के वन विभाग के अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि आज तड़के लगभग चार बजे जिले के पसान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत घाघरा गांव मे बुधमनिया बाई (50) को एक दंतैल हाथी ने कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होने बताया कि बुधमनिया बाई फसल की रखवाली के लिए खलिहान मे सोई हुई थी। इस दौरान एक दंतैल हाथी खलिहान मे घुस आया और महिला को कुचलकर मार डाला। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर वन विभाग के दल को रवाना किया गया तथा महिला का शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियो ने बताया कि क्षेत्र मे 17 हाथियो का दल विचरण कर रहा है। वन विभाग ने गांवो मे मुनादी कर ग्रामीणो को सतर्क किया है कि वह जंगल मे न जाएं और न ही खलिहान मे रात गुजारे। वन विभाग के अधिकारियो ने बताया कि इससे पहले सोमवार की शाम पसान वन परिक्षेत्र के बिर्री गांव निवासी घासीराम गोंड़ (65) की हाथी के हमले मे मौत हो गई थी। उन्होने बताया कि गोंड़ मवेशियो को चराने के बाद उन्हे गौठान मे बांधकर अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान अचानक एक हाथी ने गोंड़ पर हमला कर दिया। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



केरल के एनारकुलम में स्थानीय चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव में वोट डालने के लिए लाइन में लगे हुए मतदाता।

## महाराष्ट्र : शिरडी जाते समय हिरासत में ली गई तृप्ति देसाई

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर में पुलिस ने सामाजिक कार्यकर्ता तृप्ति देसाई और उनके संगठन के अन्य सदस्यों को शिरडी जाते समय रास्ते में हिरासत में ले लिया। वे लोग साईबाबा मंदिर के बाहर लगे बोर्ड को हटाने के लिए शिरडी जा रहे थे जिस पर लिखा है कि श्रद्धालु सभ्य तरीके के कपड़ा पहनें। देसाई ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर विवादास्पद संदेश वाले बोर्ड को नहीं हटाया जाता है तो वह और अन्य कार्यकर्ता दस दिसंबर को शिरडी जाएंगे और खुद ही बोर्ड हटा देंगे।

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट (शिरडी क्षेत्र) गोविंद शिंदे ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए देसाई को नोटिस जारी किया था और उनसे कहा था कि अहमदनगर के शिरडी में आठ दिसंबर की मध्य रात्रि से 11 दिसंबर की मध्य रात्रि तक प्रवेश नहीं करें। बहरहाल, नोटिस की अवहेलना करते हुए देसाई अपनी संगठन भूमाता ब्रिगेड के 20 सदस्यों के साथ बृहस्पतिवार की सुबह शिरडी जाने के लिए पुणे से रवाना हुईं।

अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक मनोज पाटिल ने कहा, हमने पुणे-अहमदनगर राजमार्ग पर सुपा गांव के पास बंबई पुलिस कानून की धारा 68 के तहत देसाई को संगठन के 15- 16 अन्य सदस्यों के साथ हिरासत में लिया। साईबाबा मंदिर न्यास ने हाल में मंदिर परिसर के बाहर एक बोर्ड लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भारतीय संस्कृति के मुताबिक सभ्य तरीके से कपड़े पहनें। न्यास के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें शिकायतें मिली थीं कि कुछ लोग मंदिर में आपत्तिजनक तरीके से कपड़े पहनकर आते हैं। बहरहाल, न्यास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने श्रद्धालुओं पर कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया है और यह संदेश केवल अपील है।

## बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में कुछ सुधार, लेकिन अभी स्थिति नाजुक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्वास्थ्य में बृहस्पतिवार को थोड़ा सुधार हुआ, लेकिन उनकी स्थिति अब भी नाजुक है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि 76 वर्षीय नेता अब भी वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल में बुद्धदेव का उपचार कर रहे एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा, उनकी स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। उनका पीसीओटू स्तर भी स्थिर है और आज सुबह यह 42 रहा। सीओपीडी (फेफड़ों में रुकावट से श्वसन संबंधी परेशानी) के मरीजों के लिए यह स्तर सामान्य है। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है और उनकी स्थिति नाजुक है।

उनके हृदय की स्थिति, धड़कन, रक्तचाप और ऑक्सीजन का स्तर इस समय स्थिर है। उसने बताया कि रक्त संबंधी जांच समेत प्राथमिक जांच में कोई विशेष असामान्यता नहीं दिखी। डॉक्टरों की सात सदस्ईय टीम ने उनकी स्थिति का आकलन किया। बयान में बताया गया कि भट्टाचार्य को बृहस्पतिवार को भी वेंटिलेटर पर रखा जाएगा और वेंटिलेटर से उन्हें धीरे-धीरे हटाए जाने की योजना बनाई जा रही है।

भट्टाचार्य को सांस संबंधी तकलीफ बढ़ने के बाद बुधवार दोपहर निजी अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने आगे के उपचार की जानकारी देते हुए बताया कि भट्टाचार्य को पर्याप्त पोषक तत्व दिए जा रहे हैं और अन्य बातों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। वह अब भी वेंटिलेंटर पर हैं। चिकित्सक ने कहा, चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रख रहे हैं और उचित कदम उठा रहे हैं। भट्टाचार्य के परिवार के सदस्यों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी दी गई और माकपा राज्य सचिव सूर्य कांत मिश्रा दिन में अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने बताया कि माकपा नेता की ऑक्सीजन का स्तर 90 से 95 प्रतिशत के आस-पास है और वह होश में आ गए हैं।

## हज के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 10 जनवरी किया गया

**नई दिल्ली/मुंबई।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बृहस्पतिवार को बताया कि हज-2021 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को आज 10 दिसंबर से बढ़ा कर 10 जनवरी तक कर दिया गया है और साथ ही हज यात्रियों के अनुमानित खर्च में भी कमी की गई है। मंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, प्रति तीर्थयात्री अनुमानित खर्च को रवानगी केन्द्रों के अनुसार कम कर दिया गया है।

नकवी ने यह भी कहा कि हज जून-जुलाई 2021 में होना निर्धारित है। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सऊदी अरब और भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया चल रही है। नकवी ने यहां भारतीय हज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसके बाद उनके हवाले से जारी बयान में कहा गया है, आज यानी दस दिसंबर हज 2021 के लिए आवेदन का अंतिम दिन था। अब इस तारीख को बढ़ाकर 10 जनवरी 2021 कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि हज 2021 के लिए अब तक 40 हजार से अधिक आवेदन मिल चुके हैं। इनमें 500 से अधिक वे महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने मेहरम श्रेणी (पुरुष साथी के बिना हज पर जाना) के तहत आवेदन किया है।

बयान के अनुसार हज 2020 के लिए 2,100 महिलाओं ने इस श्रेणी के तहत आवेदन किया था। उनके आवेदन अभी वैध हैं, इसलिए वे अगले साल हज पर जाएंगी। इसके अलावा इस श्रेणी में नए आवेदन भी स्वीकार किए जा रहे हैं। इस श्रेणी के तहत हज पर जाने की इच्छुक महिलाओं को लॉटरी व्यवस्था से अलग रखा जाएगा। नकवी ने कहा कि सऊदी अरब से फीडबैक मिलने और उसपर चर्चा के बाद प्रति हज यात्री अनुमानित खर्च को रवानगी केन्द्रों से अनुसार कम कर दिया गया है।

हज 2021 पर जाने के लिए 10 रवानगी केन्द्र अहमदाबाद, बेंगलुरू, कोचीन, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और श्रीनगर हैं। हज के लिए आवेदन, ऑनलाइन और मोबाइल एप्प के जरिए एवं ऑफलाइन माध्यम से किए जा रहे हैं। नकवी ने कहा, रवानगी केन्द्र (इम्बार्केशन प्वाइंट) के अनुसार हज 2021 के खर्च के आकलन एवं सऊदी अरब से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रति हज यात्री सम्भावित खर्च भी कम किया गया है। वर्तमान आंकलन के मुताबिक, अहमदाबाद और मुंबई रवानगी केन्द्र से जाने वाले हज यात्रियों को लगभग 3 लाख 30 हजार रूपएअ बेंगलुरु, लखनऊ दिल्ली और हैदराबाद रवानगी केन्द्र से जाने वाले हज यात्रियों को लगभग 3 लाख 50 हजार रूपए खर्च करने होगे।



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में भाजपा नेता विजय वर्गीय की कार पर हमले में घायल ड्राइवर अपनी चोट दिखाता हुआ

# नए संसद भवन में दिखेगी विभिन्न धर्मों के पावन चिन्हों की झलक

**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** का नया भवन त्रिभुजाकार होगा जो कई धर्मों के पावन चिन्हों की एक झलक पेश करेगा और देश के तीन राष्ट्रीय प्रतीकों कमल, मोर और बरगद पर आधारित थीम इसके भीतरी हिस्से की शोभा बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नए संसद भवन की आधारशिला रखी। 917 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाले इस भवन का निर्माण कार्य देश की आजादी के 75 साल पूरे होने तक हो जाने की संभावना है।

इस नए संसद भवन का निर्माण वर्तमान संसद भवन के बिल्कुल सामने हो रहा है। यह निर्माण कार्य टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। करीब 100 साल पहले 83 लाख रुपए की लागत से बने मौजूदा संसद भवन को संग्रहालय में तब्दील कर दिया जाएगा। नए संसद भवन में लोकसभा और राज्यसभा कक्षों का आकार पहले के मुकाबले काफी बड़ा होगा। नए भवन में संसदीय कार्यवाही के दौरान 888 लोकसभा सदस्यों और 384 राज्यसभा सदस्यों के बैठने की क्षमता होगी। लोकसभा कक्ष में 1272 लोगों के बैठने की अतिरिक्त क्षमता होगी ताकि यहां पर दोनों सदनों की संयुक्त बैठक हो सके। नए भवन के वास्तुकार विमल पटेल ने पीटीआई-भाषा को बताया, नए संसद भवन को त्रिभुजाकार में डिजाइन किया गया है क्योंकि यह इसी आकार वाले भूखंड पर बन रहा है। इसमें तीन प्रमुख कक्ष- लोकसभा, राज्यसभा और सेंट्रल लॉन्ज होंगे। साथ ही, देश के कई धर्मों और संस्कृतियों से जुड़े पावन चिन्ह त्रिभुजाकार भवन की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा कक्ष के लिए थीम राष्ट्रीय पक्षी मोर तथा राज्यसभा कक्ष के लिए थीम राष्ट्रीय पुष्प कमल और सेंट्रल लॉन्ज के लिए थीम राष्ट्रीय पेड़ बरगद है। राष्ट्रीय चिन्ह इस नए संसद भवन का शिखर होगा। पटेल के अनुसार, नई इमारत की पूरी संरचना वर्तमान संसद के अनुरूप होगी ताकि दोनों भवन के एक दूसरे के पूरक लगें।

नए संसद भवन की छत की चित्रकारी राष्ट्रपति भवन की चित्रकारी की तरह होगी और कारपेट का डिजाइन भी पारंपरिक होगा। वर्तमान संसद भवन की कई खूबियां इस नए भवन में भी देखने को मिलेंगी। मसलन, इसके अंदर की दीवारों में भी श्लोक अंकित होंगे।

## अंदर की शोभा बढ़ाएंगे राष्ट्रीय प्रतीक



# जिस भवन से शुरू हुआ भारत का नियति के साथ साक्षात्कार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** की सर्वोच्च पंचायत की गोलाकार आकृति वाला ऐतिहासिक संसद भवन भले ही अब इसके एक नए भवन परिसर के कारण सत्ता की चमक-धमक से दूर हो जाएगा किंतु इसकी ऐतिहासिक प्रासंगिकता कभी धुंधली नहीं पड़ सकती क्योंकि यही वह स्थान है जहां से देश ने नियति के साथ साक्षात्कार किया था।



लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष काश्यप ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह वही भवन है जहां क्रांतिकारी भगत सिंह ने औपनिवेशिक ब्रिटिश सरकार को जगाने का प्रयास किया था, जहां संविधान को अपना स्वरूप मिला, जहां ब्रिटिश सरकार ने सत्ता सौंपी। यह वही परिसर है जहां पहली बार सांसद के रूप में कदम रखने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माथा टेका था। इन बातों को, घटनाओं को भुलाया नहीं जा सकता है। लोकसभा के एक अन्य पूर्व महासचिव पी. डी. टी. आचार्य का कहना है कि भले ही भविष्य में कदम रखने के लिए नए भवन की आवश्यकता है लेकिन हमें वर्तमान भवन के ऐतिहासिक महत्व और विरासत को बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आसपास के भवनों से वर्तमान संसद भवन को ढंकने का कोई भी प्रयास इतिहास के साथ हिंसा होगी। काश्यप ने विश्वास जताया कि नए भवन के निर्माण से वर्तमान संसद भवन का ऐतिहासिक महत्व कम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह दुनिया के सर्वोत्तम संसद भवनों में से एक है। इसका ऐतिहासिक महत्व बने रहना चाहिए और मुझे लगता है कि वह बना रहेगा। यह संसद भवन कई ऐतिहासिक घटनाओं का गवाह रहा है। इसी भवन में क्रांतिकारी भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम फेंक कर ब्रिटिश सरकार तक अपनी आवाज पहुंचानी चाही थी, यहां पर संविधान सभा की बैठकें हुईं, पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 14-15 अगस्त, 1947 की आधी रात को देश की आजादी के अवसर पर अंग्रेजी में अपना भाषण ट्राइस्ट विथ डेस्टिनी (नियति के साथ साक्षात्कार) दिया था। ब्रिटिश कालीन इस इमारत की डिजाइन और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बाकर को दी गई थी। इन्हीं लुटियंस के नाम पर संसद भवन और आसपास के क्षेत्र को लुटियंस जोन कहा जाता है। वर्तमान संसद भवन की आधारशिला 12 फरवरी 1921 को रखी गई और छह साल चले निर्माण कार्य में उस समय 83 लाख रुपए का खर्च आया था। भवन का उद्घाटन भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन ने किया था। आचार्य ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मौजूदा भवन देश के इतिहास के एक सुनहरे पन्ने को दिखाता है और नए संसद भवन के निर्माण के साथ ही यह अध्याय समाप्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 2026 में सांसदों की अधिकतम संख्या पर लगी रोक समाप्त होने के बाद उनकी संख्या बढ़ेगी और वर्तमान संसद भवन में इतने लोगों के बैठने की जगह नहीं है। आचार्य ने कहा, नई जगह खोजना जरूरी है और इसे जितना जल्दी किया जाए उतना ही अच्छा होगा। इसका अर्थ यह नहीं है कि इस तरह का प्रचार किया जाए कि पुराने संसद भवन का कोई महत्व नहीं है और नया संसद भवन विशाल और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण गलत नहीं हैं, लेकिन इसे जिस तरह से पेश किया जा रहा है, उसे लेकर मुझे चिंता है।

# शाह ने केंद्रीय बलों से जवानों को दी गई छुट्टियों का रिकॉर्ड मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**केन्द्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को निर्देश दिया है कि वे पिछले तीन साल में जवानों को दिए गए अवकाश की सूची बनाकर उनके मंत्रालय को भेजें। गौरतलब है कि गृहमंत्री अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत जवानों को साल में कम से कम 100 दिन अपने परिवार के साथ गुजारने का मौका देने के पक्ष में हैं।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि गृहमंत्रालय ने सभी बलों को निर्देश दिया है कि वे अवर महानिदेशक (मानव संसाधन प्रभारी) रैंक के एक अधिकारी को इस काम पर लगाएं और अगले महीने के पहले सप्ताह तक जवानों की छुट्टियों के संबंध में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। केन्द्रीय सशस्त्र बलों या अर्धसैनिक बलों में सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी शामिल हैं। गृहमंत्रालय का यह निर्देश उसके तहत आने वाले असम राइफल्स पर भी लागू होगा। पीटीआई को प्राप्त आधिकारिक दस्तावेज के अनुसार, शाह ने पिछले साल शुरू की गई इस योजना का हाल ही में समीक्षा करने के बाद यह निर्देश दिया है। इस योजना के तहत बलों को सुनिश्चित करना है कि प्रत्एक जवान और अधिकारी साल में कम से कम 100 दिन अपने परिवार के साथ गुजारें। इस योजना का लक्ष्य बेहद मुश्किल हालात में लंबे-लंबे शिफ्ट में काम करने वाले बलों में तनाव को कम करना, खुशियों को बढ़ाना है। गृह मंत्रालय ने सभी बलों से पिछले तीन साल, 2018, 2019 और 2020 में जवानों को दी गई छुट्टियों का पूरा हिसाब मांगा है, ताकि पता किया जा सके कि गृहमंत्री का प्रस्ताव जमीनी स्तर पर लागू हो रहा है या नहीं। गृहमंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसका लक्ष्य यह पता करना है कि बल निर्देशों को लागू कर पा रहे हैं या नहीं। आंकड़ों से मंत्रालय और गृहमंत्री को जमीनी हालात और अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारणों का पता लगता है।

बलों से कहा गया है कि वे मंत्रालयों को अपने संख्या बल के बारे में बताएं, कितने लोगों को साल में 75 अवकाश पाने का अधिकार है और उनमें से कितने कर्मियों ने अपना अवकाश लिया है। कितने जवानों ने 60-74 अवकाश लिया है और उनमें से कितने सिर्फ 45 से 59 दिन अवकाश ले पाए हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर विवाद में पक्षकार बनने के लिए पांच नई याचिकाएं दायर

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जनपद में श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर से शाही ईदगाह को हटाकर उक्त भूमि वापस मंदिर ट्रस्ट को सौंपे जाने के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में चल रहे मामले में बृहस्पतिवार को पांच अन्य लोगों ने पक्षकार बनाए जाने के लिए याचिकाएं दायर कीं।

अदालत सात जनवरी को इस मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के समय 18 नवम्बर को अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा एवं श्री माथुर चतुर्वेद परिषद ने इस मामले में वाद दाखिल करने वाली रंजना अग्निहोत्री आदि की याचिका को निरस्त करने का आग्रह किया था जबकि अखिल भारत हिन्दू महासभा ने उनका पक्ष लेते हुए शाही ईदगाह के कथित अतिक्रमण को वहां से हटाने की प्रार्थना की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता (आपराधिक मामले) शिवराम सिंह तरकर ने बताया, बृहस्पतिवार को कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मथुरा नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अग्रवाल, गोवर्धन के पूर्व विधायक अजय कुमार पोइया के पुत्र ब्रजेंद्र कुमार पोइया, भाजपा नेता योगेश कुमार उपाध्याय उर्फ आवा और डॉ. केशवाचार्य (वृन्दावन) तथा एक अन्य याचिकाकर्ता अजय गोयल ने स्वयं को पक्षकार बनाए जाने के लिए अर्जी दाखिल की है।

उन्होंने बताया, इससे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से वकील राधाकृष्ण खण्डेलवाल अदालत में पेश हुए और वकालतनामा प्रस्तुत किया। तरकर ने बताया कि बृहस्पतिवार को जिला न्यायाधीश साधना रानी ठाकुर के अवकाश पर रहने के कारण अगली सुनवाई सात जनवरी को तय की गई है।

# मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की भूमिका महत्वपूर्ण : राय

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री नित्यानंद राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि कर्तव्य के पालन के अलावा मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र ने समाज के कमजोर तबके के कल्याण और विकास को शीर्ष प्राथमिकता दी है। कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए राय ने कहा, मानवाधिकारों की रक्षा करने में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सुरक्षा बल पूरे साहस के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के साथ ही नागरिकों के अधिकारों के प्रति भी अत्यंत संवेदनशीलता का परिचय दे रहे हैं। गृह मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक गृह राज्यमंत्री राय ने कहा कि कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा तभी की जा सकती है जब न केवल वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों बल्कि समाधान भी उन तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों के संवर्धन एवं संरक्षण में स्थानीय पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए उन्हे सशक्त करने का काम किया गया है।

मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से प्रत्एक व्यक्ति के भोजन के अधिकार की रक्षा कर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी भूखा न रहे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को सशक्त करने के लिए मनरेगा के तहत दी जाने वाली मजदूरी में भी वृद्धि की गई है। कोविड-19 से प्रभावित प्रवासी मजदूरों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधे पैसे पहुंचाए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों के प्रोत्साहन और संरक्षण के लिए किए गए कार्यों और उसमें लोगों के विश्वास की सराहना करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि आयोग भय और पक्षपात के बिना अर्द्धन्यायिक निगरानीकर्ता की अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है।

उन्होने कहा कि मानवाधिकारों को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य पीसी पंत ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से यह वर्ष पूरी दुनिया में मानवता के लिए बहुत ही कठिन रहा है।

# पेज 1 का शेष

## प्रस्ताव पर...

तो हम मिलकर अगली बैठक के बारे में फैसला कर लेंगे। सरकार ने बुधवार को किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था के जारी रहने को लेकर लिखित आश्वासन देने का प्रस्ताव भेजा था। सरकार ने कहा कि एमएसपी व्यवस्था जारी है और जा रहेगी। हालांकि, किसान संगठनों ने सरकार की इस पेशकश को ठुकरा दिया और कहा कि तीनों कृषि कानूनों को पूरी तरह वापस लिये जाने की अपनी मांग को वह आंदोलन तेज करेंगे। एमएसपी पर नये कानून के बारे में पूछे जाने पर तोमर ने कहा कि नये कृषि कानूनों का एमएसपी व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा। एमएसपी व्यवस्था पहले की तरह जारी रहेगी। कृषि मंत्री ने किसानों से बातचीत के मेज पर लौटने का आग्रह करते हुये कहा कि सरकार की तरफ से जो पेशकश की गई है उन पर वह विचार करें। सरकार उनमें भी यदि कोई मुद्दा है तो उस पर बातचीत के लिये तैयार है। तोमर ने कहा कि ऐसे समय जब बातचीत चल रही है और सरकार आगे भी बातचीत के लिये तैयार है विरोध प्रदर्शन को तेज करना उचित नहीं है। किसानों की सभी समस्याओं और चिंताओं पर बातचीत के लिये सरकार तैयार है। कृषि मंत्री ने विश्वास जताया कि बातचीत से कोई न कोई समाधान निकल आयेगा।

## किसान टस...

नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने कहा कि केन्द्र ने स्वीकार किया है कि कानून व्यापारियों के लिए बनाए गए हैं। अगर कृषि राज्य का विषय है तो, केन्द्र को उसपर कानून बनाने का अधिकार नहीं है। हजारों की संख्या में किसान दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों पर प्रदर्शन करते हुए नए कृषि कानूनों को वापस लेने और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को बनाए रखने की मांग कर रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल...

गुजरने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी वाहनों के साथ दौड़ने लगे और उनपर मुक्कों, लाठी-डंडों तथा लोहे की छड़ों से हमला कर शीशे तोड़ दिए। कुछ किमी. दूर प्रदर्शनकारियों के एक और समूह ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया और नड्डा के काफिले पर पथराव कर दिया। विजयवर्गीय और पार्टी उपाध्यक्ष मुकुल रॉय के हाथ में चोट आई है, जबकि रॉय के सुरक्षाकर्मी के सिर में पत्थर लगा। नाराज नड्डा ने हमले को अभूतपूर्व करार दिया और आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है और यह गुंडा राज में तब्दील हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंसा से ममता बनर्जी सरकार की हताशा झलकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्रियों तथा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने घटना की निन्दा की है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक नेताओं को इस तरह से निशाना बनाना बेहद चिंताजनक है। इस घटना की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। पूर्व भाजपा अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि तृणमूल शासन में बंगाल अत्याचार, अराजकता और अंधकार के युग में जा चुका है। पश्चिम बंगाल के अंदर जिस तरह राजनीतिक हिंसा को संस्थागत कर चरम सीमा पर पहुंचाया गया है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए दुखद भी है और चिंताजनक भी। केंद्र सरकार इस हमले को पूरी गंभीरता से ले रही है।

## खुद पर...

बाद भी वे इतने भयभीत क्यों हैं। मुख्यमंत्री के भतीजे एवं डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने हालांकि दावा किया कि यह जनता का गुस्सा था, क्योंकि भाजपा मुसीबत के समय लोगों के साथ खड़ी नहीं रही। तृणमूल कांग्रेस की युवा इकाई के प्रमुख ने आरामबाग में एक रैली में कहा कि नड्डा डायमंड हार्बर में आज परेशानी में थे। मैं इसमें क्या कर सकता हूं? लोगों के गुस्से का फूटना मेरी जिम्मेदारी नहीं है। लॉकडाउन, जीएसटी और नोटबंदी की वजह से हुई कठिनाइयों के बावजूद भाजपा लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं दी।

## आत्मनिर्भर भारत...

बना है। चार मंजिला नए संसद भवन का निर्माण कार्य भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है। नए संसद भवन का निर्माण 971 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 64,500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किए जाने का प्रस्ताव है। ज्ञात हो कि नए संसद भवन के निर्माण का प्रस्ताव उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू एवं लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने क्रमशः राज्यसभा और लोक सभा में 5 अगस्त 2019 को किया था। मोदी ने कहा कि आज जैसे इंडिया गेट से आगे नेशनल वॉर मेमोरियल ने नई पहचान बनाई है, वैसे ही संसद का नया भवन अपनी पहचान स्थापित करेगा। नए संसद भवन के शिलान्यास को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में मील के पत्थर की तरह है। उन्होंने कहा, भारतीयों द्वारा, भारतीयता के विचार से ओतप्रोत भारत के संसद भवन के निर्माण का प्रारंभ हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं के सबसे अहम पड़ाव में से एक है। हम भारत के लोग मिलकर अपनी संसद के इस नए भवन को बनाएंगे। ...और इससे सुंदर क्या होगा, इससे पवित्र क्या होगा, जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पर्व मनाएगा, उस पर्व के साथ-साथ प्रेरणा हमारी संसद की नई इमारत बने। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 130 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का दिन है जब सभी इस ऐतिहासिक पल के गवाह बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण नूतन और पुरातन के सहअस्तित्व का उदाहरण है और यह समय तथा जरूरतों के अनुरूप खुद में परिवर्तन लाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर उस दिन को भी याद किया जब 2014 में पहली बार एक सांसद के तौर पर वह संसद भवन पहुंचे थे और उस वक्त उन्होंने लोकतंत्र के इस मंदिर में कदम रखने से पहले माथा टेक कर नमन किया था। उन्होंने कहा, हमारे वर्तमान संसद भवन ने आजादी के आंदोलन और फिर स्वतंत्र भारत को गढ़ने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। आजाद भारत की पहली संसद भी यहीं बैठी। इसी संसद भवन में हमारे संविधान की रचना हुई है। बाबा साहेब आंबेडकर और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सेंट्रल हॉल में गहन मंथन के बाद हमें संविधान दिया। संसद की मौजूदा इमारत स्वतंत्र भारत के हर उतार-चढ़ाव, हमारी हर चुनौतियों और समाधान, हमारी आशा और आकांक्षाओं और हमारी सफलता का प्रतीक रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद के शक्तिशाली इतिहास के साथ ही यथार्थ को भी स्वीकारना उतना ही आवश्यक है कि ये इमारत अब करीब-करीब सौ साल की हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई केंद्रीय मंत्री, बड़ी संख्या में सांसद और कई देशों के राजदूत इस ऐतिहासिक अवसर के गवाह बने।

## प्रजातंत्र को...

आरोप लगाया, मोदी जी लोकतंत्र के मूल्यों और संस्कृति पर नैतिक सीख दे रहे हैं, जबकि व्यवहार में वह लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं, हर विरोध को दबा रहे हैं और युवाओं को अपना जीवनसाथी चुनने से रोक रहे हैं। यह घोर दोहरा मापदंड है। दूसरी ओर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद के नए भवन के शिलान्यास के अवसर पर कहा कि सांसदों के संवैधानिक दायित्वों को पूरा करने के लिए नए भवन की जरूरत थी। वहीं उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि संसद का नया भवन हमारे सनातन संस्कारों और 21वीं सदी की हमारी अपेक्षाओं, आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।

## डिप्टी सीएम...

सदस्यों की हत्या की साजिश रच रहे हैं। आप नेता ने कहा कि दिल्ली पुलिस के जो अधिकारी उपमुख्यमंत्री के आवास की सुरक्षा में तैनात थे, उन्हें हमले की पहले से सूचना थी। उन्होंने जानबूझकर बैरिकेड हटा दिये, ताकि भाजपा समर्थक उनके घर में घुस सकें। कालकाजी से विधायक आतिशी ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में ऐसा पहली बार है कि किसी विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के गुंडों ने पुलिस के समर्थन से एक उपमुख्यमंत्री के परिवार के सदस्यों पर हमला किया। आतिशी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जो भाजपा के गुंडों को डिप्टी सीएम के परिवार पर हमला करने और पुलिस को इन गुंडों का समर्थन करने का निर्देश दे सकते हैं। दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि भाजपा के युवा मोर्चा और एसी विंग के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए मथुरा रोड पर स्थित सिसोदिया के आवास के पास लगे पुलिस बैरिकेड को पार करने की कोषिष की, जिनमें से चार-पांच को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उन्हें मंदिर मार्ग थाने ले गई। उन्होंने कहा कि मेयर और अन्य पार्टी नेता दिल्ली के लोगों और निगम कर्मियों को न्याय दिलाने के लिए लड़ रहे थे। देवराहा ने कहा कि महापौर और निगम के अन्य नेता पिछले चार दिनों से ठंड में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार 13,000 करोड़ रुपये का बकाया नहीं दे रही है। इससे कोरोना वारियर्स के रूप में लोगों की सेवा कर रहे सफाई कर्मचारियों, डॉक्टरों और नर्सों आदि को वेतन भुगतान में समस्या आ रही है। दिल्ली भाजपा ने बुधवार को डीसीपी ऑफिस में डिप्टी सीएम सिसोदिया और आप नेता दुर्गेश पाठक के खिलाफ शिकायत दी है जिसमें दोनों नेताओं पर भाजपा नेताओं और महापौरों की हत्या की साजिष रचने का आरोप लगाया गया है।

## संयम रखने....

मुक्त और समेकित वातावरण पर भारत का रूख साझा किया। उन्होंने राष्ट्रों की सीमाओं की अखंडता और विवादों के बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान की भी बात कही। अधिकारियों ने बताया कि चीन के रक्षा मंत्री वेई फेंगही भी इस ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में आसियान के 10 सदस्य देशों के अलावा आठ वार्ता साझेदारों भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया, रूस और अमेरिका ने हिस्सा लिया। सिंह ने कहा कि जिस समय हम आपसी विश्वास और भरोसा बढ़ा रहे हैं, ऐसे में स्थिति को और पेचीदा बनाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने और गतिविधियों को अंजाम देने में संयम बरतने से क्षेत्र में शांति बनाने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सात महीने से अधिक समय से सीमा पर जारी गतिरोध की पृष्ठभूमि और दक्षिण चीन सागर तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी गतिविधियों के बीच आई है। गौरतलब है कि दक्षिण चीन सागर में आसियान के कई सदस्य देशों का चीन के साथ सीमा विवाद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता, खुलेपन और समावेशिता के मूल सिद्धांतों के आधार पर मिलकर चुनौतियों से निपटने की क्षमता क्षेत्र का भविष्य तय करेगी। सिंह ने कहा कि नियम आधारित व्यवस्था, समुद्री सुरक्षा, साइबर संबंधी अपराध एवं आतंकवाद जैसे कई खतरे हैं, जो चुनौतियां बने हुए हैं और हमें एक मंच के तौर पर इनसे निपटने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र कई परंपरागत और गैर-परंपरागत सुरक्षा खतरों का सामना कर रहा है। उन्होंने पिछले साल ईस्ट एशिया सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिन्द-प्रशांत महासागर पहल (आईपीओआई) को शुरू करने का जिक्र करते हुए आईपीओआई और हिन्द-प्रशांत पर आसियान नजरिये की समानताओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुबंकम जिसका अर्थ है कि पूरा विश्व एक परिवार है और सर्वे भवंतु सुखिना अर्थात सर्वत्र शांति हो.. भारतीय सभ्यता के मूल में है। इसलिए समावेशिता, समानता और खुलापन इस सिद्धांत में समाहित है। रक्षा मंत्री ने जैव आतकंवाद, अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी और महामारी के खतरों से निपटने के लिए सतत प्रयास करने की अपील की। साथ ही उन्होंने साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए क्षमता निर्माण की जरूरत पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कोरोना वायरस संक्रमण की चुनौती से मिल कर निपटने की भी बात कही।

## एनसीपी प्रमुख...


नेतृत्व क्षमता पर जमकर प्रहार किए। इसी बीच, कांग्रेस नेताओं के एक धड़े ने भाजपा के खिलाफ विपक्ष की लड़ाई के लिए अस्वस्थ सोनिया के नेतृत्व पर सवाल उठाया है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि राहुल को कांग्रेस की कमान संभालने के लिए अभी राजी करना बाकी है और उनकी अपनी मां के बाद यूपीए का नेतृत्व करने की इच्छा भी नहीं है। इस स्थिति में ऐसी संभावनाएं हैं कि राहुल गांधी यूपीए का चेहरा बने रह सकते जबकि विरोधी धड़े में सबसे वरिष्ठ नेता होने के चलते पवार को इसका अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सोनिया केवल सलाहकार के रूप में सक्रिय रह सकती हैं। महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी दोनों ही शिवसेना के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार में शामिल हैं। इस गठबंधन को मूर्तरूप देने में पवार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। कांग्रेस में सोनिया के खास अहमद पटेल की मृत्यु और कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा जैसे तमाम नेताओं की नाराजगी खुलकर सामने आने के बाद पार्टी के अनेक वरिश्ठों का भी मानना है कि विपक्षी खेमे में शरद पवार जैसे बड़े नेता फैसले लेने में बड़ी भूमिका निभाएं। बीते बुधवार को किसानों के प्रदर्शन के संबंध में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने गए विपक्षी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शरद पवार ने किया, जबकि इस मौके पर राहुल गांधी भी साथ थे। ऐसे में यूपीए की कमान शरद पवार के हाथों में आने की अटकलों को बल मिला है। सोनिया गांधी 2004 से यूपीए की अध्यक्ष हैं। उस समय कांग्रेस ने डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में पेश कर वाम दलों के साथ गठबंधन में सरकार बनाई थी। वर्तमान में यूपीए में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके), इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक संघ (एआईयूडीएफ) 12 सदस्य दल शामिल हैं।

## जेवर एयरपोर्ट...

को बढ़ावा देने के साथ साथ इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं को बेहतरीन प्रशिक्षण के अवसर भी उपलब्ध कराएगी। उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रस्तावित नीति में विमानन क्षेत्र में पायलट, अभियन्ता, टेक्नीशियन, फ्लाईट डिस्पैचर, केबिन क्रू से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए हवाई पट्टी का उपयोग किये जाने की व्यवस्था की गई है। सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त हवाई पट्टी राजकीय विमानों और चार्टर आपरेशन के लिए भी उपलब्ध रहेगी। निजी संस्था को स्वयं के व्यय पर ट्रेनिंग के लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। नियामक संस्थाओं से स्वीकृतियाँ प्राप्त करना और उनकी गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। हवाई पट्टी पर उपलब्ध अन्य संसाधनों का उपयोग निजी संस्था कर सकेंगी। इसके अलावा अब तक फ्लाइंग क्लब से प्रारंभिक 5 वर्ष और फिर 5.5 वर्ष करके 30 वर्ष तक नवीनीकरण की व्यवस्था थी। जिसे अब एकमुश्त 10 वर्ष करने का प्रस्ताव है। साथ ही, इन्फ्रास्ट्रक्चर के दृष्टिगत नाइट लैंडिंग की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश मे विभिन्न हवाई पट्टियों पर 7 निजी संस्थाओं ने पायलट तथा विमानन अभियन्ता के कोर्स का संचालन किया जा रहा है।

# बंगाल में बांग्लादेशी लोग बस रहे हैं, लेकिन राज्य के लोगों को भगाया जा रहा है: जेपी नड्डा

**भाषा।** डायमंड हार्बर (पश्चिम बंगाल)



**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बांग्लादेश के लोग यहां आ रहे हैं और बस रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस राज्य के निवासियों को भगा रही है। दक्षिण 24 परगना जिले में मछुआरा समुदाय के लोगों के साथ एक बैठक में नड्डा ने आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा राज्य को भेजे जाने वाले अनाज को तृणमूल कांग्रेस के नेता हड़प जाते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टतम सरकारों में से एक यहां चल रही है। यह चाल (चावल) चोर की सरकार है। नड्डा ने आरोप लगाया, बांग्लादेश से लोग यहां आ रहे हैं और बस रहे हैं, जबकि पश्चिम बंगाल के निवासियों को तृणमूल कांग्रेस राज्य से बाहर भगा रही है।

# कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव कराने की वकालत की

**जम्मू।** कांग्रेस की जम्मू कश्मीर मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने बृहस्पतिवार को इस केंद्रशासित प्रदेश में निर्वाचित सरकार की मांग करते हुए कहा कि यदि कोविड-19 के समय जिला विकास परिषद (डीडीसी) के चुनाव कराए जा सकते हैं तो विधानसभा के भी चुनाव कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू कश्मीर में प्रचार के लिए दर्जनों केंद्रीय मंत्रियों, राष्ट्रीय नेताओं और फिल्मी हस्तियों को लेकर आई क्योंकि उसे डर है कि वह इस स्थानीय चुनाव में हार जाएगी। पाटिल ने कांग्रेस नेताओं की सुरक्षा एवं गाड़ियां वापस लेने को लेकर प्रशासन पर भी निशाना साधा एवं दावा किया कि इस कदम का लक्ष्य उन्हें डीडीसी चुनाव में प्रचार से रोकना है। पाटिल के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर भी थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जम्मू कश्मीर में यदि वह (सरकार) कोविड के वक्त डीडीसी चुनाव करा सकती है तो मैं शीघ्र ही विधानसभा चुनाव कराने एवं निर्वाचित सरकार स्थापित करने की अपील एवं मांग करती हूं।

# मोटेरा में होगा दिन-रात्रि टेस्ट

## इंग्लैंड टीम का दौरा फरवरी में, कार्यक्रम जारी

### चार टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मुकाबले खेलेगी इंग्लैंड

भाषा। नई दिल्ली

**कोविड**-19 महामारी के कारण लंबे समय के बाद अगले साल फरवरी-मार्च में इंग्लैंड के दौरे से भारतीय सरजमीं पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी होगी और तब अहमदाबाद के सरदार पटेल (मोटेरा) स्टेडियम में चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच 24 फरवरी से दिन-रात्रि के रूप में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड नेअगले साल फरवरी-मार्च में इंग्लैंड के 52 दिवसीय भारतीय दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें नव निर्मित मोटेरा स्टेडियम में दिन-रात्रि टेस्ट के अलावा श्रृंखला का चौथा टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पांचों मुकाबले खेले जाएंगे। बीसीसीआई के मुताबिक रोटेशन नीति के तहत टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैचों की मेजबानी चेन्नई (पांच फरवरी से पहला टेस्ट मैच) सौपी गई है, जबकि तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को पुणे (23 से 28 मार्च) में खेली जाएगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने गुरुवार को गुजरात क्रिकेट संघ के इंडोर अकादमी के उद्घाटन के दौरान मोटेरा को दिन-रात्रि टेस्ट की मेजबानी की घोषणा की। पिछले साल ईडन गार्डन में बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट के बाद गुलाबी गेंद से भारतीय सरजमीं पर यह दूसरा मुकाबला होगा। बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति के अनुसार चेन्नई श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा जबकि अन्य दो मैच अहमदाबाद स्थित सरदार पटेल मोटेरा स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक लाख 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाला मोटेरा, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। दिन-रात्रि टेस्ट के बाद पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के मुकाबले भी अहमदाबाद में ही खेले जाएंगे। इंग्लैड़ के इस दौरे के आखिरी चरण में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला होगी जिसके सभी मैच पुणे में खेले जाएंगे। इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के बाद कोलंबो से 27 जनवरी को चेन्नई पहुंचेगी। श्रीलंका और भारत के खिलाफ उसके टेस्ट मुकाबले आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा हैं। बयान के मुताबिक बीसीसीआई ने देश में मौजूदा स्थिति (कोविड-19) को देखते हुए इस दौरे के मैचों को तीन स्थलों तक सीमित रखने का फैसला किया है। शाह ने कहा कि दोनों बोर्डो ने विश्व क्रिकेट के दो ताकतवर टीमों के बीच प्रतिस्पर्धी मैचों वाली रोमांचक श्रृंखला के लिए मिलकर काम किया है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरीसन ने कहा कि बीसीसीआई ने तीन स्थानों चेन्नई, अहमदाबाद और पुणे में जैव सुरक्षित माहौल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कराने की योजना बनाई है।

**कार्यक्रम**

पहला टेस्ट: पांच से नौ फरवरी: चेन्नई, दूसरा टेस्ट: 13 से 17 फरवरी: चेन्नई, तीसरा टेस्ट: 24 से 28 फरवरी: अहमदाबाद, चौथा टेस्ट: चार से आठ मार्च: अहमदाबाद।

पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय 12 मार्च: अहमदाबाद, दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 14 मार्च: अहमदाबाद, तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 16 मार्च: अहमदाबाद, चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 18 मार्च: अहमदाबाद, पांचवा टी-20 अंतरराष्ट्रीय 20 मार्च: अहमदाबाद।

पहला एकदिवसीय: 23 मार्च: पुणे
दूसरा एकदिवसीय: 26 मार्च: पुणे
तीसरा एकदिवसीय: 28 मार्च : पुणे

## कोहली आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

भाषा। दुबई

**आस्ट्रेलिया** के खिलाफ हाल ही में तीन मैचों की श्रृंखला में दो अर्धशतक जमाने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। कोहली ने दूसरे और तीसरे वनडे में 89 और 63 रन बनाए। उनके रैंकिंग में 870 अंक हैं। हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर रोहित शर्मा (842) दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम उनसे पांच अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं। विश्व कप 2019 के बाद पहला वनडे खेलने वाले हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने पहले मैच में 90 और तीसरे में नाबाद 92 रन बनाए थे। वह पहली बार 553 अंक लेकर शीर्ष 50 बल्लेबाजों में 49वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

आस्ट्रेलियाई टीम में से कप्तान आरोन फिंच कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 791 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पहले दो मैचों में शतक जमाने वाले स्टीव स्मिथ 2018 के बाद पहली बार शीर्ष 20 में आकर 15वें स्थान पर हैं।

# कोहली पिछले 10 वर्षों में भारत के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी: सनी

भाषा। मुंबई



**पूर्व** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि मैच जिताऊ प्रदर्शन के मामले में कप्तान विराट कोहली पिछले 10 वर्षों में भारत के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी रहे हैं। भारत के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले कोहली पिछले एक दशक में सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बन कर उभरे है। उन्होंने हाल में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकार को पीछे छोड़ते हुए एकदिवसीय में सबसे तेजी से 12,000 रन पूरे करने का रिकार्ड अपने नाम किया। गावस्कर ने एक कार्यक्रम क्रिकेट कनेक्टेड में कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप व्यक्तिगत प्रदर्शन को देखते है तो निश्चित रूप से वह विराट कोहली होंगे। रनों का पीछा करते हुए उनके प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम ने बहुत सारे मैच जीते है। गावस्कर ने कहा कि मैं सिर्फ रन और विकटों की संख्या की जगह खिलाड़ी के प्रभाव को देखता हूं और इस मामले में आपको मानना होगा कि यह दशक विराट कोहली का है। भारतीय टीम के द्वारा जीते गए मैचों पर उनका प्रभाव बहुत ज्यादा रहा है।

गावस्कर के विचार से हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन इत्तेफाक नहीं रखते, जिनका मानना है कि महेन्द्र सिंह धोनी इस दशक के सबसे अधिक प्रभाव वाले भारतीय खिलाड़ी है। धोनी ने इस साल अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। हेडन ने कहा कि यह काफी महत्वपूर्ण और अहम है कि धोनी ने विश्व कप और चैम्पियंस ट्राफी का खिताब जीता। मेरे लिए विश्व कप का खिताब मील के पत्थर की तरह है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Sachin Maggo Son of Shri Subhash Chand Maggo resident of Janta flat no. JG-II/444, 2nd floor, Vikas Puri, New Delhi-110018 hereby informed to all that I am the bonafide purchaser/lessee/GPA holder of property no. Janta flat no. JG-II/444, 2nd floor, Vikas Puri, New Delhi-110018 vide file no. F.20(139)85/NP/VP has applied for conversion from lease hold to free hold in DDA and the original Possession letter and NOC for water and electric connection of the above said property/flat have been lost/misplaced. An NCR/FIR to this effect has been lost in Delhi vide no. 792519/2020 dated 08.12.20. If any one found same may please contact to me within 15 days from the date of publication of this notice, the person/institution/government Authority claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write of Dy. Director(Janta), 3rd floor, D-Block, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किला श्रीमती अनीता शर्मा पत्नी स्व0 सुरेश कुमार शर्मा निवासी- 4/8-ए, कुन्ती मार्ग, बाजार गली, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032 ने अपने पुत्र शिखर शर्मा उर्फ बन्टी को उसके दुर्व्यवहार एवं गलत-आचरण के कारण, अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर समस्त सम्बन्ध-विच्छेद कर लिये है, भविष्य में उसके किसी भी कार्य/लेन-देन हेतु मेरी मुवक्किला जिम्मेदार नहीं होगी।

संदीप शर्मा (अधिवक्ता)
चैम्बर न0.ई-521, कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली-110032

### केन विलियमसन दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे




**वेलिंगटन**। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। विलियमसन ने पहले टेस्ट में 251 रन बनाए थे जो न्यूजीलैंड ने एक पारी और 134 रन से जीता था। विलियमसन गुरूवार की सुबह ही टाउरंगा चले गए जहां उनका घर है। उन्हें दोपहर में लौटना था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने बाद में कहा कि अभी वह घर पर ही रहेंगे। स्टीड ने कहा कि बच्चे के जन्म के कारण टेस्ट छोड़ने वाले केन पहले खिलाड़ी नहीं है। उसके जैसे खिलाड़ी की कमी तो खलेगी लेकिन आपात योजना हमेशा तैयार रखनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि विल यंग तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

### ट्रैक इंडोर विश्व प्रतियोगिता फिर स्थगित

**मोनाको**। चीन में होने वाली ट्रैक एवं फील्ड इंडोर विश्व चैंपियनशिप को लगातार दूसरे साल भी स्थगित कर दिया गया। विश्व एथलेटिक्स ने बताया कि नानजिंग शहर को 2020 में इसकी मेजबानी करनी थी जिसे अगले साल मार्च के लिए टाल दिया गया था। इसका आयोजन हालांकि अब मार्च 2021 में भी नहीं हो सकेगा। इस खेल की संचालन संस्था ने यहां एक बयान में कहा कि अगले साल के शुरुआत में भी कोविड-19 को लेकर अनिश्चितता बरकरार है। नानजिंग इस महामारी का शुरुआती केन्द्र माने जाने वाले वुहान से 530 किलोमीटर दूर है। विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि इस शहर ने 2023 में इन खेलों की मेजबानी की हामी भरी है। इसके अगले सत्र का आयोजन 2022 में सर्बिया के बेलग्रेड में होगा।

### इटली के पूर्व रॉसी कप्तान का निधन



**रोम**। फुटबॉल विश्व कप 1982 में इटली को चैम्पियन बनाने वाले कप्तान पाओलो रॉसी का निधन हो गया। वह 64 साल के थे। खिलाड़ी के बाद वह अपने देश में कमेंटेटर के तौर पर भी सक्रिय थे। वह सरकारी प्रसारणकर्ता आरएआई (रेडियो टेलीविजन इटैलिया) से जुड़े थे, जिसने गुरूवार को बताया कि उनका निधन एक लाइलाज बीमारी के कारण हुआ। उन्होंने सट्टेबाजी के मामाले में निलंबन से 1980 वापसी के बाद दमदार प्रदर्शन किया और 1982 में अपनी टीम को विश्व चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। टीम का नेतृत्व करने के साथ उन्होंने स्पेन में हुए इस विश्व कप में छह गोल दागे। इसमें ब्राजील के खिलाफ 3-2 की जीत में उन्होंने हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने वेस्ट जर्मनी के खिलाफ फाइनल मैच का पहला गोल किया था। इटली ने इस मैच को 3-1 से अपने नाम कर विश्व कप का खिताब उठाया था। वह 1982 में फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए थे।

### पीसीबी को नहीं मिल पा रहा मुख्य चयनकर्ता

**कराची**। पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद अकरम ने चयन की मौजूदा व्यवस्था में काम करने से इनकार करते हुए नाम वापिस ले लिया है जिससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को नया मुख्य चयनकर्ता नहीं मिल पा रहा। जानकार सूत्रों ने बताया कि अकरम इस पद के लिए पहली पसंद थे लेकिन उन्होंने शर्त रखी कि चयन को लेकर पुरानी व्यवस्था लागू की जाए। पुरानी व्यवस्था में बोर्ड मुख्य चयनकर्ता की अध्यक्षता में तीन या पांच सदस्यीय राष्ट्रीय चयन समिति का गठन करता है जो टीमों को चुनती है और उस पर बोर्ड अध्यक्ष स्वीकृति जताते हैं। नई व्यवस्था अक्टूबर 2019 से लागू हुई जिसमें राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच मिसबाह उल हक थे जो मुख्य चयनकर्ता भी हैं। इसके अलावा समिति के बाकी सदस्य छह प्रांतीय टीमों के मुख्य कोच होते हैं।

### सत्यसागर होंगे चेन्नई सिटी के मुख्य कोच

**चेन्नई**। पूर्व चैंपियन चेन्नई सिटी एफसी ने गुरुवार को आगामी आई लीग फुटबाल टूर्नामेंट के लिए सत्यसागर को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया। क्लब के पूर्व सहायक कोच सत्यसागर सिंगापुर के अकबर नवास की जगह लेंगे। नवास अक्टूबर में टीम से अलग हो गए थे। क्लब के यहां जारी बयान में सत्यसागर ने कहा, मैं इस नए अवसर को लेकर बहुत खुश हूं। सभी जानते हैं कि मैं अकबर नवास के साथ काम कर रहा था तथा मैं चेन्नई सिटी की संस्कृति और ढांचे से अच्छी तरह अवगत हूं। मैं स्थानीय युवा खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर भी उत्साहित हूं। सत्यसागर को कोचिंग का 26 साल का अनुभव है।

### युवाओं के लिए अकादमी शुरू करेंगे आनंद



**चेन्नई**। भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद अकादमी शुरू करके युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे जिसके लिए उन्होंने वेस्टब्रिज कैपिटल के साथ हाथ मिलाया है। इस अकादमी को वेस्टब्रिज आनंद अकादमी नाम दिया गया है। अभी उसने देश के पांच प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया है जिन्हें पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद प्रशिक्षण देंगे। जिन युवा खिलाड़ियों को शुरू में प्रशिक्षण के लिए चुना गया है उनमें 15 साल के आर प्रागननंदा, निहाल सरीन (16 साल), रौनक साधवानी (15), डी गुकेश (14) और प्रागननंदा की बहन आर वैशाली (19) शामिल हैं।

# दूसरे अभ्यास मैच में विहारी और कुलदीप पर रहेंगी नजरें

### मुकाबला आज से

भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** ए के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दूसरे अभ्यास मैच में भारत की नजरें दूसरे स्पिनर कुलदीप यादव या अतिरिक्त बल्लेबाज हनुमा विहारी पर रहेंगी चूंकि 17 दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के पहले टेस्ट के लिए यह मैच ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाला दिन रात का यह मैच पहले टेस्ट की तैयारी के लिए अच्छा अवसर होगा। वैसे यहां की सपाट पिच एडीलेड ओवल की पिच से एकदम अलग है। इयान चैपल के अनुसार एडीलेड में पिच पर घास जमी होगी। इस मैच में विराट कोहली शायद नहीं खेलेंगे जिन्होंने संकेत दिया है कि टेस्ट श्रृंखला के लिए वह अपनी तैयारी अलग से करेंगे। यह रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है ताकि आस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में उनकी तैयारी की भनक नहीं लग सके। कोहली ने टी-20 श्रृंखला खत्म होने के बाद कहा था किमैं पूरा मैच खेलने में विश्वास रखता हूं। मैं फिजियो से बात करूंगा और अपनी तैयारी के बारे में फैसला लूंगा।

आस्ट्रेलिया के नए उभरते खिलाड़ी कैमर ग्रीन के पास टीम प्रबंधन को प्रभावित करने का एक और मौका होगा। वहीं मिशेल स्वेपसन उम्मीद कर रहे होंगे कि अगले साल एससीजी पर होने वाले तीसरे टेस्ट में उन्हें मौका मिले। पहले अभ्यास मैच में भारत के लिए अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पहली पारी में और रिधिमान साहा दूसरी पारी में अच्छा खेले लेकिन उनके अलावा बल्लेबाजों ने निराश ही किया। यह भारत के लिए टीम संयोजन तय करने का आखिरी मौका है। देखना यह है कि 36 टेस्ट खेल चुके केएल राहुल को तरजीह मिलती है या नहीं चूंकि मयंक अग्रवाल का सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलना तय है।

अच्छी सीम और स्विंग गेंदबाजी के सामने पृथ्वी साव की कमजोर तकनीक की कलई खुल जाती है। वहीं शुभमन गिल शीर्ष स्तर पर खुद को स्थापित नहीं कर सकें हैं। ऐसे में कोहली और मुख्य कोच रवि शास्त्री अनुभव को प्राथमिकता दे सकते हैं।

## मुंबई इंडियन्स से टैलेंड स्कॉउट के रूप में जुड़े पार्थिव पटेल

**मुंबई**। भारत और गुजरात के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल गुरुवार को टैलेंट स्काउट (नई प्रतिभाओं को ढूंढने वाला) के रूप में आईपीएल की मौजूदा चैंपियन टीम मुंबई इंडियन्स से जुड़ गए। भारत की तरफ से 25 टेस्ट, 38 एकदिवसीय और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पार्थिव ने बुधवार को संन्यास लेने की घोषणा की। मुंबई इंडियन्स ने बयान में कहा कि पार्थिव को दो दशक से भी अधिक समय तक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अपार अनुभव है। इसके अलावा उन्हें आईपीएल की भी अच्छी समझ है। मुंबई इंडियन्स के मालिक आकाश अंबानी ने कहा कि वह पार्थिव के फ्रेंचाइजी से जुड़ने से खुश हैं। उन्होंने कहा कि जब वह मुंबई इंडियन्स की तरफ से खेला करते थे तब हमें उनकी क्रिकेट की समझ को जानने का मौका मिला था।

**अपहत/गुमशुदा लड़की की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नामः** प्रियंका, **पुत्रीः** सतपाल, **पताः** मकान नं. 4, सेक्टर 26, फेज-4, रोहणी, दिल्ली, **उम्रः** 17 साल, **कदः** 5 फीट 1 इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** लाल रंग की टॉप व काले रंग का कोट और पैंट व चप्पल पहने हुए है, जो दिनांक 17.11. 2020 को थाना क्षेत्र शाहबाद डेरी, दिल्ली से लापता/अपहृत हो गयी है।

इस संदर्भ में FIR/DD No.574, दिनांक 18.11.2020, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी लड़की को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली
फोनः 011-27821047, 27822207
DP/629/ON/2020

## वार्नर के बिना हमारी बल्लेबाजी की गहराई की होगी परीक्षा: स्मिथ

भाषा। एडीलेड

**आस्ट्रेलिया** के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में चोटिल डेविड वॉर्नर की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई की कड़ी परीक्षा होगी। वार्नर और विल पुकोवस्की की चोटों के कारण आस्ट्रेलिया को नए सिरे से टीम संयोजन तलाशना होगा। स्मिथ ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमारी बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी तय है। वॉर्नर नहीं है और कुछ नए खिलाड़ी आएंगे। इससे पता चलेगा कि भारत जैसी अच्छी टीम के सामने हम कहां ठहरते हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली बार उन्होंने हमें हराया था। उनकी टीम बहुत अच्छी है और यह श्रृंखला शानदार होगी। हमारे लिए जो भी शीर्षक्रम में खेलेगा, उसे अपना काम बखूबी करना है। स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को शानदार बताते हुए कहा कि ईशांत शर्मा के बिना यह हालांकि सबसे मजबूत आक्रमण नहीं है। ईशांत चोट के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हैं। स्मिथ ने कहा कि भारत के पास अच्छे अनुभवी गेंदबाज हैं। मोहम्मद शमी ने काफी क्रिकेट खेलना है और जसप्रीत बुमराह ने भी। स्पिन में अश्विन, जडेजा और कुलदीप के पास काफी अनुभव है। ईशांत का नहीं खेलना भारत के लिए बड़ा नुकसान है।

उसके पास काफी अनुभव है और उसके बिना यह सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। टेस्ट क्रिकेट में स्मिथ का सामना बुमराह से पहली बार होगा। उन्होंने कहा कि कुछ अलग से तैयारी नहीं करनी है। हमें पता है कि वह कैसे गेंद डालता है। उसका एक्शन थोड़ा अलग है लिहाजा सतर्क रहना होगा।

## बोरूसिया मोंशेंग्लाबाख को हराकर रीयल मैड्रिड ने ली राहत की सांस

**मैड्रिड**। पहले हाफ में करीम बेंजीमा के दो गोल की मदद से रीयल मैड्रिड ने बोरूसिया मोंशेंग्लाबाख को 2-0 से हरा दिया, जिससे टीम चैम्पियंस लीग से जल्दी बाहर होने से बच गई। मैड्रिड को अगले दौर में पहुंचने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। इसके साथ ही टीम लगातार 24वीं बार नॉकआउट में पहुंच गई है। इस जीत से कोच जिनेदीन जिदान ने राहत की सांस ली होगी।

# शेयर बाजार में पांच दिन से जारी तेजी थमी

भाषा। मुंबई

**बीएसई** सेंसेक्स में पांच दिन से जारी तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को टूट गया, यह करीब 144 अंक गिरकर बंद हुआ। निफ्टी में भी गिरावट रही। कारोबारियों के बीच मुनाफा वसूली का दौर चलने से बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयर में गिरावट रही। कारोबारियों के मुताबिक अन्य एशियाई शेयर बाजारों के नरम रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर रहने से भी निवेशकों पर दबाव रहा।

बीएसई का 30 कंपनियों के शेयर का सूचकांक सेंसेक्स पांच दिन की तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए नरमी के रुख के साथ खुला और दिनभर कारोबार के दौरान निचले बना रहा। अंत में यह 143.62 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 45,959.88 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी में पिछले सात दिन की बढ़त थम गई। यह 50.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत घटकर 13,478.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे अधिक नुकसान में रहा। यह शेयर 3.27 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। यह गिराव सीमेंट शेयरों के रुझान के अनुरूप ही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीमेंट कंपनियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को लेकर जांच शुरू की है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 2.50 प्रतिशत तक की गिरावट रही।

**PUBLIC NOTICE**

TAKE NOTICE THAT at behest of our client, we are investigating title of Mr. Manoj Kumar Nagesh ("**Borrower**") for Unit Bearing No. 301, on Third Floor, with roof rights, Eastern Side, (L- Corner), 110 Sq. Yds., Property No. WZ - 403, Plot No. E-78, Khasra No. 67/18, Sadh Nagar, Gali No. 4, Palam Colony, Village Palam, New Delhi ("**Said Property**") who intends to buy the said property by availing a loan from our Client i.e. Fullerton India Home Finance Company Ltd. by creating a mortgage against said property. Any Person having any claims or rights in respect of the Said Property are/is hereby requested to make the same known in writing to the undersigned within a period of 7 (seven) days from the date of publication of this notice of his/ her/ their share or claim, if any, with all supporting documents, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of Said Property and the transaction, if any shall be completed without reference to the claims, if any.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, Second Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my Client Smt. Nirmal Rani D/o Late Sh. Lakshmi Narain Garg and W/o Sh. Satish Kumar R/o I-181, Ashok Vihar, Phase-1, Delhi-52 do hereby Voluntarily relinquish her whole undivided share of inherited property owned by her deceased father bearing Prop. No. C-59, Rohit Kunj, Pitampura, Delhi-110034, in favour of her brother Sh. Rajesh Garg S/o Late Sh. Lakshmi Narain Garg R/o C-59. Rohit Kunj, Pitampura, Delhi-34 Any person having any right, title, interest or claim my put forth his/her claim within 10 days and no claim will be entertained thereafter.

Sd/-
G.P. Goyal
Advocate
Enrol. No. D/406/86

**सार्वजनिक सूचना**

समस्त सम्बन्धियों के ध्यान में लाया जाता है कि श्री योगिन्दर प्रसाद एवं ललित कुमार पुत्र स्वर्गीय किशन गणेश (दर्ज पट्टाधारी) मकान न. 1/226/1 से 5 तथा श्री कँवरजीत सिंह साहनी पुत्र स्वर्गीय गुरबचन सिंह साहनी एवं रतन जोत सिंह साहनी पौत्र स्वर्गीय गुरबचन सिंह साहनी मकान न. 1/227/1 व 2 ने सर्वे न. 49/64 सदर बाजार दिल्ली कैंट के सम्बन्ध में दर्ज पट्टेदार के अधिकारों की सीमा तक के अधिकारों के हस्तांतरण व नामांतरण के लिए दिल्ली छावनी परिषद् के समक्ष आवेदन किया है इस लीज भूमि का स्वामित्व भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के पास है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के नामांतरण एवं उपरोक्त आवेदकों के पक्ष में पट्टाधारी के अधिकारों के हस्तांतरण पर आपत्ति हो, वह अपनी आपत्ति के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष इस सुचना के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर अपनी आपत्तियां दाखिल कर सकता है, जिसमे असफल रहने पर मामला विचारण एवं विधि अनुसार उचित निर्णय लेने के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रेषित कर दिया जायेगा।

हस्ता./-
मुख्य अधिशासी अधिकारी
दिल्ली छावनी परिषद दिल्ली कैंट
फोन न0: 011-25693837, 011-25695450

**DHFL** Changing Rules Changing Lives

**दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड**

**राष्ट्रीय कार्यालय :** एचडीआईएल टावर्स, बी-विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051. | **शाखा कार्यालय :** धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरी निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)-400602.

**माँग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधिन अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधिन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखीत कर्जदार(रों) (उक्त कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई है। चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों)को एक बार पुन:डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान , उक्त कर्जदार(रों)द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज / प्रलेख, यदी काई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा / अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों)द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रुप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई है।

| कर्जदार (रो)/ गारंटर (रो) का नाम/लोन कोड | माँग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (एल.सी. नं. 00000653 गाज़ियाबाद शाखा) प्रवेश कुमार (कर्जदार) चंदर प्रकाश (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 / ₹ 881958/- (₹ आठ लाख इक्यासी हजार नौ सौ अठ्ठावन) एनपीए (01-04-2020) | युनीट नं. 1102, 11वीं मंजिल, प्लॉट नं. 08, टावर बी 6, इसीओ गांव-1, सेक्टर-1 नोएडा एक्सटेंशन., गिंदा ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश : 203207. |
| (एल. सी. नं. 00000761 ग्रेटर नोएडा शाखा) ज़फर अब्बास (कर्जदार) शबनम ज़हरा (सह-कर्जदार 1) | 19-08-2020 /₹ 432011 /- (₹ चार लाख बत्तीस हजार ग्यारह) एनपीए (01-03-2020) | प्लॉट नं. सी-1/68, फ्लैट नं. एसएफ-3 एमआयजी दुसरी मंजिल डीएलएफ अंकुर विहार लोनी गाज़ियाबाद गाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश: 201010. |
| (एल.सी. नं. डीइएल02747 दिल्ली- सफदरजंग शाखा) शैलेन्द्र कुमार पाठक (कर्जदार) | 23-10-2020/ ₹ 41615/- (₹ इकतालीस हजार छे सौ पंद्रह) एनपीए (01-03-2018) | फ्लैट नं. गन्धर्व को-ओप हौ.सौ. लिमिटेड गाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश : 201030. |
| (एल.सी. नं.00043859 गुड़गाव - सोहना शाखा) माखन लाल (कर्जदार) रेखा देवी (सह-कर्जदार 1) | 23-10-2020/ ₹ 211670/- (₹ दो लाख ग्यारह हचार छे सौ सत्तर) एनपीए (01-07-2019) | आरझेडपी 287, 3री मंजिल (आरएचएस), फ्लैट नं.- 401 खसरा नं. 43/18/3, गांव पालम, स्ट्रीट नं.-5 राज नगर-2 दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली - 110075 |

यदी उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पुर्णरुपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई व्यक्ती, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा अर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथी : 11/12/2020
स्थान : दिल्ली

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पूनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | ज्योति (कर्जदार), रमेश कुमार राउत- (सह-कर्जदार) LBDEL00002301759, LBDEL00002554513 | मकान नंबर- एन-के-आई/ 333, ग्राउंड फ्लोर, इंद्रापुरम, गाजियाबाद- 201001 उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 274 वर्ग फुट। | रू. 18,50,195/- (दिसम्बर 02, 2020 तक) | रू. 9,45,000 / रू. 94,500/- | दिसम्बर 18, 2020 को सु. 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | जनवरी 11, 2021 सु. 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **जनवरी 08, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जनवरी 08, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 08, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : दिसम्बर 11, 2020
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



विलिंगटन में नये रक्षा सचिव की घोषणा के दौरान बोलते नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन

# फाइजर के कोविड-19 टीके को पार करनी होनी अंतिम बाधा

**एपी।** वाशिंगटन

● अमेरिका में हरी झंडी पाने के लिए एफडीए के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की चर्चा के दौर की बड़ी बाधा को पार करना होगा

**कोविड-19** के लिए फाइजर के टीके को अमेरिका में हरी झंडी पाने के लिए एफडीए के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की चर्चा के दौर की बड़ी बाधा को पार करना होगा। अगर एफडीए टीके को मंजूरी दे देता है तो देश में इसे सुरक्षित और प्रभावी मानकर इसका उपयोग शुरू किया जाएगा। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट (एफडीए) की टीका सलाहकार समिति की बृहस्पतिवार को हो रही बैठक अमेरिका में फाइजर के टीके के उपयोग को मंजूरी देने के लिहाज से संभवत: एक पड़ाव है। परीक्षण के दौरान टीका काफी हद तक कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव करने में प्रभावी साबित हुआ है।एफडीए का यह पैनल एक साइंस कोर्ट की तरह काम करता है और यह टीके से जुड़े तमाम पहलुओं पर चर्चा करेगा। चर्चा का सीधा प्रसारण किया जाता है। ज्यादातर मामलों में एफडीए गैर-सरकारी विशेषज्ञों की इस समिति की सलाह को मानता है, हालांकि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है।दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों, दुनिया में 15 लाख से ज्यादा लोगों की मौत, अकेले अमेरिका में 2,89,000 से ज्यादा लोगों की संक्रमण से मौत होने की पृष्ठभूमि में एफडीए का टीके के उपयोग पर फैसला आने वाला है।हालांकि, इस बैठक में ब्रिटेन में टीकाकरण के दौरान दो लोगों को हुए इसके प्रतिकूल प्रभावों (रिएक्शन) के मामले पर भी चर्चा होगी क्योंकि ब्रिटिश सरकार इसकी जांच कर रही है। वहीं ब्रिटिश अधिकारियों ने गंभीर बीमारी से ग्रस्त या अतीत में गंभीर बीमारी की चपेट में आए लोगों को टीका लगाने को लेकर चेतावनी दी है।इसके बावजूद एफडीए से टीके को जल्दी मंजूरी मिलने की संभावना है क्योंकि सप्ताह की शुरुआत में पैनल की बैठक में इसके प्रति सकारात्मक रूख रहा है।एफडीए का कहना है कि बड़े पैमाने पर किया गया फाइजर का अध्ययन बताता है कि जर्मन कंपनी बायोएनटेक के साथ मिलकर विकसित किया गया उसका यह टीका सभी लोगों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा प्रभावी है। सुरक्षा संबंधी कोई बड़ी मसला सामने नहीं आया है और टीके से जुड़े सामान्य साइड इफेक्ट जैसे बुखार, थकान और इंजेक्शन लगने की जगह पर दर्द आदि को बर्दाश्त किया जा सकता है। जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल वैक्सीन एक्सेस सेंटर के प्रमुख डॉक्टर विलियम मूस का कहना है, रिपोर्ट में दिए गए आंकड़े बिल्कुल वैसे ही हैं जैसा कि हमने पहले सुना था और यह उत्साहित करने वाले हैं। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा कुछ नहीं दिखा रहा जिससे टीके की मंजूरी में देरी हो सकती है। इस संबंध में एफडीए के कमिश्नर स्टीफन हान ने एक साक्षात्कार में कहा, बहुत सारे सवाल किए जा रहे हैं कि इसमें इतना वक्त क्यों लग रहा है या क्या हम पूरी क्षमता के साथ प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं आशा करता हूं कि लोग हमारी पारदर्शिता को देखेंगे।

## इजराइल में 27 दिसंबर से शुरू होगा संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान: नेतन्याहू

**एपी।** अबूधाबी,



**इजराइल के** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की है कि उनके देश में लोगों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए टीका लगाने का काम 27 दिसंबर से शुरू हो जाएगा। इसी के साथ इजराइल, अपने नागरिकों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू करने वाले दुनिया के शुरुआती देशों में शुमार हो जाएगा।

नेतन्याहू का यह बयान तब आया है जब संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 से रोकथाम के लिए चीन के टीके का शेखडोम महासंघ में परीक्षण किया गया और यह 86 प्रतिशत प्रभावी रहा। अमीरात के बयान में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई, लेकिन इसमें दवा के प्रभावी होने के संबध में पहली बार सार्वजनिक तौर पर बताया गया।

इससे पहले बुधवार को नेतन्याहू ने फाइजर के टीके की पहली खेप आने पर प्रसन्नता व्यक्त की थी और इसे देश के लिए जश्न का दिन बताया था। उन्होंने कहा, मुझे इस टीके पर विश्वास है। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले दिनों में इसे उचित मंजूरी मिल जाएगी। नेतन्याहू ने कहा कि वह टीका लगवाने वाले पहले शख्स बनना चाहते हैं, ताकि लोगों के सामने एक उदाहरण पेश किया जा सके। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जन टीकाकरण अभियान 27 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें एक दिन में 60,000 लोगों को टीका लगाया जाएगा। उन्होंने 90 लाख की आबादी वाले इस देश में टीके की इतनी संख्या को पर्याप्त बताया।

जिन लोगों को टीका लग जाएगा उन्हें विशेष कार्ड या फोन के लिए ऐप दिए जाएंगे,ताकि वे बेरोकटोक घूम सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने और दूसरों को भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित कर सकें। नेतन्याहू ने कहा, हम वायरस को समाप्त करने जा रहे हैं।

## फेसबुक के खिलाफ अविश्वास के मुकदमे शुरू किए जाने का स्वागत

**भाषा।** वाशिंगटन

**शीर्ष अमेरिकी** सांसदों ने फेसबुक के खिलाफ अविश्वास के दो मुकदमे चलाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सोशल मीडिया साइट की जवाबदेही काफी समय से लंबित थी। मुकदमों में आरोप लगाया गया है कि फेसबुक ने डिजिटल बाजार में अपने आधिपत्य का दुरुपयोग किया है और वह प्रतिस्पर्धा विरोधी कार्यों में संलिप्त रहा है। हालांकि इन्फॉमेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन ने कहा कि संघीय व्यापार आयोग और 48 राज्यों द्वारा बुधवार को दायर मुकदमे अमेरिकी प्रतिस्पर्धा एवं उपभोक्ताओं दोनों के लिए खतरा हैं। हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी के अध्यक्ष जेरोल्ड नाडलर ने कहा, ऐसा लगता है कि इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप से प्रतिस्पर्धा करने के बजाए फेसबुक ने अपने प्रभुत्व के विस्तार के लिए उन्हें खरीद लिया। उन्होंने कहा, फेसबुक ने अवैध रूप से अपना एकाधिकार बनाए रखा, जिसकी वजह से उसने अन्य अनुचित कार्य किए। पहली बात तो, ऐसा होना ही नहीं चाहिए था और उसकी जवाबदेही काफी समय से लंबित थी। अविश्वास, वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून पर प्रतिनिधि सभा की न्यायिक उपसमिति के उपाध्यक्ष व सांसद जो नेगुसे ने कहा कि उपसमिति की डिजिटल बाजार संबंधी जांच में इसके कई सबूत मिले हैं कि फेसबुक ने सोशल नेटवर्किंग पर अपना एकाधिकार बनाए रखने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वियों का अधिग्रहण करने, उनकी नकल करने लिए बाजार में अपनी ताकत का इस्तेमाल किया। प्रतिनिधि सभा की अविश्वास संबंधी मामलों की उपसमिति के अध्यक्ष डेविड एन सिसिलिने ने कहा कि फेसबुक ने लोगों की निजता को नुकसान पहुंचाया और अपने मंच को विकसित करने के लिए गलत सूचना के प्रसार की अनुमति दी।

### कोविड-19 एंटीबॉडी जांच की रिपोर्ट में लगता है महज 20 मिनट का समय

**लॉस एंजिलिस (भाषा)।** वैज्ञानिकों ने कोविड-19 बीमारी के कारक सार्स-सीओवी-2 वायरस के एंटीबॉडी का सटीक तरीके से पता लगाने के लिए नई जांच विकसित की है जिसका परिणाम महज 20 मिनट में मिल जाता है। इस जांच के संबंध में अध्ययन साइंटिफिक रिपोर्टस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यह मौजूदा समय में उपलब्ध बेहद सटीक जांच जितनी ही भरोसेमंद है, साथ ही यह कम जटिल है और जांच का परिणाम जल्दी आ जाता है। सीरोलॉजिकल जांच के लिए गोल्ड स्टैंडर्ड बेहद जटिल प्रयोगशाला पद्धति एलिसा का उपयोग होता है, इसमें चार से छह घंटे का समय लगता है और यह रोग प्रतिरोधक क्षमता के संबंध में गुणवत्तापूर्ण जानकारी देता है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि सामान्य जांच स्ट्रिप के उपयोग से परिणाम जल्दी आता है लेकिन वह ज्यादा भरोसेमंद नहीं होता और ना ही शरीर में एंटीबॉडी के स्तर की सटीक जानकारी दे पाता है। लेकिन, जांच का यह नया तरीका, बायोलेयर इंटरफेरोमेट्री इम्यूनोसॉरबेंट एसेस (बीएलआई-आईएसए) 20 मिनट से भी कम समय में शरीर में एंटीबॉडी के स्तर का सटीक पता लगा लेता है।

## अमेरिका में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण से रिकॉर्ड तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** कोरोना वायरस संक्रमण से एक दिन में तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कोविड ट्रैकिंग प्रोजेक्ट के अनुसार अमेरिका में बुधवार को 3,054 लोगों की संक्रमण से मौत हुई,जो अब तक की एक दिन में सर्वाधिक संख्या है। इससे पहले सात मई को 2,769 लोगों की संक्रमण से मौत हुई थी।देश में बुधवार को 18 लाख नमूनों की जांच की गई। देश में संक्रमण के 210,000 मामले हैं और 106,688 लोगों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित देश है और यहां संक्रमण से बचाव के लिए कम से कम दो टीकों को मंजूरी जल्द मिल सकती है।

## दक्षिण अफ्रीका में तीन भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बनाया गया स्मारक

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

● रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ

**दक्षिण अफ्रीका** में भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों शिरीष नानाभाई, रेगी वंदेयर और इंद्रेश नायडू की याद में स्मारक बनाया गया है। रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ।गैर सरकारी संगठन अहमद कठराडा फाउंडेशन (एकेएफ) ने वेस्टपार्क में दक्षिण अफ्रीका के क्रांतिकारी नेता लालू इसू चीबा के समाधि स्थल पर तीनों नेताओं की याद में स्मारक बनाया है। रंगभेद के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण चारों नेताओं को 1961 में गिरफ्तारी के बाद रोबेन जेल में एक दशक तक रहना पड़ा था।एकेएफ बोर्ड के सदस्य इस्माईल वादी ने बताया कि जिन लोगों को याद किया जा रहा है वे बेहद साधारण लोग थे और वे अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अभियान में शामिल हुए थे तथा सबके लिए प्रेरणास्रोत बन गए।वादी ने कहा, रेगी वेटर थे, शिरीष एक स्टोर में काम करते थे और इंद्रेश सामान्य कामकाजी व्यक्ति थे लेकिन उन्होंने रंगभेद के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाया और अपने समय में महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बन गए।


यंगून में एक बौद्ध भिक्षु को दान करती महिला

## क्विक न्यूज

### पूर्वी अफगानिस्तान में महिला टीवी एंकर की हत्या

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान में बृहस्पतिवार को एक महिला टीवी एंकर की हत्या कर दी गई। गवर्नर के एक प्रवक्ता अताउल्ला खोड़ानी ने बताया कि नंगरहार प्रांत स्थित अपने घर से मलाला मैवंद जैसे ही कार से निकली, हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। अभी तक किसी ने भी इस हत्या की जिम्मेदारी नही ली है लेकिन इस्लामिक स्टेट से संबद्ध एक आतंकवादी का मुख्यालय पूर्वी अफगानिस्तान में है और अफगानिस्तान मे आम नागरिको पर हुए हालिया हमलो में से ज्यादातर की जिम्मेदारी उसने ली है। इस क्षेत्र में तालिबान की भी मौजूदगी है।टीवी और रेडियो उद्घोषक के रूप में कार्य करने के साथ ही मैवंद एक सामाजिक कार्यकर्ता थी और अफगानिस्तान मे महिलाओ और बच्चो के अधिकारो की वकालत करती थी। पिछले महीने अफगानिस्तान में अलग-अलग बम विस्फोटों में दो अफगान पत्रकारों की मौत हो गई।

### हांगकांग के निर्वासित कार्यकर्ता से की मुलाकात

**लंदन।** ब्रिटेन की विदेश मंत्री ने हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक निर्वासित कार्यकर्ता नाथन लॉ से अर्धस्वायत्त क्षेत्र की स्थिति और ब्रिटेन की नई आव्रजन नीतियो पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की। ब्रिटेन की इस नीति का मकसद हांगकांग पर बीजिंग के दबदबे से उपजी चिंताओ के बाद शहर छोड़ने की इच्छा रखनेवाले लोगों की मदद करना है।प्रीति पटेल लॉ से मुलाकात करने वाली ब्रिटेन की पहली मंत्री है। बीजिंग की ओर से गिरफ्तारी का वारंट जारी होने से पहले लॉ हांगकांग से भागने में सफल रहे थे। बुधवार को हुई बैठक के बाद पटेल ने एक बयान मे कहा, ब्रिटेन हांगकांग के लोगों के साथ खड़ा रहेगा और उनकी सुरक्षा और स्वतंत्रता बनाए रखने का अपना वादा निभाएगा। ब्रिटेन ने जुलाई मे घोषणा की थी कि वह हांगकांग के करीब 30 लाख लोगों को नागरिकता की पेशकश करेगा। ब्रिटेन के प्राधिकारी इस बात पर जोर दे रहे है कि वे ब्रिटेन के पूर्व उपनिवेश के प्रति अपने ऐतिहासिक कर्तव्य को बरकरार रखेंगे। हालांकि चीन ने ब्रिटेन की इस पेशकश की निंदा करते हुए इसे घरेलू मामलो मे ब्रिटेन का दखल करार दिया है।

### अमेरिकी नेता भविष्य के संबंधों के लिए गड्ढा खोद रहे हैं: चीन

**बीजिंग।** चीन की समाचार एजेसी शिन्हुआ ने बृहस्पतिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन के अधिकारी चीन और उसके अधिकारियो के खिलाफ कार्वाई करके भविष्य मे अमेरिकी प्रशासन के चीन के साथ संबंधो के लिए गड्ढा खोद रहे हैं। शिन्हुआ ने अपने एक संपादकीय मे कहा कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नौ करोड़ 20 लाख सदस्यो और उनके परिवार के लिए वीजा पांबदी जैसे कदमो ने अमेरिका मे चीन विरोधी ताकतो के, अपने राजनीतिक फायदो के लिए चीन-अमेरिका संबंधो पर अंकुश के कुटिल इरादों को फिर से उजागर कर दिया है। दरअसल अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह इस प्रकार के वीजा की अवधि 10वर्ष से घटा कर एक माह कर दी, जो ट्रंप प्रशासन द्वारा अपने अंतिम दिनो मे अपनाए जा रहे सख्त रवैए को दर्शाता है। संपादकीय में कहा गया है, चीन के हितो से जुड़े मुद्दो पर चीन और अमेरिका के संबंधो के सर्वप्रमुख बिंदुओं को लगातार चुनौती दे कर चीन विरोधी नेता चीन के साथ अगले प्रशासन के संबंधो के लिए न सिर्फ गड्ढा खोद रहे है, बल्कि अपने राजनीति हित भी साध रहे है। इसमे कहा गया है कि दोनो देशो को अपने मतभेदों को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### ईरान और अफगानिस्तान के बीच पहले रेल लिंक की शरुआत


**तेहरान।** ईरान और अफगानिस्तान के नेताओं ने दोनों देशों के बीच पहले रेलवे लिंक का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में व्यापार संपर्क बढ़ेगा। पूर्वी ईरान से पश्चिमी अफगानिस्तान के बीच 140 किलोमीटर लंबी लाइन को अफगानिस्तान के हेरात शहर तक पहुंचाने के लिए 85 किलोमीटर और बढ़ाया जाएगा। इससे युद्ध प्रभावित देश में अहम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने दोनो देशो के संबंधो के लिए इसे ऐतिहासिक दिनो में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद लाइन निर्माण में सफल रहा। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी ने रेल मार्ग को ईरान का बेशकीमती तोहफा करार दिया।

### कर संबंधी मामले में संघीय जांच का सामना कर रहे हैं हंटर बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के पुत्र हंटर बाइडन ने कहा है कि वह कर संबंधी मामले में संघीय जांच का सामना कर रहे हैं। अपने कर संबंधी मामलों के कारण हंटर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हंटर का मामला बाइडन के चुनाव प्रचार के दौरान भी चर्चा का विषय रहा।संघीय जांचकर्ताओं ने मंगलवार को हंटर बाइडन समेत कई लोगों को समन जारी किए। बाइडन से जुड़े एक व्यक्ति ने नाम सार्वजनिक नही करने की शर्त पर यह जानकारी दी। व्यक्ति ने बताया कि कर संबंधी यह जांच हंटर के कारोबार से जुड़ी है। मामले से जुड़े और हंटर के करीबी रहे एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि न्याय विभाग की जांच संभावित कर धोखाधड़ी के अपराधों पर केंद्रित है। इस संबंध में बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल होने के करीब एक साल पहले से जांच चल रही है।

## बिना मास्क सिर्फ फेस शील्ड कोरोना से बचाव में कारगर नहीं

**भाषा।** तोक्यो



**बिना मास्क** के सिर्फ फेस शील्ड पहनना कोविड-19 से बचाव में कारगर नहीं है क्योंकि हवा के प्रवाह से आसपास के छोटे कण प्लास्टिक के बने इन शील्ड के भीतर पहुंच सकते हैं। एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। शोध पत्रिका फिजिक्स ऑफ फ्लूड्स में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि कई लोग मास्क की जगह फेस शील्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्कूलों, विश्वविद्यालयों, रेस्टोरेंट और कारोबार करने की जगह पर इसका इस्तेमाल बढ़ गया है। जापान में फुकुओका यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों समेत कई वैज्ञानिकों ने कहा है कि छींकने से जो कण निकलते हैं, वे फेस शील्ड को पार कर सकते हैं। अध्ययन के सहलेखक फुकुओका यूनिवर्सिटी से फुइजो अकागी ने कहा, ये कण फेस शील्ड से होकर तुरंत महज आधे से एक सेकंड के भीतर चेहरे तक पहुंच सकते हैं जिससे व्यक्ति को छींकें आनी शुरू हो सकती हैं। अध्ययन में वैज्ञानिकों ने यह पता लगाया कि फेस शील्ड पहना व्यक्ति अगर किसी संक्रमित व्यक्ति के आस पास एक मीटर के दायरे में रहता है तो उसकी (संक्रमित व्यक्ति की) छींक का क्या असर होगा। विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों ने कहा कि छींक के बाद निकले कण बेहद तेज गति से निकलते हैं और हवा में भी इनका प्रवाह तीव्र होता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि ये कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि इन्हें माइक्रोस्कोप के माध्यम से ही देखा जा सकता है। ये कण शील्ड के ऊपरी और निचले खुले किनारों से होते हुए भीतर चेहरे तक पहुंच सकते हैं, जो संक्रमण का कारण बन सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मास्क के बगैर सिर्फ फेस शील्ड पहनना कोविड-19 से बचाव में बिल्कुल कारगर नहीं है।

## पेपर-टेस्ट से कुछ मिनटों में हो सकती है कोरोना जांच

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय मूल** के एक वैज्ञानिक के नेतृत्व में कोविड-19 का कागज आधारित परीक्षण विकसित किया गया है। कागज-आधारित इलेक्ट्रोकेमिकल सेंसर का उपयोग करने वाली इस जांच में पांच मिनट के अंदर ही वायरस की मौजूदगी के बारे में पता चल सकता है। अमेरिका में इलिनोइस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने सार्स-सीओवी-2 की आनुवंशिक कणों की उपस्थिति का पता लगाने के लिए एक इलेक्ट्रिकल रीड-आउट सेटअप के साथ एक ग्राफीन-बेस्ड इलकेबायोसेंसर विकसित किया है। पत्रिका एसीएस नैनो में प्रकाशित एक अनुसंधान के अनुसार, इस बायोसेंसर में दो घटक हैं, एक इलेक्टोरल रीड-आउट को मापने और दूसरा वायरल आरएनए की उपस्थिति का पता लगाने के लिए...। इसके निर्माण के लिए, प्रोफेसर दिपंजन पान के नेतृतव में अनुसंधानकर्ताओं ने एक प्रवाहकीय फिल्म बनाने के लिए ग्रेफीन नैनोप्लेटलेट्स की एक परत फिल्टर पेपर पर लगाई और फिर उन्होंने इलेक्ट्रिकल रीड-आउट के लिए एक सम्पर्क पैड के रूप में ग्राफीन के शीर्ष पर पूर्वनिर्धारित डिजाइन के साथ सोने का एक इलेक्ट्रोड रखा। सोने और ग्रेफीन दोनों में अधिक सेंसिटिविटी और कन्डक्टिवटी होती है, जो विद्युत संकेतों में परिवर्तन का पता लगाने के लिए इस प्लेटफ़ॉर्म को अल्ट्रासोनिक बनाता है। अनुसंधानकर्ताओं के दल को उम्मीद है कि कोविड-19 के अलावा इसका इस्तेमाल अलग-अलग बीमारियों का पता लगाने के लिए भी किया जा सकता है।

## वैज्ञानिकों ने कोविड-19 के निरंतर प्रसार के नतीजों की व्याख्या की

**भाषा।** बोस्टन

**वैज्ञानिकों** ने ब्राजील के मानौस में लोगों में कोविड-19 के प्रसार का विश्लेषण किया जहां नोवेल कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के सात महीनों के अंदर 70 प्रतिशत से ज्यादा आबादी संक्रमित हो गई। अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि बीमारी का प्रसार निरंतर होता है तो क्या हो सकता है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, दुनिया में जिन जगहों पर कोविड-19 महामारी का प्रसार सबसे तेजी से हुआ, उनमें ब्राजील एक है जबकि अमेजन इस महामारी से सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र है। अनुसंधानकर्ताओं में अमेरिका के हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय के सदस्य भी थे। उन्होंने कहा कि अमेजन के सबसे बड़े नगर मानौस में सार्स-सीओवी-2 का पहला मामला मार्च के मध्य में आया था जिसके बाद दवाइयों के उपयोग के बगैर (एनपीआई) सामाजिक दूरी जैसे उपायों को अमल में लाने की पहल शुरू की गई। जर्नल साइंस में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, इसके बाद महामारी की विस्फोटक स्थिति बनी जिसमें मृत्युदर अपेक्षाकृत उच्च थी। इसके बाद सामाजिक दूरी जैसे ऐहतियाती उपायों में ढील के बावजूद नए मामलों में सतत गिरावट हुई। वैज्ञानिकों ने यह जानने के लिए मानौस में रक्त दाताओं के आंकड़े एकत्र किए कि क्या महामारी का प्रसार इसलिए धीमा हुआ क्योंकि संक्रमण सामूहिक प्रतिरोध क्षमता के चरम तक पहुंच गया था या फिर इसकी वजह व्यवहारगत बदलाव और एनपीआई जैसे कारक हैं। उन्होंने एकत्रित रक्त के नमूनों से वायरस संक्रमण दर का परिणाम निकाला और इस आंकड़े की तुलना साओ पाउलो के आंकड़ों से की जो कम प्रभावित था। शोधकर्ताओं ने मानौस में अक्टूबर तक 76 प्रतिशत संक्रमण दर का अनुमान व्यक्त किया जिसमें एंटीबॉडी प्रतिरक्षा को घटाते हुए आकलन किया गया था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप में साओ पाउलो में अक्टूबर तक संक्रमण दर 29 प्रतिशत थी, जिसे आंशिक रूप से बड़ी आबादी के आकार से समझाया गया।

# इंटरनेशनल किड्स फिल्म फेस्टिवल बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण फिल्में देखने का अवसर

**अंतर्राष्ट्रीय बालफिल्म महोत्सव फेस्टिवल आईकेएफएफ, का चौथा संस्करण ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में 40 देशों की 25 भाषाओं की 150 से अधिक फिल्में प्रस्तुत की जाएंगी। इन फिल्मों के माध्यम से पर्यावरण, संघर्ष से लेकर अंतरिक्ष जैसे विषयों को बड़े परदे पर रखा जाएगा ताकि समाज में जागरूकता का अधिक से अधिक प्रसार किया जा सके। प्रस्तुत है पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना की ये रिपोर्ट-**

2020 एक आश्चर्यजनक वर्ष रहा है। इसे स्कूल जाने वाले बच्चों से अधिक वास्तविक ढंग से कोई नहीं जान सकता है क्योंकि उनके लिए ही ये समय सर्वाधिक कठिन रहा है। घर में बंद, ऑनलाइन कक्षाएं करते हुए वे लगभग पूरे साल ही सोचते रहे हैं कि इस साल स्कूल खुलेंगे भी या नहीं? बच्चों के लिए वैसे तो बहुत कुछ किया और कहा जा रहा है लेकिन हमें बच्चों के भीतर सामाजिक तथा सांस्कृतिक कौशल का विकास प्राथमिकता के आधार पर करना होगा। हमें उनके सामने कहानियां रखकर उन्हें सोचने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। हमें उनके साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत चुनौतियों के बारे में भी बात करनी होगी ताकि वे उनप विजय प्राप्त कर सकें।

अंतर्राष्ट्रीय बालफिल्म फेस्टिवल (आईकेएफएफ) के चौथे ऑनलाइन संस्करण के माध्यम से बच्चे विश्व के कुछ श्रेष्ठ सिनेमा को देख और उससे परिचित हो सकेंगे। स्पष्ट कारणों के चलते इसे इस बार वर्चुअल ढंग से आयोजित किया जा रहा है। अच्छी बात ये है कि इसमें दिखाई जाने वाली फिल्में किसी भी दूसरे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं हैं ये फिल्में विशेष रूप से महोत्सव के लिए ही बनाई गई हैं ताकि बच्चों को भी इस बात का आभास हो कि उनके लिए कुछ विशेष प्रबंध किये गये हैं।

एलएक्सएल आईडियाज़ के एमडी तथा चीफ लर्नर सैयद सुल्तान का कहना है, 'इस साल हमारे पास अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्में हैं जिनमें पर्यावरण, संबंध, भौतिक छवि, संस्कृति, भावनाएं तथा प्रेरणा जैसे विषयों पर कहानी दिखाने की योजना है। इन सभी फिल्मों को आयु, प्रासंगिकता तथा पूरे परिवार के लिए बनी फिल्मों को अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है। आईकेएफएफ ने बच्चों को विजुअल कहानी कहने की महत्वपूर्ण बातें सिखाने का भी प्रयास किया हैं। हम कई वर्कशॉप तथा मास्टर क्लास एवं फिल्म निर्माण प्रतियोगिता भी रखने वाले हैं।

इसके माध्यम से हमारा उद्देश्य बच्चों को उनकी प्रतिभा दिखाने तथा अपनी कहानी प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना होगा। विजेता बच्चे को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बतौर जरूरी अवसर प्रदान किया जाएगा जिसके लिए उन्हें उत्साहवर्धक पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे।'

'इस साल हम कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मों को यहां दिखाएंगे जिनमें हम र्यावरण, संबंध, भौतिक छवि, संस्कृति, भावनाएं तथा प्रेरणा जैसे विषयों को उठाएंगे। इन सभी फिल्मों को उनकी विशेषता के आधार पर श्रेणीबद्ध किया गया है। इसके अलावा अध्यापकों तथा बच्चों के लिए विशेष रूप से बनाई गई फिल्में भी हैं जिन्हें हम उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए दिखाने जा रहे हैं।

पिछले साल के विपरीत जब राजधानी के स्कूलों ने इन फिल्मों को दिखाया था। लेकिन अब जबकि ये ऑनलाइन है तो इस बार इसमें 10,000 से अधिक स्कूल इसमें प्रतिभागी हैं जिसके कारण हर कोने के बच्चों तक ये फिल्में पहुंच सकेंगी। सभी को एक मंच पर लाना काफी चुनौतीपूर्ण कार्य था। अहमद इस बारे में बताने लगते हैं, 'हमारे मुख्य चुनौती 40 से 50 स्कूलों के बीच समन्वय स्थापित करना या उनकी फिल्मों का प्रस्तुतीकरण नहीं था क्योंकि हम डिजिटल माध्यम से उनसे पहले से ही संपर्क में थे। ऐसे देखें तो इस प्रकार की कोई समस्या ही नहीं थी। हमारा महोत्सव इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि बच्चे स्कूल आकर इन फिल्मों को देख सकते थे। लेकिन महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के चलते हमें फिल्में दिखाने के लिए एक नया मंच प्रदान करना पड़ा। लोग नेटलिक्स जैसे उच्च गुणवत्तापूर्ण प्लेटफॉर्म के आदी हैं और इसके चलते हमें भी वैसा ही कुछ तैयार करना था और वो भी सीमित समय सीमा के भीतर,' अहमद ने हमें बताया। उनके अनुसार उनके ऐप पर कोई भी फिल्म टीवी या मोबाइल किसी पर भी देखी जा सकती है।

अहमद ने हमें आगे बताया कि बच्चों के माता-पिता को समझना होगा कि उन्हें बच्चों को अच्छी कंटेंट वाली फिल्में ही दिखाना चाहिये और जब तक कोई अच्छी कंटेंट देख न ले उसे पता ही नहीं चलेगा कि ये होता क्या है, 'स्थिति आज भी बहुत दयनीय है। हम आज भी बच्चों को ध्यान में रखते हुए कोई फिल्म नहीं बनाते। इसके भी कुछ कारण हैं। पहली बात ये कि बच्चों की फिल्में बनाई ही कम जाती हैं। दूसरी बात ये कि जो लोग बनाते हैं वे ये मानकर चलते हैं कि बच्चे बहुत बुद्धिमान होते हैं। मैंने दूसरे देशों की फिल्में देखी हैं जो उत्कृष्ट कही जा सकती हैं लेकिन भारत में हम आज भी सतही फिल्में ही बनाते हैं। हम अधिकांश धन बच्चों को गणित या विज्ञान पढ़ाने में ही व्यय कर देते हैं और इसके परे कोई भी अपनी ऊर्जा लगाने के लिए तैयार ही नहीं है। इसके अलावा मांग का भी असर पड़ता है। जागरूकता की भी कमी है। बच्चों के देखने योग्य कंटेंट दूसरे देशों में बहुत ऊपर के स्तर की है। आप फिनलैंड या ऑस्ट्रेलिया का ही उदाहरण ले लीजिये। लेकिन भारत में ये देखने को नहीं मिलता। हमें पता ही नहीं है कि अच्छी कंटेंट कहते किसे हैं क्योंकि हमने कभी इसे देखा ही नहीं है।'

महोत्सव ऑनलाइन होने के कारण देश के हर कोने के बच्चों को दुनिया भर से आई इन फिल्मों को देखने का एक अवसर मिलेगा और साथ ही वर्कशॉप के दौरान उनके निर्माता और मीडिया विशेषज्ञों के साथ बात करने का भी अवसर मिलेगा।' ये सब तभी संभव होगा जब वे क्रेयन ऐप डाउनलोड करेंगे जो एक सुरक्षित वीडियो प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म के तीन हिस्से हैं-वॉच, लर्न एवं परफॉर्म। ये ऐप प्रतिभा सिखाने का भी प्लेटफॉर्म है जिसमें आप दक्ष लोगों से बात भी कर सकते हैं। नवंबर 20 से प्रारंभ हुए इस महोत्सव की 40 से अधिक देशों की 150 से अधिक और 30 अलग अलग भाषाओं की फिल्में देखने का एक माह का व्यय मात्र 99 रुपये रखा गया है।




### अवश्य देखिये

**डॉटर ऑफ कश्मीर**

भारत
5 मिनट
संवाद नहीं
**निर्देशक:** किरण सुभाष देशमुख
फिल्म कश्मीर में रहने वाले एक पिता-पुत्री के बीच के संबंधों पर आधारित है। पिता हाथ से कारपेट बनाने के कारखाने में काम करते हैं लेकिन परिस्थितियां उन्हें उग्रवाद की ओर ले जाती हैं। लेकिन जब वो अपनी बेटी का परिवार के लिए संघर्ष देखते हैं तो वो आतंकियों के शिविर से बचकर वापस आ जाते हैं लेकिन उन्हें फिर से वहां जाने को बाध्य किया जाता है।


**फीचर फिल्म**
**2040**
**ऑस्ट्रेलिया**
**निर्देशक:** डेमन गेमियू
फिल्म में पर्यावरण समस्या के व्यावहारिक समाधान सुझाए गए हैं और ऐसा इस आशा के साथ किया जाता है कि फिल्म निर्माता की बेटी जो 2040 में 21 साल की होगी और उसे अच्छा भविष्य मिल सकेगा।

**कैप्टेन मॉर्टेन एंड द स्पाइडर क्वीन**
जर्मनी
**निर्देशक :** कैस्पर जेंसिस, हेनरी निकोलसन तथा रिहो अंट
**एनिमेशन**
एक युवा को जादू से एक कीड़े के आकार का बना दिया जाता है और अपनी टॉय बोट को किनारे लगाना है लेकिन परिस्थियां जोखिमपूर्ण बन जाती हैं।

**धारन: ( डैम वॉल )**
भारत
**निर्देशक:** देतांती दानी
ये एक छ: साल की एक नगरीय लड़की और आठ साल के ग्रामीण बालक के बीच मित्रता की कहानी है जो लड़के के घर को डैम के पानी में डूबने से बचाने की एक युक्ति खोज निकालते हैं।

## ट्रेंड बाजार

### दीपिका की स्माइल अब एथेंस एअरपोर्ट पर



**अभिनेत्री** दीपिका पादुकोण को एथेंस इंटरनेशनल एअरपोर्ट पर 'द ऑथेंटिक स्माइल्स ऑफ द पीपल ऑफ द वर्ल्ड' पर आयोजित एक प्रदर्शनी में दिखाया गया है। द ऑथेंटिक स्माइल्स कैंपेन को कोविड 19 के कारण बंद किये जाने के बाद इसका परिचालन पुन: खोलने पर आयोजित किया गया था।


उनके एथेंस के प्रशंसकों को ग्रे रंग की उनकी मूर्ति वहां देखने को मिल सकती है। ये साड़ी पहने है और गले में हार और एक छोटी बिंदी लगाए हुए है। इसके निकट लिखा है, 'भारतीय बॉलिवुड अभिनेत्री को ग्रे मार्बल में देखिये एथेंस एअरपोर्ट पर मुस्कुराते हुए।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी के बहुरे दिन



**अभिनेता** पंकज त्रिपाठी का कहना है कि लगता है कि मेरा समय आ गया है और ईश्वर करे ये बीते ही नहीं। मैं दर्शकों को एक के बाद एक श्रेष्ट और स्मरणीय फिल्म देना चाहता हूं। दुनिया का मनोरंजन करना ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है। मैं इस काम पर बहुत मेहनत करना चाहता हूं। दुनिया के लिए 2020 अच्छा नहीं रहा। लेकिन मेरे कॅरियर और अभिनय को सही आकार देने के लिए मैं इसे स्मरणीय कह सकता हूं।

### सोनू सूद को मिली भूमिकाओं में आया अंतर



अभिनेता सोनू सूद को लॉकडाउन के दौरान परोपकार के काम करते देखने के चलते लोकप्रियता मिली थी उनका कहना है कि अब उन्हें मिलने वाली भूमिकाओं में परिवर्तन आया है। उन्होंने बताया, 'अब मुझे अलग प्रकार के रोल ऑफर किये जा रहे हैं वे अब महानता टाइप तथा रियल लाइफहीरो जैसे कहे जा सकते हैं। जो भी मैंने वास्तविक जीवन में किया है वे उसे स्क्रिप्ट में शामिल करना चाह रहे हैं। मेरा प्रयास यही है कि मैं अपेक्षाओं पर खरा उतरूं और भूमिका के साथ न्याय करूं। मेरा दायित्व बढ़ गया है।'

सोनू अब 'भारत के महावीर' के आयोजक बन गए हैं जिसमें महामारी के दौरान दयालुता की कहानियों को समेटने का प्रयास किया गया है।

### निक जोनास ने प्रियंका की फिल्म में किया कैमियो



**पॉप** स्टार निक जोनास को अपनी पत्नी के साथ उनकी रोमांटिक हॉलिवुड फिल्म 'टेक्स्ट फॉर यू' में कैमयो चरित्र निभाते देखा जा सकेगा। ये समाचार तब प्रसारित हुआ जब निक को लंदन में एक कैब में पत्नी के साथ एक सीन करते हुए लोगों ने देखा।

इस जोड़ी को लोगों ने देखा कि वे आपस में एक तर्क किये जा रहे हैं जिसमें प्रियंका के चरित्र को कहते सुना गया, 'मेरी कैब से उतरो'। निक को इसके बाद कैब से उतरते हुए देखा गया। इस फिल्म को जिम स्ट्रॉज़ ने निर्देशित किया है और ये जर्मनी की फिल्म एसएमएस फर डिक, का अंग्रेजी रूपांतरण है जो सोफी क्रेमर के उपन्यास पर आधारित है।

## दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर भारत में फिल्मों के सबसे अधिक दर्शक

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स ने गुरुवार को कहा कि दुनिया भर में उसके मंच पर फिल्मों के सबसे अधिक दर्शक भारत के हैं और बच्चों, नॉन-फिक्शन और कोरियाई नाटकों जैसी श्रेणियों में कंटेंट की खपत तेजी से बढ़ रही है।

पिछले कुछ वर्षों में सस्ते डेटा टैरिफ और किफायती स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम और डिजनी हॉटस्टार जैसे प्रमुख ओवर दि टॉप (ओटीटी) कंपनियों ने तेजी से वृद्धि की है।

कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान भी ऑनलाइन वीडियो और म्यूजिक स्ट्रीमिंग जैसी सेवाओं का उपयोग बढ़ा।

नेटफ्लिक्स इंडिया की उपाध्यक्ष (कंटेंट) मोनिका शेरगिल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, वैश्विक स्तर पर भारत में नेटफ्लिक्स पर सबसे ज्यादा फिल्में देखी जाती हैं और पिछले साल भारत में हमारे 80 प्रतिशत सदस्यों ने हर सप्ताह कम से कम एक फिल्म देखी।

उन्होंने आगे कहा कि सबसे लोकप्रिय थ्रिलर रात अकेली है रहा, जबकि सर्वाधिक लोकप्रिय एक्शन फिल्में एक्सट्रैक्शन , मलंग , और द ओल्ड गार्ड थीं, और सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फिल्म लूडो थी।

उन्होंने बताया कि 2020 में नॉन-फिक्शन शृंखलाओं को इससे पिछले साल के मुकाबले 250 प्रतिशत अधिक देखा गया, जबकि डॉक्युमेंट्री को 100 प्रतिशत अधिक देखा गया।


## अभिनेत्री नीतू कपूर कोविड-19 से संक्रमित



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर ने बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने खुद को पृथक कर लिया है और फिलहाल वह बेहतर महसूस कर रही हैं।

चार दिसंबर को कपूर परिवार के करीबी सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया था कि चंडीगढ़ में फिल्म जुग जुग जीयो की शीटिंग के दौरान 62 वर्षीया अभिनेत्री कोविड-19 से संक्रमित हो गई थीं। अपने अभिनेता-बेटे रणबीर कपूर द्वारा जरूरी इंतजाम किए जाने के बाद मुंबई लौटी नीतू कपूर ने आज इंस्टाग्राम पर अपने स्वास्थ्य के बारे में यह जानकारी साझा की। उन्होंने एक बयान में कहा, इस सप्ताह की शुरुआत में मैं कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थी। उन्होंने कहा सभी सुरक्षा उपायों का पालन किया जा रहा है और तत्काल मदद के लिए मैं अधिकारियों का आभार व्यक्त करती हूं। मैं पृथकवास में हूं और अपने डॉक्टर की सलाह पर दवा ले रही हूं और फिलहाल बेहतर महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, कृपया सुरक्षित रहें, मास्क पहनें, सुरक्षित दूरी बनाए रखें। ध्यान रखें। नीतू कपूर के अलावा फिल्म जुग जुग जीयो के अभिनेता वरुण धवन और फिल्म निदेशक राज मेहता भी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रख्यात नर्तक अस्ताद देबू का निधन, कई नामचीन हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि



**मुंबई।** मशहूर नर्तक अस्ताद देबू का बृहस्पतिवार को मुंबई में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 73 वर्ष के थे। भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक और कथकली में पारंगत देबू ने दोनों नृत्य विधाओं को मिलाकर अनूठी नृत्य शैली पेश करने लिए ख्याति बटोरी।

उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर उनके निधन की सूचना देते हुए बताया, 10 दिसंबर को तड़के वह दुनिया छोड़कर चले गए। मुंबई में अपने घर पर उन्होंने आखिरी सांस ली। कुछ समय से वह बीमार चल रहे थे। परिवार ने बताया, वह अपने पीछे अविस्मरणीय प्रस्तुतियों की विरासत छोड़ गए हैं। कला के प्रति अपने समर्पण के कारण उन्होंने हजारों दोस्तों, प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई।

परिवार ने कहा, परिवार, दोस्त, देश-दुनिया में शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य बिरादरी के लिए उनका जाना अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। हमें उनकी कमी महसूस होगी।

देबू की लंबे समय से मित्र रहीं और पीटीआई की पूर्व पत्रकार पद्मा अल्वा ने बताया, कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण देबू के अंतिम संस्कार में सिर्फ परिवार के लोग शामिल हुए थे।

उन्होंने बताया, दिन में 11 बजे वर्ली में उनका अंतिम संस्कार हुआ। कोविड-19 संबंधी बंदिशों के चलते अंतिम संस्कार में सिर्फ परिवार के लोग मौजूद थे। देबू के साथ कई दशकों तक अपने जुड़ाव को याद करते हुए अल्वा ने कहा कि उन्होंने अपना एक अभिन्न मित्र खो दिया। उन्होंने कहा, अस्ताद से कुछ दिन पहले मेरी बातचीत हुई थी। वह जाने (दुनिया से) की बात कह रहे थे। सोमवार तक तकरीबन हर दिन हमारी बातचीत होती रही और अब वह कभी लौटकर नहीं आएंगे। मैंने 45 साल पुराना एक साथी खो दिया। अभिनेता अनुपम खेर ने भी ट्विटर पर देबू को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी कला को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ट्वीट किया, आधुनिक नृत्य शैली ने अपने पुरोधा को खो दिया है और भारत ने अपनी एक सांस्कृतिक निधि को गंवा दिया है। फिल्मकार नंदिता दास ने लिखा, सुनकर झटका लगा। बचपन से ही उनकी प्रशंसक रही हूं। इस साल हमने अपने बहुत से चहेते लोगों को खो दिया है। इसके अलावा संगीतकार एहसान नूरानी, कास्टिंग निर्देशक टी. जोसेफ ने भी देबू के निधन पर शोक जताया है। देबू ने परंपरागत एवं आधुनिक शैली को मिलाकर नृत्य की एक नई विधा तैयार की। उनका जन्म गुजरात के नवसारी में 13 जुलाई, 1947 को हुआ था। देबू ने युवावस्था में गुरु प्रह्लाद दास से कथक सीखा। बाद में उन्होंने गुरु ई के पाणिकर से कथकली का प्रशिक्षण लिया। अपनी प्रयोगधर्मी शैली में उन्होंने 70 से ज्यादा देशों में एकल, सामूहिक और युगल नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। नृत्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया था। वह 2007 में पद्मश्री से भी सम्मानित किए गए। देबू ने मणिरत्नम, विशाल भारद्वाज जैसे फिल्मकारों की फिल्मों और मशहूर चित्रकार एम एफ हुसैन की फिल्म मीनाक्षी : ए टेल ऑफ थ्री सिटीज के लिए कोरियोग्राफी की थी।

## सलमान खान ने अंतिम की शूटिंग आरंभ की



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने अपनी आगामी फिल्म अंतिम- द फाइनल ट्रूथ की शूटिंग शुरू की। समझा जाता है कि सलमान फिल्म में एक सिख पुलिसकर्मी का चरित्र निभा रहे हैं। खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा ने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म में सलमान की छवि की झलक देने वाली एक वीडियो क्लिप साझा की। शर्मा भी इस फिल्म में नजर आएंगे। क्लिप में खान पगड़ी पहने एक सब्जियों के बाजार में धीमी गति से चलते दिखाई दे रहे हैं। शर्मा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, अंतिम की शूटिंग शुरू हो रही है। भाई का अंतिम से पहला लुक। माना जा रहा है कि यह फिल्म 2018 की हिट मराठी फिल्म मुल्शी पैटर्न की रिमेक है।

## दक्षिण अफ्रीका में तीन भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बनाया गया स्मारक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में भारतवंशी स्वतंत्रता सेनानियों शिरीष नानाभाई, रेगी वंदेयर और इंद्रेश नायडू की याद में स्मारक बनाया गया है। रंगभेद के खिलाफ आवाज उठाने वाले वंदेयर का 84 साल की उम्र में 2015 में निधन हो गया जबकि नानाभाई और नायडू का क्रमश: 78 और 80 साल की उम्र में 2016 में निधन हुआ। गैर सरकारी संगठन अहमद कठराडा फाउंडेशन (एकेएफ) ने वेस्टपार्क में दक्षिण अफ्रीका के क्रांतिकारी नेता लालू इसू चीबा के समाधि स्थल पर तीनों नेताओं की याद में स्मारक बनाया है। रंगभेद के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लेने के कारण चारों नेताओं को 1961 में गिरफ्तारी के बाद रोबेन जेल में एक दशक तक रहना पड़ा था। एकेएफ बोर्ड के सदस्य इस्माईल वादी ने बताया कि जिन लोगों को याद किया जा रहा है वे बेहद साधारण लोग थे और वे अपनी अंतरात्मा की आवाज पर अभियान में शामिल हुए थे तथा सबके लिए प्रेरणास्रोत बन गए। वादी ने कहा, रेगी वेटर थे, शिरीष एक स्टोर में काम करते थे और इंद्रेश सामान्य कामकाजी व्यक्ति थे लेकिन उन्होंने रंगभेद के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाया और अपने समय में महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बन गए। तीनों स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार के सदस्यों ने लोकतंत्र के लिए उनके योगदान से जुड़ी यादें साझा कीं। स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए दक्षिण अफ्रीका नेशनल डिफेंस फोर्स के पूर्व जनरल शिफिवी न्यंडा ने कहा, उनकी गैरमौजूदगी के बावजूद आज भी हम उनसे प्रेरणा ले सकते हैं।